
■ राजनीतिक प्रचार के लिए सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर रहे प्रधानमंत्री : ममता बनर्जी - 12


■ एलपीजी में 20 प्रतिशत डीएमई मिलाने से हर साल बचेंगे 34,200 करोड़ रुपये - 12


■ राजनीति में दिखावा जरूरी इसलिए कभी-कभी हमें शर्मिंदगी भरे काम भी करने पड़ते हैं : ट्रंप - 13


■ मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर को एक और साल का अनुबंध दिया गया - 14


आज का मौसम
41.0⁰ अधिकतम तापमान
26.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.41
सूर्यास्त 06.33


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| कानपुर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख शुक्ल पक्ष तृतीया 07:27 उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2083

सोमवार, 20 अप्रैल 2026, वर्ष 4, अंक 239, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये


# विपक्ष का आचरण द्रौपदी चीरहरण जैसा नारी सम्मान के खिलाफ अक्षम्य पाप: योगी

## नारी शक्ति वंदन संशोधन बिल पारित नहीं होने देने पर विपक्ष पर बोला तीखा हमला

● सीएम बोले, कांग्रेस, सपा, टीएमसी डीएमके समेत इंडी दलों को कभी माफ नहीं करेगी नारी शक्ति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** संसद में नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक को पारित नहीं होने देने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को विपक्ष पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने विपक्ष के आचरण की तुलना महाभारत के द्रौपदी चीरहरण प्रसंग से करते हुए इसे नारी सम्मान के खिलाफ अक्षम्य पाप बताया। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन का यह व्यवहार देश की नारी शक्ति कभी माफ नहीं करेगी।

भाजपा के राज्य मुख्यालय में रविवार को पत्रकार से बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और स्वावलंबन के लिए लगातार महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। लेकिन कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, टीएमसी और डीएमके जैसे दलों ने हर बार इन प्रयासों का विरोध किया। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष ने संसद में गैर-जिम्मेदाराना आचरण करते हुए महिलाओं को उनका अधिकार मिलने से रोकने का षड्यंत्र किया। मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि सरकार ने वर्ष 2023 में पारित अधिनियम को 2034 के बजाय वर्ष 2029 से लागू करने के लिए संशोधन प्रस्तावित किया था।

इसके तहत लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए सीटें बढ़ाने का प्रावधान किया गया था, ताकि किसी भी राज्य या वर्ग के अधिकार प्रभावित न हों। इसके बावजूद विपक्ष ने सहयोग नहीं किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्म के आधार पर आरक्षण की मांग संविधान की भावना के विपरीत है। उन्होंने इस संदर्भ में डॉ. भीमराव आंबेडकर और सरदार वल्लभभाई पटेल के विचारों का उल्लेख किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि संसद में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और डीएमके सहित इंडी गठबंधन के दलों ने जिस प्रकार का रवैया अपनाया, वह लोकतंत्र के लिए भी दुर्भाग्यपूर्ण है।


लखनऊ : भाजपा के राज्य मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पत्रकारों से वार्ता करते मुख्यमंत्री योगी।

### शाहबानो प्रकरण के समय मौन क्यों थे

योगी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के जरिए महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की दिशा में सरकार गंभीर थी और इसे वर्ष 2029 से लागू कराने के लिए संशोधन लाया गया था, लेकिन विपक्ष ने राजनीतिक कारणों से इसका विरोध किया। उन्होंने यह भी कहा कि जो दल आज मुस्लिम महिलाओं की बात करते हैं, वे शाहबानो प्रकरण के समय मौन थे और ट्रिपल तलाक कानून का भी विरोध करते रहे हैं, जो उनके दोहरे चरित्र को दर्शाता है।

### योगी ने गिनाई महिला सशक्तिकरण योजनाएं

योगी ने महिला सशक्तिकरण के लिए कई योजनाओं का उल्लेख किया। इनमें बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उज्ज्वला योजना और आयुष्मान भारत शामिल हैं। मुख्यमंत्री के अनुसार, इन योजनाओं के माध्यम से महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा और आर्थिक स्थिति को मजबूत किया जा रहा है। प्रदेश में लाखों महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर आर्थिक गतिविधियों में भाग ले रही हैं। इन प्रयासों से महिलाओं की सामाजिक और आर्थिक भागीदारी में वृद्धि हुई है।

# कानपुर में पिता ने जुड़वां बेटियों का गला घोंटा, फिर चापड़ से काट डाला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


हत्यारोपी शशि रंजन

● पत्नी पर शक के चलते की हत्या मारने के बाद शवों के पास बैठा रहा पिता, डेढ़ घंटे बाद खुद बुलाई पुलिस

● नौबस्ता थाना क्षेत्र के के-ब्लॉक त्रिमूर्ति अपार्टमेंट फेज-टू में सनसनीखेज वारदात, आरोपी गिरफ्तार


मारी गई बेटियां रिद्धी सिद्धी।

**अमृत विचार :** पत्नी पर शक के चलते नौबस्ता में के-ब्लाक किदवई नगर में शनिवार देर रात पिता ने अपनी 11 वर्षीय जुड़वां बेटियों का गला घोटने के बाद चापड़ से गला रेतकर हत्या कर दी। हत्या के बाद हत्यारोपी पिता शवों के साथ बैठा रहा। करीब डेढ़ घंटे बाद खुद पुलिस को फोन करके वारदात की सूचना दी और हत्या कबूल की। सूचना पर पुलिस फोर्स के साथ डीसीपी साउथ मौके पर पहुंचे। कमरे में फर्श पर दोनों बेटियों के खून से लथपथ शव मिले।

पुलिस ने दूसरा कमरा खुलवाया तो हत्यारोपी की पत्नी व बेटा अंदर सोते मिले। बेटियों की हत्या का पता चलने पर मां चीख पड़ी। पुलिस जांच में सामने आया कि वारदात रात करीब एक से तीन बजे के बीच हुई है। भोर पहर 4.32 बजे हत्या की खबर पुलिस को मिली। पुलिस ने जांच की और फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। मौके से खून से सना चापड़ व हथौड़ा बरामद हुआ है। रोती-बिलखती पत्नी एक ही रट लगाए रही कि पति को फांसी हो।

मूलरूप से बिहार के गया निवासी शशि रंजन मिश्रा चंडीगढ़ की वन रेमेडीज कंपनी में मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव है। नौबस्ता में के-ब्लाक किदवईनगर स्थित त्रिमूर्ति अपार्टमेंट फेज-टू में किराये पर रहता है। शशि रंजन ने सिलीगुड़ी कलीमनगर की रहने वाली रेशमा से 2014 में मंदिर में प्रेम विवाह किया था। रेशमा स्वरूपनगर स्थित पार्लर में काम करती थी, जहां दोनों की मुलाकात हुई थी। शशि की दोनों 11 वर्षीय जुड़वां बेटियां रिद्धि व सिद्धि मदर टेरेसा मिशन हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा पांच की छात्राएं थीं। बेटा रुद्रव यूकेजी का छात्र है। पुलिस के अनुसार आरोपी शशि ने पुलिस पूछताछ में कबूल किया कि शनिवार रात सभी ने साथ में खाना खाया। इसके बाद वह बेटियों को अपने कमरे में लेकर चला गया, जबकि पत्नी बेटे के साथ दूसरे कमरे में सोने चली गई। आदत के अनुसार वह देर रात तक मोबाइल चलाता रहा। इसके बाद मकान की अधिकांश लाइट बंद कर दीं। जिससे घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कुछ स्पष्ट न दिखे।

पत्नी रेशमा व बेटे के दूसरे कमरे में सो जाने पर रात करीब ढाई बजे वह एक बेटी को लेकर वॉशरूम गया और फिर वापस आकर लाइट बंद कर दी। इसके बाद उसने दोनों बेटियों का गला दबाकर बेहोश किया। फिर जमीन पर लिटाकर चापड़ से गला काटा व हथौड़े से वार किया। आशंका यह भी जताई जा रही है कि शशि ने पूरे परिवार को नशीली गोलियां खिलाई होंगी। पत्नी और बेटे रुद्रव को हत्या का पता तक नहीं चला। दोनों तब तक नहीं जागे जब तक पुलिस नहीं पहुंची। कमरे से बड़ी मात्रा में दवाएं बरामद हुई हैं, जिनकी जांच की जा रही है। पत्नी रेशमा के अनुसार पति उस पर शक करता था। मायके जाने पर अक्सर विवाद व मारपीट करता था। कई बार खाना तक नहीं खाने देता था। वह शराब का लती है। नींद की गोलियां भी लेता है। एक बार वह मायके चली गई थी तो आरोपी ने बेटियों को अपने पास ही रोक लिया था और बेटे को जाने दिया था। करीब नौ माह बाद वह लौटी थीं। डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

## ब्रीफ न्यूज

### बोकारो में मालगाड़ी का डिब्बा कार से टकराने के बाद पटरी से उतरा

**बोकारो।** झारखंड के बोकारो जिले में रविवार को लेवल क्रॉसिंग पर मालगाड़ी का एक डिब्बा कार से टकराने के बाद पटरी से उतर गया। अधिकारियों के अनुसार, यह दुर्घटना बोकारो थर्मल पुलिस थाना (बीटीपीएस) अंतर्गत ओवरब्रिज के पास हुई, जब मालगाड़ी दामोदर वैली कॉर्पोरेशन (डीवीसी) ऊर्जा संयंत्र से निकल रही थी। मामले में जांच की जा रही है। ट्रेन से टक्कर के बाद कार कुछ दूरी तक घिसटती रही, जिसके बाद ट्रेन रुक गई।

### ड्रोन आयात रिश्वत मामले में वरिष्ठ अधिकारी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने एक अन्य निजी कंपनी के लिए ड्रोन आयात की सुविधा प्रदान करने के बदले पर 2.5 लाख रुपये की रिश्वत लेने के मामले में एक प्रमुख कॉरपोरेट समूह के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भरत माथुर और नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के मुख्यालय, नई दिल्ली में 'एयरवर्दीनेस डायरेक्टरेट' के उप महानिदेशक मुदावथ देवुला को गिरफ्तार किया। आरोपी डीजीसीए के अधिकारी ने एक निजी एयरोस्पेस कंपनी के लिए डीजीसीए के पास लंबित आवेदनों की मंजूरी और संबंधित आदेश जारी करने के बदले में निजी व्यक्तियों से अनुचित लाभ की मांग की थी।

# पटाखा फैक्टरी में भीषण धमाका, 18 की गई जान

विरुधुनगर, एजेंसी

**तमिलनाडु की घटना**

● विरुधुनगर में हुआ हादसा, छह गंभीर, 100 से अधिक मजदूर कर रहे थे काम

● भीषण विस्फोट से तीन कमरे मलबे में तब्दील, आसपास की कई इमारतें को भारी नुकसान

तमिलनाडु के विरुधुनगर के निकट स्थित एक पटाखा फैक्टरी में हुए विस्फोट में 18 से अधिक श्रमिकों की मौत हो गई और छह अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। यह विस्फोट वाचकारपत्ती पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत कट्टनरपत्ती में मुथुमानिकम के स्वामित्व वाली 'वनजा' पटाखा फैक्टरी में हुआ। पुलिस और अग्निशमन अधिकारियों के अनुसार, घायल हुए छह लोगों में से चार की हालत नाजुक है और उनका विरुधुनगर सरकारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में इलाज जारी है।

प्रारंभिक जांच से पता चला है कि इस पटाखा निर्माण इकाई को नागपुर स्थित पेट्रोलियम और विस्फोटक सुरक्षा संगठन से लाइसेंस मिला हुआ है। परिसर में 100 से अधिक श्रमिक काम कर रहे थे। ऐसा माना जा रहा है कि विस्फोट बरामदे वाले क्षेत्र में हुआ, जहां श्रमिक कच्चे माल से पटाखों को अंतिम रूप दे रहे थे। विस्फोट का प्रभाव इतना भीषण था कि तीन कमरे मलबे में तब्दील हो गए और आसपास की कई इमारतें को भारी नुकसान पहुंचा। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, हमने अब तक 18 शव बरामद किए हैं, जिनमें से कई बुरी तरह जल चुके थे और उनकी पहचान करना मुश्किल था।

### पटाखे फटते रहने से बचाव में आई बाधा

सूत्रों के अनुसार, अग्निशमन और बचाव कर्मियों ने कई घंटों तक आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन शुरुआती विस्फोट के काफी देर बाद भी पटाखे फटते रहने के कारण बचाव अभियान में काफी बाधा आई। आशंका है कि मलबे के नीचे और भी श्रमिक फंसे हो सकते हैं। यह घटना इस क्षेत्र में इस वर्ष की सबसे घातक औद्योगिक दुर्घटना है।

### बचाव अभियान को दो मंत्री मौके पर मौजूद

इसी बीच, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने अपना दुख व्यक्त किया और कहा कि उन्होंने बचाव अभियान में तेजी लाने के लिए दो मंत्रियों को घटनास्थल पर भेजा है। स्टालिन ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, विरुधुनगर जिले के कट्टनरपत्ती में पटाखा फैक्टरी में हुए विस्फोट में कई लोगों की मौत की खबर से गहरा दुख हुआ है।

## गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के कपाट खुले, चारधाम यात्रा शुरू



**देहरादून।** अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर गंगोत्री एवं यमुनोत्री धाम के कपाट वैदिक मंत्रोच्चारण और पूजा-अर्चना के साथ खोल दिए गए। इसके साथ ही रविवार से उत्तराखंड की चारधाम यात्रा 2026 का भी शुभारंभ हो गया है। धार्मिक परंपराओं के अनुसार रविवार को मां गंगा की उत्सव डोली भैरव घाटी स्थित भैरव मंदिर से चलकर गंगोत्री धाम पहुंची। गंगोत्री धाम में विशेष पूजा व अभिषेक के साथ दोपहर 12:15 बजे गंगोत्री मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले गए।

# ईडी ने कोलकाता पुलिस उपायुक्त और अन्य व्यवसायी के परिसरों पर मारे छापे

● कार्रवाई अपराधी व उससे संबंधित गिरोह के खिलाफ धन शोधन मामले की जांच के तहत की गई

**कोलकाता।** ईडी ने धन शोधन मामले की जांच के तहत रविवार को कोलकाता पुलिस के उपायुक्त शांतनु सिन्हा बिस्वास और एक स्थानीय व्यवसायी के कोलकाता स्थित परिसरों पर छापेमारी की।

अधिकारियों ने बताया कि छापेमारी की यह कार्रवाई पश्चिम बंगाल में एक अपराधी और उससे संबंधित गिरोह के खिलाफ धन शोधन मामले की जांच के तहत की गई। बालीगंज क्षेत्र स्थित बिस्वास के आवास सहित उनसे संबंधित दो परिसरों और सन एंटरप्राइज नामक कंपनी के प्रबंध निदेशक जॉय कामदार के एक परिसर पर पीएमएलए के प्रावधानों के तहत छापा मारा गया। कामदार को अधिकारियों द्वारा पूछताछ के लिए स्थानीय ईडी कार्यालय ले जाया गया है। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल और कोलकाता पुलिस कल्याण समिति के मुख्य समन्वयक और नोडल अधिकारी बिस्वास अपने परिसर में मौजूद नहीं थे।

यह कार्रवाई बिस्वजीत पोद्दार उर्फ 'सोना पप्पू' नामक एक स्थानीय अपराधी के खिलाफ धन शोधन के मामले से जुड़ी है। उस पर हत्या के प्रयास और वसूली के आरोपों में कई मामले दर्ज हैं।

# युद्धविराम के दो दिन शेष ईरान नहीं खोलेगा होर्मुज

काहिरा/तेहरान, एजेंसी

● कहा- होर्मुज से हमारे जहाज नहीं निकले तो किसी के नहीं गुजरने देंगे, 2 और जहाज वापस लौटाए

ईरान ने अपने बंदरगाहों की नाकेबंदी जारी रहने तक होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों पर रोक लगाने के फैसले पर और कड़ा रुख अपना लिया है। अमेरिकी नाकाबंदी और ईरान के कड़े रुख के बीच मध्यस्थ युद्धविराम की अवधि बढ़वाने की कोशिश कर रहे हैं, जो बुधवार को खत्म हो जाएगी।

नाकेबंदी के कारण पाकिस्तान की मध्यस्थता में हो रही कोशिशें जटिल हो गई हैं और अब सवाल खड़ा हो गया है कि दो हफ्ते का संघर्षविराम आगे बढ़ पाएगा या नहीं। ईरान की संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकिर गालिबाफ ने शनिवार देर रात कहा, जब हमारे खुद के जहाज होर्मुज जलडमरुमध्य से नहीं गुजर सकते तो दूसरों को भी इस रास्ते से गुजरने देना असंभव है। अमेरिका के साथ बातचीत में ईरान के मुख्य वार्ताकार गालिबाफ ने अमेरिकी नाकाबंदी को अज्ञानता के कारण लिया गया एक नासमझी भरा फैसला बताया। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान अब भी शांति चाहता है, लेकिन अमेरिका पर गहरा अविश्वास बना हुआ है। गालिबाफ ने कहा, अभी भी बड़े मतभेद बरकरार हैं, और कुछ बुनियादी मुद्दे अब तक हल नहीं हुए हैं। रविवार को भी ईरान ने दो और जहाज को होर्मुज से लौटा दिया।

### भारतीय टैंकर ने होर्मुज को सुरक्षित पार किया

**नई दिल्ली।** भारत के ध्वज वाले एक तेल के टैंकर ने होर्मुज को सुरक्षित पार कर लिया। भारतीय टैंकर ने इस तनाव ग्रस्त जलमार्ग को ऐसे समय पार किया है, जब दो अन्य भारतीय जहाजों को गोलीबारी के बाद वापस लौटने के लिए मजबूर होना पड़ा था और भारत ने वाणिज्यिक जहाजों की सुरक्षा को लेकर अपनी चिंता को ईरान के साथ साझा किया था। पश्चिम एशिया में हो रहे घटनाक्रमों पर सरकार द्वारा दी गई अद्यतन जानकारी के मुताबिक, कच्चे तेल से भरा टैंकर देश गरिमा 18 अप्रैल को रणनीतिक जलमार्ग को पार कर गया और 22 अप्रैल को मुंबई पहुंचने की उम्मीद है। इस जहाज पर 31 भारतीय नाविक सवार थे।

### अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल आज पहुंचेगा पाकिस्तान

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति ट्रंप ने रविवार को कहा कि अमेरिकी वार्ताकार सोमवार को ईरान के साथ बातचीत के लिए पाकिस्तान पहुंचेंगे। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी।

# डिजिटल अरेस्ट से बचाएगा सीबीआई का चैटबॉट अभय

नई दिल्ली, एजेंसी



● लोगों को जारी किए गए नोटिस की प्रामाणिकता को सत्यापित करने में करेगा मदद

सीबीआई डिजिटल अरेस्ट से लोगों को बचाने के लिए सोमवार को एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता-संचालित चैटबॉट 'अभय' की शुरुआत करेगी, जो लोगों को जारी किए गए नोटिस की प्रामाणिकता को सत्यापित करने में मदद करेगा।

अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने अपने संस्थापक निदेशक के सम्मान में सोमवार को 22वें डी पी कोहली स्मारक व्याख्यान का आयोजन किया है और इसी अवसर पर सीजेआई सूर्यकांत चैटबॉट 'अभय' की औपचारिक शुरुआत करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधान न्यायाधीश 'साइबर अपराध की चुनौतियां - पुलिस और न्यायपालिका की भूमिका' विषय पर व्याख्यान देंगे। इस अवसर पर वह सराहनीय सेवा के लिए 24 पदक भी प्रदान करेंगे। सीबीआई के प्रवक्ता ने कई मामलों में यह सामने आया है कि सीबीआई अधिकारियों के रूप में खुद को पेश करने वाले ठगों ने एजेंसी की ओर से जारी किए गए फर्जी नोटिस दिखाकर जनता को धमकाया है, उन्हें 'डिजिटल अरेस्ट' किया है और इस दौरान करोड़ों रुपये की उगाही की है।

**सुप्रीम आदेश**

कोर्ट ने सड़क सुरक्षा पर देशभर के लिए जारी किए निर्देश, कहा- एक भी व्यक्ति की जान जाना, नागरिकों की रक्षा करने में राज्य की विफलता को दर्शाता है

# खतरे के कॉरिडोर बन रहे एक्सप्रेसवे, नए ढाबों पर रोक

नई दिल्ली, एजेंसी



सुप्रीम कोर्ट ने देशभर में सड़क सुरक्षा मजबूत करने के लिए कई निर्देश जारी करते हुए कहा है कि प्रशासनिक सुस्ती या बुनियादी ढांचे की कमियों के कारण एक्सप्रेसवे खतरे का गलियारा नहीं बनने चाहिए। न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति एएस चंदुरकर की पीठ ने कहा कि देश की सड़कों की कुल लंबाई का केवल दो प्रतिशत राष्ट्रीय राजमार्ग हैं लेकिन सड़क हादसों में होने वाली मौत की कुल संख्या में इनकी हिस्सेदारी करीब 30 प्रतिशत है।

पीठ ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, एनएचएआई और राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को सड़कें अधिक सुरक्षित बनाने के निर्देश दिए। पीठ ने कहा कि अवैध रूप से वाहन खड़ा करना या दुर्घटना संभावित स्थलों जैसे टाले जा सकने वाले खतरों के कारण एक भी व्यक्ति की जान जाना, नागरिकों की रक्षा करने में राज्य की विफलता को दर्शाता है। कोर्ट ने 13 अप्रैल के अपने आदेश में कहा, भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत दिया गया जीवन का अधिकार जीवन को केवल गैरकानूनी तरीके से छीने जाने के विरुद्ध गारंटी नहीं देता, बल्कि राज्य पर यह सकारात्मक दायित्व भी डालता है कि वह ऐसा सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करे, जहां मानव जीवन सुरक्षित रहे और उसका सम्मान हो। पीठ ने राजस्थान के फलोदी और तेलंगाना के रंगारेड्डी में दो और तीन नवंबर, 2025 को हुई सिलसिलेवार सड़क दुर्घटनाओं में 34 लोगों की मौत के बाद दर्ज किए गए स्वतः संज्ञान मामले में यह आदेश पारित किया। इन दुर्घटनाओं के लिए प्रणालीगत लापरवाही और विनाशकारी बुनियादी ढांचागत विफलताओं को जिम्मेदार ठहराया गया है।

### आर्थिक या प्रशासनिक बाधा मानव जीवन की शुचिता से अधिक महत्वपूर्ण नहीं

पीठ ने कहा कि न्यायालय इस बात को दोहराता है कि कोई भी आर्थिक या प्रशासनिक बाधा मानव जीवन की शुचिता से अधिक महत्वपूर्ण नहीं हो सकती और यहां दी गई सख्त समयसीमा इस संवैधानिक दायित्व की तात्कालिक आवश्यकता को दर्शाती है। उसने निर्देश दिया कि राजमार्ग पर वाहनों को कहीं भी खड़ा या रोका नहीं जाएगा। उन्नत यातायात प्रबंधन प्रणाली (एटीएमएस) के जरिये राज्य पुलिस को सतर्क किया जाएगा, जीपीएस आधारित तस्वीरों को साक्ष्य बनाया जाएगा जिनमें समय दर्शाया होगा और एकीकृत ई-चालान प्रणाली का इस्तेमाल होगा। निर्देशों का पालन एनएचएआई, राज्य पुलिस और राज्य परिवहन विभाग के अधिकारी एवं कर्मी करेंगे। संबंधित जिलों के जिला मजिस्ट्रेट मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करेंगे, जिसमें सभी एजेंसियों द्वारा नियमित निरीक्षण और गश्त का प्रावधान होगा। आदेश की तारीख से 60 दिन के भीतर इन निर्देशों का पालन किया जाना चाहिए।

### व्यावसायिक ढांचे के निर्माण व अन्य संचालन पर तत्काल रोक लगाई

महत्वपूर्ण निर्देशों में से एक निर्देश यह है कि किसी भी राष्ट्रीय राजमार्ग के मार्ग अधिकारी क्षेत्र में किसी नए ढाबे, भोजनालय या व्यावसायिक ढांचे के निर्माण अथवा संचालन पर तत्काल प्रभाव से रोक रहेगी। पीठ ने निर्देश दिया, जिला मजिस्ट्रेट सात अगस्त, 2025 की मानक संचालन प्रक्रिया और सीएनएच अधिनियम में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार 60 दिन के भीतर सभी नए या मौजूदा अनधिकृत ढांचों को हटाना सुनिश्चित करें। अदालत ने कहा कि कोई भी विभाग, प्राधिकरण या स्थानीय निकाय राजमार्ग सुरक्षा क्षेत्र के भीतर स्थित किसी स्थल के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण या लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की पूर्व अनुमति के बिना कोई लाइसेंस, अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) या व्यापार मंजूरी न दे और न ही उसका नवीनीकरण करे। ऐसे सभी मौजूदा लाइसेंस की 30 दिन के भीतर समीक्षा की जाए।

# सदियों के आक्रमणों के बावजूद सनातन आस्था अडिग

## लखनऊ से 'सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा' की मुख्यमंत्री योगी ने की शुरुआत, सांस्कृतिक चेतना का दिया संदेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लखनऊ में 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के तहत 'सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा उत्तर प्रदेश' की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि सदियों के आक्रमणों के बावजूद भारत की सनातन आस्था अडिग रही है और आज भी मजबूती से आगे बढ़ रही है। "जैसे आत्मा अजर-अमर है, वैसे ही सनातन आस्था भी अमर पथ का प्रतीक है," उन्होंने कहा।

गोमतीनगर रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में सीएम ने कहा कि विदेशी आक्रांताओं ने बार-बार भारत की संस्कृति और आस्था पर प्रहार किए, लेकिन वे इसे न तो तोड़ सके और न झुका पाए। सोमनाथ मंदिर पर हुए हमलों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि बर्बरता के बावजूद सनातन धर्म की शक्ति अक्षुण्ण रही और आज "यतो धर्मस्ततो जयः" के भाव के साथ पुनः शिखर पर स्थापित हो रही है।

- प्रदेश से 1000 से अधिक श्रद्धालु सोमनाथ धाम के लिए विशेष ट्रेन से रवाना

मुख्यमंत्री ने स्वतंत्र भारत में सोमनाथ मंदिर के पुनरुद्धार को सांस्कृतिक स्वाभिमान का प्रतीक बताते हुए सरदार वल्लभभाई पटेल और डॉ. राजेंद्र प्रसाद के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि बाधाओं के बावजूद सरदार पटेल के दृढ़ संकल्प से मंदिर का पुनर्निर्माण संभव हुआ।

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सांस्कृतिक पुनर्जागरण नई ऊंचाइयों पर पहुंच रहा है। अयोध्या में राम मंदिर, काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर सहित तीर्थों के विकास का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि अब काशी की जीवंतता, अयोध्या की मर्यादा, मथुरा-वृंदावन की भक्ति और प्रयागराज की समरसता एक साथ दिखाई देती है।



लखनऊ के गोमतीनगर रेलवे स्टेशन से सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा के तहत यात्रियों को विशेष ट्रेन से रवाना करते मुख्यमंत्री योगी।

उन्होंने बताया कि इस यात्रा के तहत प्रदेश से 1000 से अधिक श्रद्धालु गुजरात स्थित सोमनाथ धाम के लिए विशेष ट्रेन से रवाना हो रहे हैं। यह यात्रा देश को अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य करेगी। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, महापौर सुषमा खर्कवाल, मंत्री डॉ. संजय निषाद, विधायक डॉ. नीरज बोरा, ओपी श्रीवास्तव, एमएलसी पवन चौहान, मुकेश शर्मा, लालजी प्रसाद निर्मल व अपर मुख्य सचिव अमृत अभिजात मौजूद रहे।

### अयोध्या का नाम आते ही गूंजता है 'जय श्री राम'

सीएम योगी ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सांस्कृतिक अभियान नई ऊंचाइयों पर पहुंचा है। उन्होंने कहा कि कुछ वर्ष पहले तक अयोध्या में भव्य राम मंदिर की कल्पना कठिन थी, लेकिन आज देश-दुनिया में "जय श्री राम" का उद्घोष गूंज रहा है। अयोध्या का नाम सुनते ही हर भारतीय के मन में श्रद्धा उमड़ पड़ती है और वहां जाने की इच्छा जाग उठती है।

# श्रद्धालु बोले, सोमनाथ यात्रा से पूरी हुई वर्षों पुरानी इच्छा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए श्रद्धालुओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए कहा कि सरकार ने वर्षों से लंबित उनकी आस्था से जुड़ी इच्छा को सोमनाथ यात्रा से पूरा किया है।

प्रदेश में धार्मिक और सांस्कृतिक चेतना को नई दिशा देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को लखनऊ से 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के अंतर्गत सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा (उत्तर प्रदेश) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शंखनाद और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच शुरू हुई इस यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिला।

मुजफ्फरनगर के सतीश कुमार भावुक होते हुए बोले कि वर्षों से बाबा सोमनाथ के दर्शन की इच्छा थी, लेकिन कभी अवसर नहीं मिला। इस पहल से उनका सपना साकार हुआ है। वहीं बरेली की बिंदु इशिका सिंघानिया ने कहा कि यह यात्रा केवल दर्शन नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति को जोड़ने का माध्यम है, जिससे युवा पीढ़ी अपनी परंपराओं से जुड़ सकेगी। आजमगढ़ के अनंत तिवारी ने इसे आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए वरदान बताते हुए कहा कि पहले साधन न होने के कारण लोग तीर्थ यात्रा नहीं कर पाते थे, लेकिन अब सभी को समान अवसर मिल रहा है। मेरठ के अनंत राणा ने भी पहली बार सोमनाथ दर्शन के अवसर को ऐतिहासिक बताते हुए सरकार का आभार जताया।

- श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री योगी का आभार जताया

## न्यूज ब्रीफ

### 15 मेडिकल कॉलेजों को 625 करोड़ रुपये मंजूर

**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालयों को बड़ी राहत देते हुए वेतन मद में 625 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। यह स्वीकृति अनुदान संख्या-31 के अंतर्गत मानक मद-31 (सहायता अनुदान-सामान्य/वेतन) में प्रदान की गई है। चिकित्सा शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव चंद्र शेखर मिश्र द्वारा जारी आदेश के अनुसार, यह धनराशि फेज-1 के पांच, फेज-2 के आठ मेडिकल कॉलेजों के साथ जौनपुर और बलरामपुर मेडिकल कॉलेज को दी जाएगी। इस फैसले से प्रदेश के कुल 15 स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालयों को लाभ मिलेगा। बजट पाने वाले मेडिकल कॉलेजों में अयोध्या, बस्ती, बहराइच, फिरोजाबाद, शाहजहांपुर, एटा, फतेहपुर, गाजीपुर, हरदोई, मीरजापुर, प्रतापगढ़, सिद्धार्थनगर, देवरिया, जौनपुर तथा बलरामपुर के मेडिकल कॉलेज शामिल हैं।

### शराब पीकर ड्यूटी करने पर वार्ड बॉय निलंबित

**अमृत विचार, लखनऊ:** बांदा जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विसंडा में वार्ड बॉय द्वारा शराब के नशे में ड्यूटी करने और अधिकारियों के प्रति अमर्यादित व्यवहार करने का मामला सामने आया है। इसका वीडियो 10 अप्रैल को वायरल होने के बाद प्रशासन हरकत में आया। अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित कुमार घोष ने मामले का संज्ञान लेते हुए संबंधित वार्ड बॉय सुशील कुमार के निलंबन के निर्देश दिए। इसके बाद मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बांदा ने तत्काल प्रभाव से उसे निलंबित कर दिया। बताया गया कि प्रभारी चिकित्साधिकारी ने पहले कर्मचारी से स्पष्टीकरण मांगा था, लेकिन संतोषजनक जवाब न मिलने पर यह कार्रवाई की गई। मामले की जांच के लिए समिति गठित कर दी गई है।

### मातृशक्ति को पीएम मोदी के कार्यक्रम की कमान

**अमृत विचार, लखनऊ:** वाराणसी में 28 अप्रैल को प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर भाजपा ने सक्रियता तेज कर दी है। रविवार को प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा पर मंथन किया और इसकी कमान पूरी तरह मातृशक्ति को सौंप दी। बैठक में महानगर और जिला इकाइयों के साथ जनसंपर्क अभियान, बूथ स्तर तक जिम्मेदारियों के निर्धारण और कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा हुई। खास बात यह रही कि महिला सहभागिता को केंद्र में रखते हुए महिला मोर्चा की पदाधिकारियों को अहम जिम्मेदारियां दी गईं। उन्होंने जोर दिया कि यह आयोजन न केवल राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण होगा, बल्कि महिला नेतृत्व और सामर्थ्य का भी सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करेगा।

### महिला रेल कर्मियों ने देखा जंगल सफारी

**अमृत विचार, लखनऊ:** पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कर्मचारी कल्याण निधि के तहत कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य के लिए एक दिवसीय निशुल्क जंगल सफारी का आयोजन किया। कार्यक्रम में गोंडा और बलरामपुर की 18 महिला रेल कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने दुर्लभ वन्यजीवों और वनस्पतियों का अवलोकन कर प्रकृति के करीब समय बिताया।

# राहत : तकनीकी जांच तक पुराने मीटर बदलने पर फिलहाल रोक

## ऊर्जा मंत्री ने समीक्षा बैठक कर जारी किए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** प्रदेश में स्मार्ट बिजली मीटर को लेकर बढ़ते विवाद के बीच योगी सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। प्रदेश में पुराने मीटरों को स्मार्ट/प्रीपेड मीटर से बदलने की प्रक्रिया फिलहाल रोक दी गई है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने शक्ति भवन, लखनऊ में अधिकारियों के साथ रविवार को समीक्षा बैठक के बाद यह निर्देश जारी किए।

मंत्री ने स्पष्ट किया कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं का बैलेंस शून्य होने पर भी अधिकतम तीन दिन तक या दो किलोवाट भार तक 200 रुपये के नेगेटिव बैलेंस की सीमा तक बिजली आपूर्ति बाधित नहीं की जाएगी। साथ ही हाल में लगे मीटरों के लिए 15 दिन की कन्वर्जन अवधि और उसके बाद 30 दिन यानी कुल 45 दिन तक किसी भी उपभोक्ता का कनेक्शन नहीं काटा जाएगा। सबसे बड़ा फैसला यह लिया गया कि तकनीकी समिति की रिपोर्ट आने तक पुराने मीटरों को स्मार्ट मीटर से बदलने की प्रक्रिया पर तत्काल प्रभाव से रोक रहेगी। स्मार्ट मीटर की गुणवत्ता की जांच के लिए चार सदस्यीय उच्चस्तरीय समिति गठित की गई है, जो 10 दिन में अपनी रिपोर्ट देगी।

- स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को मिलेगा पांच स्तरीय एसएमएस अलर्ट और 45 दिन कनेक्शन न काटने का फैसला

उपभोक्ताओं को समय रहते जानकारी देने के लिए पांच स्तरीय एसएमएस अलर्ट प्रणाली लागू की जाएगी। इसके तहत बैलेंस 30% होने पर पहला, 10% पर दूसरा, बैलेंस खत्म होने पर तीसरा, डिस्कनेक्शन से एक दिन पहले चौथा और कटने के बाद पांचवां संदेश भेजा जाएगा। ऊर्जा मंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि रविवार और अन्य अवकाश के दिनों में किसी भी स्थिति में बिजली कनेक्शन नहीं काटा जाएगा। साथ ही बिल भुगतान के बाद तुरंत बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए 24×7 व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है।

उपभोक्ताओं की शिकायतों के निस्तारण के लिए टोल फ्री नंबर 1912, आधिकारिक वेबसाइट और व्हाट्सएप चैटबॉट की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ ही स्मार्ट मीटर से जुड़ी जानकारी के लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।

# नारी शक्ति वंदन विधेयक पर सियासी संग्राम

## 33 प्रतिशत आरक्षण बिल गिरने पर महिला नेताओं ने जताया कड़ा विरोध

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** संसद में नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक पारित न होने के बाद प्रदेश में सियासत गरमा गई है। भाजपा की महिला नेताओं और विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी महिलाओं ने विपक्षी दलों पर महिलाओं का हक छीनने का आरोप लगाते हुए तीखी प्रतिक्रिया दी है।

महिला नेताओं का कहना है कि यह विधेयक लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने से जुड़ा था, लेकिन विपक्ष ने इसे पारित नहीं होने दिया। इसे नारी विरोधी कदम बताते हुए उन्होंने कहा कि विपक्ष की यह राजनीति आगामी चुनावों में उसे भारी पड़ेगी।

प्रदेश सरकार की मंत्री बेबी रानी मौर्य ने तीखा सवाल उठाते हुए कहा कि क्या सिर्फ डिम्पल यादव को ही संसद में जाने का अधिकार है? उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का महिला विरोधी चेहरा सामने आ गया है।

मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के लिए अभूतपूर्व कार्य हुए हैं, जिसमें तीन तलाक जैसी कुप्रथा से मुक्ति भी शामिल है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने का समय आया, तो विपक्ष ने बाधा डाल दी।

मंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि विपक्ष का मूल स्वभाव ही विकास कार्यों में अड़ंगा लगाने का रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि महिलाओं को आरक्षण मिलने से सशक्त भारत का सपना साकार होता, जिसे विपक्ष नहीं चाहता।

भाजपा विधायक अदिति सिंह ने कहा कि संसद में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से देश के विकास को नई गति मिलेगी, लेकिन परिवारवाद की राजनीति करने वाले दल इसका विरोध कर रहे हैं।

### काला दिवस के रूप में जाना जाएगा 17 अप्रैल : अन्नपूर्णा देवी

**अमृत विचार, लखनऊ :** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला और 17 अप्रैल को "काला दिवस" बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए व्यापक कार्य किए गए हैं, लेकिन विपक्ष ने राजनीतिक कारणों से विधेयक का विरोध किया।

भाजपा राज्य मुख्यालय पर मुख्यमंत्री योगी से पहले उन्होंने कहा कि संसद में नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक पर हुई चर्चा सार्थक रही, लेकिन कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और डीएमके सहित विपक्षी दलों ने इसका विरोध कर महिलाओं की आकांक्षाओं को ठेस पहुंचाई। केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि इन दलों ने हमेशा की तरह इस बार भी विधेयक को लटकाने, भटकाने और अटकाने की राजनीति अपनाई। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश की महिलाएं अब अधिक जागरूक और सशक्त हो चुकी हैं तथा हर क्षेत्र में अपनी भागीदारी दर्ज करा रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं अपने अधिकारों के खिलाफ खड़े होने वालों को लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देंगी।


प्रेस कांफ्रेंस में केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, मुख्यमंत्री योगी व अन्य।

# नई पीढ़ी की महिलाएं भाजपा के झांसे में नहीं आने वाली

## महिला आरक्षण बिल पर सपा प्रमुख अखिलेश ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि लोकसभा में महिला आरक्षण संशोधन विधेयक में हार के बाद भाजपा में बौखलाहट और हताशा है। चुटकी लेते हुए उन्होंने कहा कि जब बीती रात 8 बजे प्रधानमंत्री के संबोधन की खबर आई, तो सबको लगा कि शायद किसी महिला को प्रधानमंत्री बनाने का ऐतिहासिक ऐलान होगा, लेकिन हाथ सिर्फ मायूसी हाथ लगी।

पार्टी मुख्यालय में सपा प्रमुख कार्यकर्ताओं और पार्टी पदाधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा यह पार्टी पहले लोगों को बांटती है और फिर उन्हें डराकर अपने पाले में लाने की कोशिश करती है, लेकिन अब यह भय का खेल जनता के बीच नहीं चलने वाला। भाजपा पुरानी सोच वाली महिलाओं को तो शायद वे गुमराह कर लें, लेकिन आज के दौर की जागरूक और पढ़ी-लिखी महिलाएं समझ चुकी हैं। 33 प्रतिशत महिला आरक्षण के नाम पर वह अपनी मनमानी करना चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा विपक्ष विशेषकर उत्तर प्रदेश में सपा का विरोध प्रायोजित षड्यंत्र के तहत कर रही है। भाजपा के दूषित और भ्रामक प्रचार तंत्र के जवाब धरना-प्रदर्शन के बजाय सपा की महिलाओं और कार्यकर्ताओं को संयम से काम लेना चाहिए और धरना-प्रदर्शन से बचना चाहिए।


सपा प्रमुख अखिलेश यादव

### चाय पिलाने वाले को भेंट किए पीतल के बर्तन

**अमृत विचार :** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने फतेहपुर में जिस चाय वाले के यहां पर चाय पी थी। उस चाय वाले शेषमन यादव को सपा कार्यालय में पीतल के बर्तन भेंट किए। चाय दुकान चलाने वाले शेषमन ने बताया कि अखिलेश भैया के दुकान पर आने के बाद 16 अप्रैल को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग के अधिकारी आए और पूछा कि एल्युमिनियम के बर्तन में चाय क्यों बनाते हो ? उन्होंने दुकान बंद करने की चेतावनी दी थी। दुकान चलाना मुश्किल कर दिया था। साथ ही कहा कि यह सरकार गरीबों को परेशान कर रही है।

# हैदराबाद से पाकिस्तानी हैंडलर्स तैयार कर रहे आतंक का नेटवर्क

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** देश में हिंसात्मक गतिविधियों और सांप्रदायिक दंगे भड़काने की साजिश रच रहे एक संगठित नेटवर्क का एटीएस ने बड़ा खुलासा किया है। जांच में सामने आया कि दुबई और दक्षिण अफ्रीका में बैठे युवक पाकिस्तानी हैंडलर्स के निर्देश पर इस गिरोह का संचालन कर रहे थे, जबकि हैदराबाद से इसका नेटवर्क सक्रिय रूप से संचालित हो रहा था।

एटीएस ने 3 अप्रैल को लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन के पास से साकिब, अरबाब, विकास और लोकेश को गिरफ्तार किया था। इसके बाद हापुड़ पुलिस ने अजीम राणा को दबोचा, जबकि बिजनौर पुलिस ने शनिवार को दक्षिण अफ्रीका से दिल्ली पहुंचे आरोपी मैजुल को हिरासत में लेकर गिरफ्तार किया। अब तक इस मामले में सात आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है। मुख्य आरोपी आकिब और उसका साथी आजाद समेत तीन आरोपियों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया है और उनकी तलाश जारी है।

- एटीएस व बिजनौर पुलिस कर रही मास्टरमाइंड समेत तीन अन्य आरोपियों की तलाश

जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए युवाओं को भड़काकर उन्हें देशविरोधी और आतंकी गतिविधियों से जोड़ने का काम कर रहे थे। आरोपियों के पास से बरामद सात मोबाइल फोन में आगजनी, विस्फोट और हथियारों के प्रदर्शन से जुड़े कई आपत्तिजनक वीडियो मिले हैं। एक वीडियो में मुख्य आरोपी आकिब एके-47 और हैंड ग्रेनेड के साथ दिखाई दिया, जिसे सोशल मीडिया पर साझा किया गया था।

एटीएस की जांच में हैदराबाद कनेक्शन भी उजागर हुआ है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपियों के तार पाकिस्तानी गैंगस्टर शहजाद भट्टी के नेटवर्क से जुड़े हैं। अजीम राणा के माध्यम से हैदराबाद में संपर्क स्थापित किए गए थे, जहां से नेटवर्क को दिशा मिल रही थी। इसके अलावा, कुछ आरोपी सैलून में काम करते हुए युवाओं को जोड़ने और उन्हें भड़काने का काम कर रहे थे।

मामले में एटीएस और अन्य केंद्रीय एजेंसियां लगातार पूछताछ कर नेटवर्क की गहराई तक पहुंचने में जुटी हैं।

# सखी एप से जुड़ नहीं पाए स्वयं सहायता समूह, कई जिलों की प्रगति खराब

**अमृत विचार, लखनऊः** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूह संगठित नहीं हो पाए हैं। समूहों को ग्राम संगठन और संकुल स्तरीय संघ से जोड़ने के लिए सखी एप (लोकोश) पर मैप करने में कई जिलों की प्रगति खराब है। इस कारण समूह को धनराशि निर्गत नहीं हो पा रही है।

मिशन के तहत गांव-गांव संचालित समूहों के माध्यम से महिलाएं घर बैठे बड़ा-छोटा काम करके आजीविका चलाती हैं। इन समूह को और बेहतर व हाईटेक बनाने के लिए ग्राम पंचायत और ब्लॉक स्तर पर संगठित करना है। पहले समूहों को लोकोस एप पर मैपिंग करके ग्राम संगठन से जोड़ना है। इसके बाद ग्राम संगठन को संकुल स्तरीय संघ से जोड़ना है। मिशन स्तर पर समीक्षा की गई तो ग्राम संगठन में हाथरस, गाजीपुर, ललितपुर, महारागंज, बलिया, शाहजहांपुर, सीतापुर आदि जिलों की प्रगति बेहद खराब मिली। जबकि संकुल स्तरीय संघ में महाराजगंज, बरेली, गाजीपुर, उन्नाव और मुरादाबाद की प्रगति सर्वाधिक खराब मिली। इस कारण समूहों को मिशन द्वारा सीआईएफ की धनराशि निर्गत करना संभव नहीं हो पा रहा है। मिशन से मिलने वाली धनराशि से ही समूहों का संचालन होता है। भुगतान के लिए समूहों का ग्राम संगठन और संकुल स्तरीय संघ से 100 फीसद मैप होना जरूरी है। मिशन निदेशक ने 100 फीसद लक्ष्य पूर्ति करने के निर्देश दिए हैं।

### डिप्थीरिया-टिटनेस से बचाव को टीडी टीकाकरण अभियान आज से

**अमृत विचार, लखनऊ :** डिप्थीरिया और टिटनेस जैसे गंभीर संक्रामक रोगों से बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रदेश में सोमवार से 30 अप्रैल तक स्कूल-आधारित टिटनेस-डिप्थीरिया (टीडी) टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान सभी सरकारी और सहायता प्राप्त विद्यालयों में संचालित होगा। राज्य प्रतिरक्षण अधिकारी ने बताया कि डिप्थीरिया के मौसमी खतरे को देखते हुए 20, 21, 23, 24, 27 और 28 अप्रैल को विशेष टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाएंगे। अभियान के दौरान कक्षा 1 के बच्चों को डीपीटी-2 बूस्टर, कक्षा 4 व 5 के बच्चों को टीडी-10 तथा कक्षा 10 व 11 के छात्रों को टीडी-16 का टीका लगाया जाएगा।

**पहल** — 6 जिलों के 50 केंद्रों पर 39 हजार अभ्यर्थियों ने दी सहायक आचार्य पुनर्परीक्षा

# एआई निगरानी और ओएमआर स्कैनिंग से हुई पारदर्शी परीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** उप्र. शिक्षा सेवा चयन आयोग की ओर से सहायक आचार्य की लिखित पुनर्परीक्षा शनिवार और रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न कराई गई। 16 विषयों की यह परीक्षा प्रदेश के छह जिलों आगरा, मेरठ, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर और वाराणसी के 50 केंद्रों पर दो पालियों में आयोजित हुई। एआई निगरानी और प्रयागराज में ओएमआर स्कैनिंग के पायलट प्रोजेक्स से पारदर्शिता की नई पहल सामने आई।

परीक्षा सुबह 9:30 से 11:30 बजे और दोपहर 2:30 से 4:30 बजे तक आयोजित की गई। आयोग ने परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए एआई इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड रूम से सभी केंद्रों की निगरानी की।

आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने स्वयं प्रयागराज के कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। यहां पारदर्शिता बढ़ाने के लिए एक अभिनव प्रयोग के तहत पांच केंद्रों पर ओएमआर शीट की स्कैनिंग परीक्षा समाप्त होते ही परीक्षार्थियों और कक्ष निरीक्षकों की उपस्थिति में कराई गई। इस प्रक्रिया की समीक्षा भी अध्यक्ष ने मौके पर पहुंचकर की। दो दिनों में कुल 39,192 अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। 18 अप्रैल को 19,718 परीक्षार्थी और 19 अप्रैल को 19,474 परीक्षार्थी शामिल हुए।


पुनर्परीक्षा के दौरान निरीक्षण करते आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार।

### मदरसा बोर्ड परीक्षा में 18.29 फीसद बढ़े विद्यार्थी

**अमृत विचार, लखनऊ :** वर्ष 2026 की मदरसा बोर्ड परीक्षा में छात्र-छात्राओं की संख्या में 18 .29 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2025 में जहां 68,423 विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया था, वहीं इस बार 80,933 परीक्षार्थी शामिल हुए। यानी कुल 12,510 छात्रों की बढ़ोतरी हुई है। मदरसा शिक्षा परिषद की ओर से आयोजित मुंशी/मौलवी (सेकेंडरी) और आलिम (सीनियर सेकेंडरी) परीक्षाएं 9 फरवरी को प्रदेशभर में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई थीं। आंकड़े यह भी बताते हैं कि रीक्षा को नकलविहीन और निष्पक्ष बनाने के लिए इस बार व्यापक इंतजाम किए गए थे। मदरसा शिक्षा परिषद के अनुसार, परीक्षा परिणाम मई माह में जारी किए जाने की तैयारी अंतिम चरण में है।

# महिलाओं को गन्ना समिति परिसर में मिलेगा मुफ्त स्थान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** अब गन्ना सहकारी समितियों के परिसरों में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को व्यवसाय शुरू करने के लिए निशुल्क स्थान उपलब्ध कराया जाएगा। इस पहल के तहत महिलाएं 'प्रेरणा कैंटीन' और अपने उत्पादों के प्रदर्शन व बिक्री के लिए मार्केटिंग सेंटर संचालित कर सकेंगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग और उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के बीच इस संबंध में एमओयू साइन किया गया है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को स्वरोजगार के नए अवसर मिलेंगे और वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगी। गन्ना आयुक्त मिनिस्थी एस. के अनुसार, गन्ना समितियां अपने परिसरों में उपलब्ध खाली स्थान को महिलाओं के समूहों को देंगी। शुरुआती दो वर्षों तक इन स्थानों के लिए कोई किराया नहीं लिया जाएगा। इसके बाद भी महिलाओं को केवल 50 प्रतिशत किराया ही देना होगा, जो जिला प्रशासन द्वारा तय सर्किल रेट के अनुसार निर्धारित होगा।

- दो विभागों के बीच एमओयू, स्वयं सहायता समूह खोलेंगे प्रेरणा कैंटीन व मार्केटिंग सेंटर

अनुराग हेल्थ केयर प्रा. लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर जिले भर में हुए कार्यक्रम

## शहर के नगरकोटि स्थित पीताम्बरा माई मंदिर में विशेष पूजन, अर्चन हुआ


नगरकोटि मंदिर में भगवान परशुराम की आरती उतारते विपिन दीक्षित। अमृत विचार


मकरंदनगर में समाज के लोगों के साथ जयंती मनाते शेखर गिहार। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर जिले भर में कार्यक्रमों और शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस क्रम में नगर के सिद्ध पीठ नगर कोटि पीताम्बरा माई मंदिर परिसर मे बने भगवान परशुराम मंदिर में विशेष पूजन, अर्चन, पुष्पांजलि, माल्यार्पण एवं आरती की गई।

• मुख्य अतिथि ने भगवान परशुराम का पूजन अर्चन किया

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विपिन दीक्षित ने भगवान परशुराम का पूजन अर्चन किया। विवेक पाठक, सुशील दुबे, विजय तिवारी, रवि तिवारी ने भी माल्यार्पण कर पूजन किया। परशुराम सेना प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव विष्णु कुमार शुक्ला बिब्बी ने मुख्य अतिथि को भगवान परशुराम का चित्र भेंट किया तथा प्रकाश शर्मा ने पटका पहनाकर स्वागत किया।

इस मौके पर दीपक अवस्थी, आशू दुबे, राजू शुक्ला, संजय दीक्षित, अमित मिश्रा, नगर कोटि मां पीताम्बरा माई मंदिर कमेटी के अध्यक्ष अशोक शुक्ला, सर्वेश दुबे, अरुण अग्निहोत्री, प्रिन्स श्रीवास्तव, दीवा ठाकुर, सागर दुबे सहित तमाम भक्त रहे। आचार्य वैभव तिवारी एवं बालक राम तिवारी ने पूजन कराया।

उधर मकरंदनगर में गिहार समाज के लोगों ने भी भगवान परशुराम की जयंती मनाई। नेतृत्व कर रहे शेखर गिहार ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पूजन अर्चन किया। इस दौरान गिहार समाज के लोग मौजूद रहे।

## जलालाबाद में धूमधाम से निकाली गई भगवान परशुराम की शोभायात्रा

संवाददाता जलालाबाद, कन्नौज

**अमृत विचार।** कस्बा में भगवान परशुराम की जयंती पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया।

रविवार को शोभायात्रा का शुभारंभ मनी भूषण शिक्षण संस्थान के मैदान से हुआ। यात्रा में शामिल श्रद्धालु भगवान परशुराम के जयकारे लगाते हुए प्रमुख मार्गों से होकर गुजरे। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा कस्बा के विभिन्न मार्गों से भ्रमण करते हुए निर्धारित स्थल पर पहुंच कर संपन्न हुई।

आयोजकों ने बताया कि परशुराम जयंती का उद्देश्य समाज में धर्म, परंपरा और संस्कृति के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस दौरान अनिल द्विवेदी सत्येंद्र कुमार दुबे (छन्नू), शिवदत्त मिश्रा बजरंग सिंह चौहान, मलिक पांडेय, गीता पाठक, अजीत द्विवेदी, अनुपम तिवारी, स्वदेश मिश्रा, श्याम किशोर पाठक , अशोक तिवारी, संजीव तिवारी, भोला गुप्ता, मंगलम पांडे, अमित मिश्रा, शुभम त्रिपाठी, कन्हैया तिवारी, सचिन पाठक, पीयूष द्विवेदी, सोनम तिवारी, अमन तिवारी, लखपति दुबे, विनय अवस्थी, अजीत पांडे, प्रशांत पाठक, राघव, सौरभ पाठक, श्याम दुबे, शिवम दुबे, रामजी दुबे, सत्यम पाठक, होरीलाल दुबे, रामरूप दुबे आदि रहे।


भगवान परशुराम की शोभायात्रा में मौजूद लोग। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### दौलेश्वर में रुद्राभिषेक व सुंदरकांड पाठ

**तिर्वा।** श्री दौलेश्वर धाम में प्रशासन ने रुद्राभिषेक तथा सुंदर कांड का पाठ कराया। रविवार को तहसील प्रशासन ने कस्बा स्थित श्री दौलेश्वर धाम में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया। दोपहर को सुंदर कांड का पाठ किया गया और शाम को रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। उपजिलाधिकारी राजेश कुमार, तहसीलदार अवनीश कुमार, सीओ कुलवीर सिंह, खंड विकास अधिकारी सोनिया श्रीवास्तव व ग्राम किनौरा के प्रधान कुलदीप सिंह ने पूजा अर्चना की। कार्यक्रम में विधायक कैलाश राजपूत, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता, श्यामू राजपूत मिथिलेश बाथम, आशु मिश्रा, संजू ठाकुर, अक्षय दुबे, रामऔतार मनवासिया, रामजी गुप्ता शामिल हुए।

### मौरंग से ओवरलोड डंपर पकड़ा, जुर्माना

**तिर्वा।** ठठिया थाना क्षेत्र में देर रात चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने एक ओवरलोड डंपर को पकड़ लिया। इसमें मौरंग भरी थी। पुलिस की सूचना पर खनन निरीक्षक पहुंचे और 47,800 रुपये का जुर्माना लगाया। थाना प्रभारी संजीव कुमार अपनी टीम के साथ सुर्सी चौकी क्षेत्र में शनिवार रात एक बजे वाहनों की जांच कर रहे थे। इसी दौरान कानपुर देहात की ओर से मौरंग लादकर कन्नौज सीमा में प्रवेश कर रहे डंपर को रोक लिया और जांच के लिए थाने ले आए। सूचना पर पहुंचे खनन निरीक्षक राजीव रंजन ने डंपर के दस्तावेजों की जांच की। वाहन के कागजात अधूरे थे और रॉयल्टी से संबंधित आवश्यक दस्तावेज भी मौजूद नहीं थे। इस पर खनन विभाग ने डंपर पर जुर्माना लगाया। थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में ओवरलोडिंग के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### डिवाइडर से टकराई कार, एक ही परिवार के 5 लोग घायल

**छिबरामऊ।** कानपुर जा रहे श्रद्धालुओं की कार रविवार शाम हादसे का शिकार हो गई। मैनपुरी के ग्राम जागीर निवासी संत कुमार (48) अपनी पत्नी संजू लता (45) के साथ कानपुर में आईआईटी की कोचिंग कर रहे अपने बेटे दिव्यांश से मिलने जा रहे थे। उनके साथ उनके मित्र संदीप (42), उनकी पत्नी सोनम (40) और पुत्र चित्रांशू (16) (निवासी जहानगंज, फर्रुखाबाद) भी कार में सवार थे। जैसे ही इनकी कार सिकंदरपुर के पास कमलेश कुमारी पेट्रोल पंप के ठीक सामने पहुंची, अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गाड़ी में सवार पांचों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल मौके पर घायलों को कार से बाहर निकाला। सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस की मदद से घायलों को सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया गया। सभी का प्राथमिक उपचार जारी है और परिजनों को सूचित कर दिया गया है।

## ज्ञान और पराक्रम के प्रतीक थे विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम

संवाददाता गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** कस्बा के रामगंज बाईपास स्थित एक गेस्ट हाउस में विष्णु जी के छठे अवतार भगवान परशुराम की जयंती धूमधाम से मनाई गई। मौजूद लोगों ने उनके चित्र पर फूल माला चढ़ाई और समाज को संगठित रखने की बात कही।

रविवार को ब्राह्मण सेवा समिति की ओर से रविवार को परशुराम जयंती मनाई गई। एक गेस्ट हाउस में हुए कार्यक्रम में लोगों ने उनके चित्र पर फूलमाला चढ़ाकर नमन किया। वरिष्ठ समाजसेवी रामकुमार पाठक ने कहा कि विष्णु जी के छठे अवतार परशुराम जी ज्ञान और पराक्रम के प्रतीक थे। वे शस्त्र और शास्त्र के ज्ञाता थे। अन्याय के विरुद्ध साहस और धर्म की रक्षा की प्रेरणा देते थे। भाजपा जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी ने कहा कि परशुराम महान योद्धा थे। हमें उनके आदर्शों पर चलना चाहिए और समाज को संगठित रखना चाहिए।

इस दौरान राजीव द्विवेदी, विजय मिश्रा, संतोष पांडे, राजेश दुबे, वरिष्ठ अधिवक्ता पीयूष चतुर्वेदी, नीरज मिश्रा, धर्मेंद्र शुक्ला सहित आदि मौजूद थे।



गुरसहायगंज में भगवान परशुराम के चित्र पर फूलमाला चढ़ाते लोग। अमृत विचार

## तिर्वा में भव्य शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

संवाददाता तिर्वा

**अमृत विचार।** अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम के जन्मोत्सव की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। इसमें क्षेत्र के ब्राह्मण समाज के हजारों लोगों का हुजूम उमड़ा।

रविवार को परशुराम सेवा समिति द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। महेंद्र नीलम जनता इंटर कालेज से आयोजक अजय चतुर्वेदी सहित अन्य ब्राह्मण समाज के लोगों ने पूजन अर्चन किया। इसके उपरांत विशाल शोभा यात्रा शुरू हुई। यात्रा कॉलेज से काली माता मंदिर तिराहे से होते हुए गांधी चौराहा पहुंची जहां नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। यात्रा मुख्य मार्ग से होती हुई ठठिया चौराहे से आकर अन्नपूर्णा मंदिर के पास गेस्ट हाउस में संपन्न हुई। नगरवासियों ने जगह जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। समाज सेवियों ने जगह-जगह स्टाल लगाकर लोगों को शर्बत वितरित किया। इस मौके पर विधायक कैलाश सिंह राजपूत, भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने भगवान को फूलमाला पहनाकर वंदना की। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता, कक्कू चौहान ने स्टाल लगाकर लोगों को शीतल पेय उपलब्ध कराया।

आयोजन सीमित के रमेश शुक्ला, कोषाध्यक्ष संजय पाठक, त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी, वैभव तिबारी, , मोनू द्विवेदी, रिकू तिवारी अविरल चतुर्वेदी, प्रधानाचार्य मदन मोहन चतुर्वेदी, आशु मिश्रा ,संजू ठाकुर अक्षय दुबे, धर्मेंद्र प्रदीप चौबे नदसिया , सभासद शिशु पाल सिंह चौहान, अवनीश पटेल, योगेश चतुर्वेदी, आयुष तिवारी, हरिश्चंद्र दुबे, श्यामू राजपूत , मिथलेश बाथम सहित सैकडो की संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद रहे। भगवान परशुराम की भूमिका में पंडित राकेश शर्मा आकर्षण का केंद्र रहे। सुरक्षा के लिए सीओ कुलवीर सिंह, प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार शुक्ला सहित एसओ इंदर गढ़ नीलम सिंह, कस्बा चौकी प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह सहित पुलिस बल मौजूद रहा।


तिर्वा में निकली भगवान परशुराम की शोभायात्रा का स्वागत करते हुए जन प्रतिनिधि।

• यात्रा मुख्य मार्ग से होती हुई ठठिया चौराहे से अन्नपूर्णा मंदिर के पास गेस्ट हाउस में संपन्न हुई

## छिबरामऊ व बिशुनगढ़ में निकली भगवान परशुराम की शोभायात्रा

संवाददाता, छिबरामऊ

**अमृत विचार।** परशुराम जयंती पर नगर में परशुराम सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजक अनुपम बाजपेई के नेतृत्व में एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा पश्चिमी बाईपास से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई तिरंगा तिराहे पर संपन्न हुई।

बिशुनगढ़ क्षेत्र में पहली बार भगवान परशुराम की शोभायात्रा निकाली गई। सर्वेश शुक्ला ने भगवान परशुराम का स्वरूप धारण किया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक अर्चना पांडे, राजीव दुबे, देवेश दीक्षित, सुधीर दुबे, राम बक्स लोधी, ओमजी दीक्षित, सत्यम त्रिपाठी, रामवीर, निखिल मिश्रा, विवेक त्रिपाठी, अरुण पांडे और कमल पांडे सहित भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। छिबरामऊ और कन्नौज के दूर-दराज के गांवों से आए हजारों श्रद्धालुओं के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा।


छिबरामऊ में परशुराम शोभायात्रा में मौजूद विधायक अर्चना पांडे व अन्य। अमृत विचार

## लाखों की ठगी करने वाला दबोचा

संवाददाता गुरसहायगंज

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मलिकपुर निवासी एक व्यक्ति ने कई लोगों से अलग-अलग मामले को लेकर लाखों की ठगी कर ली। इतना ही नहीं एक घर से जेवर और बाइक भी चोरी कर ली। पुलिस ने उसे शनिवार की देर रात घर से पकड़ लिया।

बाईपास निवासी अंकित गुप्ता की पत्नी मेधा गुप्ता ने बताया कि 13 अप्रैल की रात मलिकपुर निवासी एक व्यक्ति उनके घर घुस आया और करीब 2 लाख रुपये के जेवर और बिक चुकी बाइक जो घर के बाहर खड़ी थी चोरी कर ली। घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। पुलिस से शिकायत की तो पुलिस ने उसे शनिवार रात उसके घर मलिकपुर से पकड़ लिया। जानकारी होते ही कस्बा समधन निवासी शकील भी कोतवाली पहुंच गए। उन्होंने बताया कि आरोपी ने अप्रैल 2025 में पुत्री की तबीयत खराब बता कर इलाज के लिए एक लाख मांगे थे। इस पर उसने 80 हजार रुपये दो बार में खाते में ट्रांसफर कर दिए। काफी समय बाद रुपये मांगे तो देने से मना किया और गालीगलौज करने लगा। मोहल्ला आजाद नगर निवासी इसरार ने बताया कि उसकी बिजली का बिल बकाया था। उक्त व्यक्ति ने बिल जमा करने के नाम पर 40 हजार रुपये लेकर जमा नहीं किये। थाना कमालगंज के गांव ईसापुर निवासी अकरम ने बताया कि उसके प्लाट पर मिट्टी डलवाने को 10 हजार ले लिए। मांगने पर जान माल की धमकी दी।

कमालगंज के ही नाजिम ने बताया कि कुछ लोगों से विवाद हो गया था। उक्त व्यक्ति ने मुकदमा दर्ज कराने के नाम से कमालगंज थाने के बाहर ही 35 हजार रुपये लिए। काम नहीं हुआ तो रकम वापस मांगी तो गालीगलौज की। गांव आलमपुर निवासी यशेंद्र सिंह ने बताया कि एक व्यक्ति के कहने पर उक्त व्यक्ति को बेकरी प्लांट लगाने के नाम पर एक लाख रुपये उधार दिये। वापस नहीं दिए और धमकी दे रहा है। तमाम लोगों ने शिकायत पुलिस से की लेकिन देर शाम तक कोई नतीजा नहीं निकला।


गुरसहायगंज कोतवाली के बाहर खड़े ठगे गए लोग। अमृत विचार

## छात्रवृत्ति परीक्षा की तैयारी कराने वाले शिक्षक सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिले के तीन शिक्षकों को लखनऊ में सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना परीक्षा 2025-26 में आवेदन कराने, शैक्षिक तैयारी एवं प्रतिभाग कराने में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले शिक्षकों को कार्यक्रम में बुलाया गया था।

जिन अध्यापकों के प्रयास से विद्यालय के 05 या 05 से अधिक छात्र-छात्राओं का चयन हुआ उनको कॉलेज ऑफ टीचर एजुकेशन प्रयागराज के प्राचार्य अजय सिंह और बेसिक शिक्षा विभाग के पूर्व निदेशक सर्वेन्द्र विक्रम बहादुर सिंह ने मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान कर लखनऊ के रानी लक्ष्मीबाई मेमोरियल स्कूल के सभागार में सम्मानित किया। उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान समारोह में हसेरन विकास खंड के यूपीएस निजामपुर द्वितीय के अध्यापक दिनेश प्रताप सिंह, यूपीएस निजामपुर प्रथम के शिक्षक निरोत्तम कुमार व कंपोजिट विद्यालय तालग्राम के शिक्षक आशुतोष दुबे को मेडल व प्रमाण पत्र दिए गए।

जनपद नोडल आशुतोष दुबे ने बताया कि यूपीएस अमोलर की अध्यापक प्रिया मिश्रा व यूपीएस चचियापुर के गौरव कुमार कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके। इनके स्कूलों के भी पांच-पांच बच्चे चयनित हुए हैं। यूपीएस मलिकपुर, सौरिख से तीन बच्चों का चयन हुआ है। यहां के अध्यापक बीनेश कुमार व कार्यक्रम में न पहुंचने वाले दो अध्यापकों को बीएसए संदीप कुमार प्रमाण पत्र देंगे। बीएसए ने कहा कि पहली बार छात्रवृत्ति परीक्षा में उत्कृष्ट मार्गदर्शन करने वाले कुल 06 शिक्षकों को सम्मान वाली सूची में शामिल किया गया।

## डीपीओ के सगे-संबंधियों को नौकरी देने के आरोपी डीडीओ बने सीडीओ

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** इसे किस्मत कहें या फिर कुछ और। जिला विकास अधिकारी (डीडीओ) एनडी द्विवेदी को मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) का फिर से अतिरिक्त प्रभार मिल गया है। वर्तमान में उनके पास अब कुल चार विभागों की जिम्मेदारी है। उन पर तत्कालीन जिला प्रोबेशन अधिकारी (डीपीओ) इरा आर्या के सगे-संबंधियों को नौकरी देने का आरोप है।

ग्राम्य विकास अनुभाग की ओर से उप सचिव चंद्रिका प्रसाद ने 08 अप्रैल को शाम 07.15 मिनट पर सीडीओ राम कृपाल चौधरी को प्रशासनिक आधार पर लखनऊ में संबद्ध करने का आदेश जारी किया था। 11 अप्रैल को मुख्य विकास अधिकारी कार्यमुक्त हो गए थे। शासन से ही नए सीडीओ की तैनाती की प्रतीक्षा में पद रिक्त चल रहा था। अधिकारी के न होने से कई फाइलें व कार्य लंबित हो रहे थे, इनकी वजह से डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने डीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी को सीडीओ का अतिरिक्त प्रभार दे दिया। बताया जा रहा है कि करीब 15 महीने पहले सीडीओ रहे आरएन सिंह के रिटायर होने के बाद करीब एक महीने डीडीओ के पास सीडीओ का अतिरिक्त प्रभार था। उस दौरान प्रोबेशन विभाग की ओर से चाइल्ड लाइन में 17 पदों पर भर्ती प्रक्रिया आनन-फानन में एक महीने में ही पूरी कर ली गई थी। इस भर्ती में जिला प्रोबेशन अधिकारी ने अपने सगे-संबंधियों को तैनाती भी दिलाई। इस चयन कमेटी में एनडी द्विवेदी अध्यक्ष थे। रामपुर तबादला होने के दौरान सखी वन स्टॉप सेंटर में आयोजित हुए विदाई समारोह में भी डीडीओ शामिल हुए थे, हालांकि सीडीओ राम कृपाल चौधरी इसमें नहीं पहुंचे थे।


एनडी द्विवेदी, प्रभारी सीडीओ।

• कुर्सी खाली होने की वजह से डीएम ने फिर दिया मुख्य विकास अधिकारी का प्रभार

सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा

कल सोमनाथ पहुंचेंगे और 22 व 23 अप्रैल को धार्मिक कार्यक्रम होंगे

## तीर्थयात्रियों को रवाना किया, एसी कोच से पहुंचेंगे सोमनाथ

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट परिसर से "सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा" के तहत जिले के तीर्थयात्रियों को जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने माला पहनाकर वाहन से रवाना किया। यात्रा लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर ट्रेन से सोमनाथ, गुजरात के लिए प्रस्थान कर गई। खास यह कि यात्रियों को एसी कोच में भेजा गया है।

बताया गया है कि यात्रा 21 अप्रैल को सोमनाथ पहुंचेगी। 22 एवं 23 अप्रैल तीर्थयात्री सोमनाथ में आयोजित विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों सोमनाथ संकल्प संवाद, मंदिर एवं परिसर दर्शन, लाइट एंड साउंड शो, सोमनाथ संग्रहालय भ्रमण, भजन संध्या, रुद्राभिषेक, महाआरती, प्रवचन, दीपोत्सव तथा स्थानीय दर्शनीय स्थलों का भ्रमण करेंगे। 24 अप्रैल को यात्रा सोमनाथ से लखनऊ के लिए प्रस्थान करेगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि यात्रियों को किसी प्रकार की दिक्कत न होने पाए। कहा कि "सोमनाथ स्वाभिमान पर्व" भारत की आस्था, संस्कृति, परंपरा और आत्मगौरव का सशक्त प्रतीक है। सोमनाथ मंदिर की हजार वर्षों की अविचलित गौरवगाथा तथा मंदिर के पुनरुद्धार के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में यह आयोजन विशेष श्रद्धा, सम्मान और गौरव के साथ मनाया जा रहा है।

**अपने जिले से यह यात्री गए सोमनाथः** तहसील छिबरामऊ क्षेत्र के कुंवरपुर बनवारी निवासी अभिषेक दीक्षित, तमियामऊ निवासी शिवम राठौर, चौतराहार के देवेंद्र सिंह, बहादुरपुर मझिगवां निवासी अरुण प्रताप सिंह व सौरिख के कुलदीप कुमार, सदर तहसील इलाके के मोहल्ला कानूनगोयान निवासी संग्राम सिंह, आरती देवी, मेहंदीपुर निवासी अनिल द्विवेदी, पकरिया टोला मोहल्ला के अभिनव गुप्ता, तिर्वा तहसील क्षेत्र के बिलंदपुर नादेमऊ निवासी भरत पाल सिंह को रवाना किया गया है। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अनुपम राय ने बताया कि हर जनपद से एक नोडल अधिकारी को भी भेजा गया है। कन्नौज जनपद से यात्रियों का प्रतिनिधि मंडल उनके नेतृत्व में रवाना हुआ है। सभी यात्री लखनऊ रेलवे स्टेशन पहुंचे। यहां सीएम योगी आदित्यनाथ ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर तीर्थ यात्रा के लिए रवाना किया। यात्रियों को थर्ड एसी डिब्बों में बैठाया गया है।



कलेक्ट्रेट परिसर में मौजूद डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, यात्री और अन्य अधिकारी। अमृत विचार

न्यूज ब्रीफ

### गर्मी के चलते कक्षा 1 से 8 तक के विद्यालयों का समय बदला

**फर्रुखाबाद।** जनपद में लगातार बढ़ते तापमान और भीषण गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन ने स्कूली बच्चों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए बड़ा निर्णय लिया है। जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विश्वनाथ प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि गर्मी और लू के बढ़ते प्रकोप से छात्र-छात्राओं को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से कक्षा 1 से 8 तक संचालित सभी विद्यालयों के समय में परिवर्तन किया गया है। नए आदेश के अनुसार अब जनपद के समस्त परिषदीय, सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त विद्यालयों के साथ-साथ सीबीएसई, आईसीएसई एवं अन्य बोर्ड से संचालित कक्षा 1 से 8 तक के स्कूल प्रातः 7.30 बजे से अपरान्ह 12.30 बजे तक संचालित किए जाएंगे। यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है, जिससे छात्र-छात्राएं दोपहर की तेज धूप और लू के प्रकोप से बच सकें।

### आग लगने से सात घरों की लाखों की सम्पत्ति हुई खाक

**कायमगंज।** कंपिल थाना क्षेत्र के पथरामई गांव में रविवार दोपहर भीषण आग लग गई। अज्ञात कारणों से लगी इस आग में सात घर जलकर राख हो गए, जिससे लाखों रुपये का नुकसान हुआ और दो कीमती भैंसें व तीन बकरियों की झुलसकर मौत हो गयी। रविवार दोपहर करीब एक बजे गांव निवासी ऋषिपाल के घर में अचानक आग लग गई। उस समय तेज हवा चल रही थी, जिसके कारण आग तेजी से फैली और देखते ही देखते नन्हे कश्यप, चिरौंजी, दूदेराम, अमरीश, टीकाराम और ऊधो के घरों को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि घरों में रखा अनाज, कपड़े और अन्य घरेलू सामान पूरी तरह नष्ट हो गया। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया सूचना मिलने पर कंपिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष नितिन कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने फायर ब्रिगेड के साथ मिलकर आग बुझाने में सहयोग किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

ऋषिपाल की दो भैंसें आग की चपेट में आकर जिंदा जल गईं, जबकि तीन बकरियां झुलसने से मर गईं।

### सुलभ अग्निहोत्री की पुण्यतिथि पर सम्मान समारोह आज

**कन्नौज।** कवि सुलभ अग्निहोत्री की पुण्यतिथि पर सम्मान समारोह व कवि सम्मेलन का आयोजन सोमवार को किया जा रहा है। कन्नौज पब्लिक स्कूल, गोल कुआं में शाम पांच बजे से होने वाले कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्कूल प्रबंधक प्रदीप तिवारी होंगे। कान्यकुब्ज अभिव्यक्ति, कन्नौज संस्था की ओर से होने वाले कार्यक्रम में ऋतिक दुबे, विकास कुशवाहा, अभिषेक तिवारी, प्रशांत दीक्षित प्रियांशु तिवारी को नवांकुर सम्मान, डॉ. सुशील राकेश शर्मा, आर एस कटेरिया, मुफीद कन्नौजी, अजित राय, समीर द्विवेदी नितांत, शशांक शेखर त्रिपाठी, पूनम पांडे, अरविंद बाजपेई, पुष्पेंद्र शर्मा, डॉ. सस्मित द्विवेदी, कुमार विवेक, डॉ. अमरनाथ दुबे को सुलभ स्मृति सम्मान, दिनेश दीप को अतिथि कवि सम्मान, राकेश जैन रक्कू, अंबुज गुप्ता को विशिष्ट सहयोग सम्मान तथा उत्कर्ष अग्निहोत्री को उत्कृष्ट प्रकाशक सम्मान से अलंकृत किया जाएगा।

### नशीला पदार्थ सुंघा कर महिला का मंगल सूत्र और पर्स उड़ाया

**तिर्वा।** एक महिला को नशीला पदार्थ सुंघाकर उसका मंगलसूत्र और पर्स पार कर दिया गया। दो दिन में इस तरह की दूसरी घटना से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। शनिवार को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महतेपुरवा निवासी मिथलेश (55) रिश्तेदारी से लौट कर गांधी चौक पर महतेपुरवा जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रही थी। उसी समय एक आदमी ने आकर महिला से जानना चाहा कि वह कहां जा रही है तो उसने बता दिया। इस पर उसने अपने साथ चलने के लिए कहा। इसी बीच दूसरा साथी भी आ गया। बातों बातों में उसमें से एक ने अपने बैग से कपड़ा निकाल कर हवा में लहरा दिया। कुछ ही क्षण में महिला पर नशा चढ़ गया। तभी दोनों ने महिला के हाथ से हैंड बैग तथा गले में पड़े मंगल सूत्र पर हाथ साफ कर दिया। महिला जब चैतन्य हुई तो घटना का जानकारी हुई।

# डंपर की टक्कर से बेटे की मौत, पिता गंभीर

## गैस एजेंसी से बाइक से लौटते समय हुआ भीषण हादसा

संवाददाता फर्रुखाबाद



गगन की फाइल फोटो।



घटना स्थल पर पड़ी क्षतिग्रस्त बाइक।

**अमृत विचार।** मोहम्मदाबाद में इटावा-बरेली हाईवे पर एक अज्ञात डंपर ने गैस सिलेंडर लेने गए पिता-पुत्र की बाइक को टक्कर मार दी। जोरदार टक्कर में पिता गम्भीर रूप से घायल हो गये और 15 वर्ष के बेटे की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। पिता को गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बराकेशव के रहनेवाले नरेंद्र कुमार (40) बेटे गगन (15) के साथ रविवार सुबह करीब 10.30 बजे सकवाई स्थित भारत गैस एजेंसी पर सिलेंडर लेने गए थे। एजेंसी पर गैस न होने के कारण वे दोपहर करीब 12 बजे वापस लौट रहे थे। तभी इटावा-बरेली हाईवे पर ग्राम तेरा की मोड़ के सामने पीछे से आ रहे एक डंपर ने उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि गगन की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि नरेंद्र कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। डंपर चालक मौके से फरार हो गया।

सूचना मिलने पर डायल 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल नरेंद्र कुमार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. सनी मिश्रा ने उन्हें राम मनोहर लोहिया जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मृतक गगन अपने दो भाइयों में छोटा था। उसका बड़ा भाई मिथुन (18) मानसिक रूप से अस्वस्थ बताया गया है, और एक बहन हिमांशी (6) है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी और अपराध निरीक्षक मुन्ना लाल यादव ने घटनास्थल का निरीक्षण कर यातायात व्यवस्था सुचारु कराई।

## संपत्ति के लिए पुत्र ने वृद्ध पिता को मार डाला

**फर्रुखाबाद।** संपत्ति के विवाद में बेटे ने ही वृद्ध पिता बदन सिंह यादव की गोली मारकर हत्या कर दी।

थाना मेरापुर के ग्राम नदौरा निवासी बदन सिंह यादव (80) गांव के किनारे खेत में टिन शेड डालकर छोटे बेटे नेकराम के साथ रहते थे। नेकराम रविवार की सुबह गेहूं की फसल काटने चला गया था। वह करीब 1.30 बजे घर वापस लौटा। उसने बंद कमरे के अंदर पिता बदन सिंह को मृत देखा। बदन सिंह के सिर पर कई घाव थे। अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने मौके पर जाकर घटना की व्यापक जांच पड़ताल की।उन्होंने अमृत विचार को बताया की नेकराम ने बड़े भाई मोहन पर पिता की सिर पर हमला करके हत्या करने का आरोप लगाया है। नेकराम ने बताया है की मोहन चाहता था कि पिता अपना खेत उसके नाम कर दें। फॉरेंसिक टीम ने हत्या के साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जायदाद को लेकर मोहन पहले भी झगड़ा कर चुका है।

# विनम्र व्यवहार के साथ समय सीमा में पूर्ण करें जनगणना कार्य : जिलाधिकारी

संवाददाता अमृतपुर



प्रशिक्षण का निरीक्षण करते जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी व अन्य।

**अमृत विचार।** जनगणना 2027 की तैयारियां तेज हो गई हैं। इस बार जनगणना का कार्य दो चरणों में प्रस्तावित है। प्रथम चरण में मकानों का सूचीकरण और गणना की जाएगी, जो विशेष मोबाइल ऐप के माध्यम से संपन्न होगी। यह चरण 22 मई से 30 जून 2026 तक चलेगा। प्रथम चरण के अंतर्गत जनपद की सभी 13 चार्ज तहसीलों और नगर निकायों को शामिल किया गया है। इसी क्रम में अमृतपुर स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम चार चरणों में निर्धारित है। प्रथम चरण 19 अप्रैल से 21 अप्रैल 2026 तक चल रहा है। प्रशिक्षण के लिए उप जिलाधिकारी को अमृतपुर का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। रविवार को जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी एवं अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। । बताया गया कि पहले दिन कुल 127 प्रतिभागियों का प्रशिक्षण निर्धारित था, जिसमें 120 लोग उपस्थित रहे, जबकि सात अनुपस्थित पाए गए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि अनुपस्थित कार्मिकों को अगले सत्र में प्रशिक्षण लेना अनिवार्य होगा।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने भोजन व्यवस्था का भी निरीक्षण किया और स्वयं भोजन कर उसकी गुणवत्ता जांची। उन्होंने निर्देश दिए कि भोजन में मौसमी सब्जियों का ही उपयोग किया जाए, जिससे किसी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या न हो। जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना से प्राप्त आंकड़े भविष्य की योजनाओं और नीतियों के निर्माण का आधार बनते हैं, इसलिए आंकड़ों की शुद्धता और गुणवत्ता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। प्रशिक्षण सत्र में प्रतिभागियों को फील्ड में आने वाली समस्याओं और उनके समाधान के बारे में भी विस्तार से अवगत कराया गया।

## राजपुर में ओम पॉलीक्लीनिक पर छापेमारी, मचा हड़कंप

संवाददाता अमृतपुर

**अमृत विचार।** अमृतपुर तहसील के कस्बा राजपुर में रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ओम पॉलीक्लिनिक पर अचानक छापा मार दिया। डीओ के नेतृत्व में पहुंची टीम की कार्रवाई की खबर फैलते ही आसपास के क्लीनिक और मेडिकल स्टोर संचालकों में हड़कंप मच गया ।

टीम के पहुंचते ही ओम पॉलीक्लिनिक के बाहर वाहन खड़ा कर अधिकारी अंदर गए, इसी दौरान क्लीनिक संचालक डॉ. संजय बंगाली ने शटर नीचे गिरा दिया। स्थानीय लोगों में इस बात को लेकर चर्चाएं तेज रहीं कि शटर बंद होने के बाद अंदर कुछ संदिग्ध गतिविधि हुई हो सकती है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले सीएमओ की छापेमारी के दौरान यह जानकारी सामने आई थी किओमपॉलीक्लिनिक का रजिस्ट्रेशन आयुर्वेद-यूनानी पद्धति में है, जबकि यहां अन्य प्रकार का उपचार किए जाने की शिकायतें मिल रही थीं।

फिलहाल स्वास्थ्य विभाग की ओर से इस मामले मे डॉ विजय यादव आयुष विभाग ने जानकारी दी कि आज ओम पॉलीक्लिनिक का निरीक्षण किया गया जिसमें क्लीनिक के सारे दस्तावेज जांच गए और एक नोटिस संबंधित डॉक्टर को दिया गया जिसमें यह दर्शाया गया कि अपने डिग्री से लेकर क्लीनिक के सभी दस्तावेज आयुष विभाग में प्रस्तुत करें समय से ना प्रस्तुत करने पर उनके ऊपर विधि कार्यवाही की जाएगी

# जन्मोत्सव पर ब्राह्मण समाज ने भगवान परशुराम को किया नमन

संवाददाता फर्रुखाबाद



बद्रीविशाल कॉलेज में भगवान परशुराम की मूर्ति पर मौजूद ब्राह्मण समाज के लोग।

**अमृत विचार।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव की रविवार को नगर में में धूम रही। ब्राह्मण समाज सेवा समिति ने सुबह ब्राह्मण समाज धर्मशाला में हवन यज्ञ व विचार गोष्ठी का आयोजन किया। वहीं दूसरी ओर ब्राह्मण समाज जन सेवा समिति के बैनर तले साधु संतों के संरक्षण में बद्री विशाल डिग्री कॉलेज में कार्यक्रम हुआ।

ब्राह्मण समाज सेवा समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र त्रिपाठी, महामंत्री लाला राम दुबे , सदानंद शुक्ला, राजू गौतम, कैलाश मिश्रा, अभिषेक त्रिवेदी, कृष्णकांत त्रिपाठी अक्षर विनोद अग्निहोत्री दीक्षित समाज के दर्जनों लोगों ने मौजूद रहकर हवन यज्ञ में आहुतियां दीं व भगवान परशुराम से प्रेरणा लेने का संकल्प दोहराया।वहीं दूसरी ओर ब्राह्मण जन सेवा समिति के तत्वावधान में ही बद्री विशाल डिग्री कॉलेज में हवन , पूजन, विचार गोष्ठी भंडारा इत्यादि होगा जिसमें संत समाज की मौजूदगी रही इसके लिए संस्था के संस्थापक नारायण दत्त द्विवेदी महिला अध्यक्ष प्रीति पवन तिवारी व अन्य पदाधिकारी तैयारी में जुटे हुए हैं। नारायण दत्त द्विवेदी ने बताया कि सुबह 10.00 बजे से हवन पूजन हुआ विचार गोष्ठी हुए और भंडारा व प्रसाद वितरण हुआ। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

## 98.4 प्रतिशत अंक लाने पर शौर्य बाजपेयी सम्मानित

संवाददाता कानपुर




करियर किक सर्विसेज ने फर्रुखाबाद के शौर्य बाजपेयी को किया सम्मानित।

**अमृत विचार।** कानपुर की प्रतिष्ठित काउंसलिंग संस्था करियर किक सर्विसेज ने फर्रुखाबाद के होनहार छात्र शौर्य बाजपेयी को उनकी शानदार उपलब्धि पर सम्मानित किया। शौर्य ने सीबीएसई हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा 2026 में 98.4% अंक प्राप्त कर न सिर्फ अपने जिले बल्कि अपने परिवार का भी नाम रोशन किया है। इस अवसर पर उन्हें माला पहनाकर सम्मानित किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

करियरकिक सर्विसेज पिछले 9 वर्षों से काउंसिलिंग के क्षेत्र में एक मजबूत पहचान बना चुकी है। संस्था के संचालक निखिल सचान के नेतृत्व में यह कंपनी अब तक 1 लाख से अधिक छात्रों को सही मार्गदर्शन दे चुकी है। संस्था का मुख्य उद्देश्य छात्रों को सही दिशा दिखाना और उन्हें सरकारी एमबीबीएस, इंजीनियरिंग तथा अन्य प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश दिलाने में सहायता करना है।

## सर्किल रेट का चार गुना मिलेगा मुआवजा

**कन्नौज।** फर्रुखाबाद लिंक प्रवेश-नियंत्रित ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे परियोजना के लिए अधिग्रहित की जाने वाली भूमि को लेकर डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने तहसील छिबरामऊ के ग्राम डडौना के किसानों से मुलाकात की। उन्होंने स्पष्ट किया कि भूमि के सर्किल रेट का चार गुना मुआवजा भू-स्वामियों को दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त बोरिंग, भवन, पेड़, फसल आदि परिसंपत्तियों का मुआवजा भी निर्धारित मानकों में मिलेगा।

इस परियोजना में जिले क्षेत्र में निजी भूमि का क्षेत्रफल 22.7803 हेक्टेयर, सरकारी/ग्राम सभा भूमि का क्षेत्रफल 2.7910 हेक्टेयर तथा कुल चिन्हित भूमि का क्षेत्रफल 25.5713 हेक्टेयर है। आश्वस्त किया कि सरकार किसानों के वैधानिक अधिकारों की पूर्ण सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और किसी भी भू-स्वामी को नुकसान नहीं होने दिया जाएगा।

# अलग-अलग सड़क हादसों में दो की मौत, पांच घायल

संवाददाता छिबरामऊ/सौरख

**अमृत विचार।** जिले में अलग अलग स्थानों पर बाइक और अज्ञात वाहन की टक्कर से किसान समेत दो लोगों की मौत हो गई जबकि पांच लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है



अमित।

**छिबरामऊ संवाददाता** के अनुसार शनिवार की रात कोतवाली क्षेत्र के ग्राम महमूदपुर खास निवासी किसान श्रीकृष्ण पाल (48) पुत्र जंग बहादुर सड़क के किनारे तसला लेकर खड़ा था। इसी दौरान एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार से आ रही बाइक ने उसे चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि श्रीकृष्ण सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आस-पास मौजूद स्थानीय लोगों ने तुरंत उसे नगला दिलू के सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसकी मृत्यु की खबर मिलते ही घर में पत्नी बेबी, बेटे सोनू (25), अमित (22), प्रियांशु (18) बेटियां अंजली (19) और मोहिनी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।



अस्पताल में मौजूद मृतक के परिजन। अमृत विचार

वहीं दूसरी ओर, बाइक चला रहा पवन कुमार (20) पुत्र बम्लेश, निवासी भरतपुर बेवर भी घायल हुआ है। स्थानीय लोगों ने उसे भी अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस को घटना की सूचना दी गई है और मामले की जांच जारी है।

**सौरिख संवाददाता** के अनुसार सौरिख-नादेमऊ मार्ग पर गढ़िया गांव के पास रविवार तड़के 3 बजे कुछ लोग आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से नीचे उतरकर ई-रिक्शा से अपने-अपने गांव जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने सामने से टक्कर मार दी। हादसे में अमित प्रताप सिंह (27) पुत्र अमरेश सिंह निवासी बिलंदपुर थाना सौरिख गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। घायलों में विशाल (22) पुत्र वेद प्रकाश निवासी मलिकपुर, सुनीता देवी (53) पत्नी विनोद सिंह निवासी श्यामपुर भटपुरा थाना नवीगंज जिला मैनपुरी और ई-रिक्शा चालक अली हैदर (55) पुत्र नूर मोहम्मद निवासी अंबेडकर नगर सौरिख गंभीर रूप से घायल हो गए जिनको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सौरिख में भर्ती कराया गया। वहीं दूसरी एंबुलेंस से सीधे कन्हैया पाल निवासी भदौरियन पुरवा को गंभीर हालत में मिनी पीजीआई सैफई में भर्ती कराया गया है। थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है। अमित प्रताप दिल्ली में बजाज फाइनेंस में सेल्स एग्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत था और भतीजी के जन्मदिन में शामिल होने के लिए घर आ रहा था।

### डिवाइडर फांदकर पलटी कार, चार घायल

**छिबरामऊ।** कोतवाली क्षेत्र के शहीद कमलेश कुमारी पेट्रोल पंप के सामने नेशनल हाईवे पर एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर को फांदते हुए दूसरी लेन में जाकर पलट गई। दुर्घटना में कार सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें दो महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं। सिकंदरपुर चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से कार में फंसे घायलों को बाहर निकाल कर तुरंत सौ शैया अस्पताल पहुंचाया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि पुलिसकर्मियों की त्वरित कार्रवाई से कोई बड़ी अनहोनी बच गई।

## छात्रा की हत्या में आरोपी गिरफ्तार

**छिबरामऊ।** भैनपुरा की बीएससी की छात्रा की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। शुक्रवार को मां की दवा लेने निकली छात्रा का शव अगले दिन उधरनपुर पुल के पास एक खाई में मिला था। उसके सिर और गर्दन पर धारदार हथियार से वार किए गए थे।पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और साक्ष्यों के आधार पर आरोपी अनीत कुमार निवासी फतेहगढ़ को गिरफ्तार कर लिया है। अनीत ने कुबूल किया कि उसका भैनपुरा की अंशिका के साथ 2 साल से प्रेम प्रसंग था, लेकिन किसी और से बातचीत करने के शक में उसने इस खौफनाक वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल खून से सना अंगोछा, मारने का हथियार और वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद कर ली है। थाना प्रभारी पूनम अवस्थी ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

## 35 दुकानदारों ने खरीदा अधिक उर्वरक, दो लाइसेंस निलंबित

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जनपद में 35 उर्वरक दुकानदारों ने काफी मात्रा में यूरिया और डीएपी खरीदी थी। इसको लेकर डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने अधिकारियों की जांच टीम गठित कर रिपोर्ट मांगी। जिला कृषि अधिकारी ने दुकानदारों के यहां छापा मारा। उन्होंने बताया कि 02 दुकानदारों ने अभिलेख नहीं दिखाए। इस वजह से उनके उर्वरक लाइसेंस निलंबित कर दिए गए।

डीएम ने 07 अप्रैल को जिले के 35 दुकानदारों की लिस्ट जारी की थी। इन विक्रेताओं ने काफी तादाद में यूरिया और डीएपी खरीदी थी। मार्च में यूरिया की 80 प्रतिशत तथा डीएपी में 19 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। इसके सत्यापन के लिए जिलाधिकारी ने उप निदेशक कृषि संतोष यादव, एआर कोआपरेटिव राजीव लोचन शर्मा, भूमि संरक्षण अधिकारी आरके वर्मा व जिला कृषि अधिकारी संत लाल गुप्ता को जिम्मेदारी दी। जिला कृषि अधिकारी ने तान्या खाद भंडार नादेमऊ और चौहान खाद भंडार इंदरगढ़ पर छापा मारा। उन्होंने बताया कि इस दौरान दुकानदार अभिलेख नहीं दिखा पाए। इस पर इनके लाइसेंस निलंबित हुए। इसी तरह पाल खाद भंडार भाउलपुर के निरीक्षण में कई कमियां मिली। दुकानदार को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जवाब न देने या संतोषजनक उत्तर न मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

कार्यशाला

नगर पालिका सभागार में हुआ कार्यशाला का आयोजन, दी जानकारी

# स्वगणना को जन उत्सव के रूप में करें प्रोत्साहित

संवाददाता गुरसहायगंज



जानकारी देते अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर पालिका सभागार में ईओ अनिल कुमार द्वारा सभासदों एवं पालिका कर्मचारियों हेतु जनगणना 2027 के प्रथम चरण के सफल संचालन के संबंध में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

रविवार को आयोजित कार्यशाला में उन्होंने बताया कि प्रथम चरण अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं गणना का काम 22 मई से 20 जून 2026 तक किया जाएगा। इसके लिए प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों की तैनाती कर दी गई है। उनको प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ईओ ने बताया कि स्वगणना 07 से 21 मई तक होगी। इसमें कोई भी व्यक्ति अपने मोबाइल से ओटीपी सत्यापन कर स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकता है। स्वगणना पूर्ण होने पर एक यूनिक रेफरेंस नंबर प्राप्त होगा, जिसे प्रगणक द्वारा गृह भ्रमण के समय उपलब्ध कराना होगा। सभासदों से अपील की कि वे अपने-अपने वार्डों में स्वगणना को जन-उत्सव के रूप में प्रोत्साहित करें। इस दौरान सभासद संतोष गुप्ता, धर्मेंद्र गुप्ता उर्फ बड़े, सुरेंद्र राठौर, शिवा गुप्ता, शिवम राज वर्मा, चंदन चौरसिया, जीतू गुप्ता आदि लोग मौजूद थे।

### छिबरामऊ में भी प्रशिक्षण कार्यशाला

**छिबरामऊ।** नगर पालिका क्षेत्र में जनगणना 2027 की तैयारियों के तहत प्रशिक्षण कार्यशाला शनिवार से शुरू हो गई। 18 से 26 अप्रैल तक चलने वाले इस प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा विभिन्न बैचों को प्रशिक्षित किया जाएगा। कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए नगर पालिका के चार्ज अधिकारी एवं ईओ सुनील कुमार सिंह ने प्रगणकों को संबोधित करते हुए कहा, "आप केवल सहयोगी नहीं, बल्कि देश और छिबरामऊ के सूत्रधार हैं। अपील की कि वे लोगों के द्वार पर मुस्कान के साथ जाएं और सेवा भाव से काम करें। प्रशिक्षण में 40-40 प्रगणकों के तीन बैच तैयार किए जाएंगे। मास्टर ट्रेनर प्रभात शुक्ला और रविंद्र कुमार स्वर्णकार ने जनगणना के महत्व, प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। जनगणना में 33 सवालों के जवाब देने होंगे। दूसरे दिन प्रगणकों एवं सुपरवाइजर्स को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर जनगणना प्रभारी अंकित दुबे, सहायक प्रदीप कश्यप, प्रवेश यादव, तकनीकी सहायक संदेश कुमार और मोहित शर्मा उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### बाइक की टक्कर से बच्चा व युवक घायल

**बकेवर।** थाना क्षेत्र के अड्डा रामनगर निवासी आकाश कुमार रविवार सुबह करीब नौ बजे बुलेट बाइक से कस्बा की ओर जा रहा था। जैसे ही वह नगला बनी के पास पहुंचा, तभी सड़क पार कर रहे 5 वर्षीय बच्चे गुल्लू को उसने टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने घायल युवक को एंबुलेंस से 50 शैया अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉ. पुष्पेंद्र कुमार ने उसका उपचार किया। वहीं, घायल बच्चे को उसके दादा जयवीर सिंह यादव परिजन के साथ बेहतर इलाज के लिए शहर ले गए।

### फांसी लगाकर जान देने का किया प्रयास

**इटावा।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत हरदासपुरा गांव में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। शिवम पुत्र उमेश चन्द्र निवासी हरदासपुरा सिविल लाइन ने किसी बात से नाराज होकर फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने गम्भीर हालत में युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका उपचार जारी है।

### मारपीट में युवक घायल, भर्ती

**इटावा।** थाना भरथना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम काठमऊ निवासी उपेंद्र पाल पुत्र मिजाजी लाल को किसी विवाद के चलते दवंगों ने गांव में मारपीट कर घायल कर दिया। परिजनों ने घायल महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने युवक का परीक्षण किया।

### ट्रक चालक और पत्नी को पीटा

**इटावा।** थाना चौबिया क्षेत्र के नौवरी गांव निवासी रीना देवी ने पड़ोसियों पर आरोप लगाया कि 17 अप्रैल की रात करीब नौ बजे उनके पति संजीव, जो पेशे से ट्रक चालक है, उसको पड़ोसियों ने बीना बाजार में फोन कर बुलाया। वहां जबरन शराब पिलाई गई और पुरानी रंजिश के चलते लाठी-डंडों से बेरहमी से पीट दिया गया, जिससे वह मरणासन्न हो गए। 18 अप्रैल को जब वह खेत पर गई तो पति की हालत देख पड़ोसियों से पूछताछ की, जिस पर आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट कर दी। आरोप है कि मंगलसूत्र भी छीन लिया। रीना देवी ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष महेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### महिला ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**इटावा।** थाना फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत श्याम नगर में एक महिला ने परिवारिक विवाद से तंग आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फ्रेंड्स कालोनी थाना क्षेत्र के श्यान नगर निवासी राजीव कुमार की पत्नी मोनिका (22) ने परिवारिक विवाद के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पाकर थाना फ्रेंड्स कालोनी पुलिस मौके पर पहुंची और महिला के शव को कब्जे में लेकर घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। थाना फ्रेंड्स कालोनी पुलिस का कहना है कि जांच की जा रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की स्थिति स्पष्ट होगी।

# बैठक में पेंशनरों को परिचय पत्र वितरित

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** गर्वमेन्ट पेंशनर्स वेलफेयर आर्गनाइजेशन की बैठक कोषागार के मीटिंग हाल में हुई, जिसमें कई माह से प्रतिक्षारत परिचय पत्रों का वितरण मुख्य कोषाधिकारी डोंगरा शक्ति एवं अध्यक्ष दिलीप मिश्र ने किया। सदस्यों ने संगठन को सक्रिय करने के बारे में सुझाव दिये।

बैठक की कार्यवाही की जानकारी देते हुये संगठन के अध्यक्ष दिलीप मिश्र ने बताया की कई माह से लम्बित परिचय पत्रो की मांग पेंशनर्स द्वारा की जा रही थी। अब तक 84 पेंशनरों के परिचय पत्र बनकर तैयार हो चुके है। जो पेंशनर्स उपस्थित रहे उनको उपलब्ध करा दिये गये है। शेष लोगो को कार्य दिवस में अथवा माह मई की बैठक में उपलब्ध करा दिये जायेगें। संगठन के महामंत्री प्रदीप सक्सेना ने बताया कि मु. शफी वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने सुझाव रखा की बैठक के दिन पेशनर्स के स्वास्थ्य चैकअप के लिये एक डाक्टर की व्यवस्था करायी जाये जिससे उनका सही इलाज हो सके। आरवी सिंह परिहार ने प्रस्ताव रखा कि संगठन के आन्दोलन की दशा में एक संघर्ष कोष की स्थापना की जाये। बैठक में अशोक दीक्षित, आशा देवी, विजय बहादुर सिंह प्रयाग नारायण शर्मा, डा. राम करन साहू, एपीएन दुबे ने संबोधित किया। परिचय पत्र मिलने से पेंशनर्स काफी प्रशन्न मुद्रा में दिखायी दिये। बैठक में 75 से अधिक पेंशनर्स उपस्थित रहे। संचालन महामंत्री प्रदीप सक्सेना द्वारा किया गया।

## हवन से लौट रहे लोगों से मारपीट

**ताखा।** भरथना थाना क्षेत्र के खानपुर निवासी तीन लोगों के साथ रविवार दोपहर उस समय मारपीट की गई, जब वे रिश्तेदार के यहां हवन कार्यक्रम में शामिल होकर घर लौट रहे थे। पीड़ितों ने नकदी छीनने का भी आरोप लगाया है।

खानपुर के राधेश्याम यादव उर्फ बाबाजी, शेरू और सुरेंद्र ऊसराहार थाना क्षेत्र के शिवरा गांव रिश्तेदार के यहां हवन में शामिल होने गए थे। तीनों लोग बाइक से घर लौट रहे थे। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड पर गांव के ही एक व्यक्ति ने दो अज्ञात साथियों के साथ उनकी बाइक को घेर लिया। तीनों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। शेरू का आरोप है कि मारपीट के दौरान उसकी जेब से करीब तीन हजार रुपये भी निकाल लिए गए। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

# कामयाबी के लिए लक्ष्य पर फोकस जरूरी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- खो-खो के लिए जूनियर बालक और बालिकाओं का हुआ ट्रायल
- राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अब खिलाड़ियों का होगा चयन

**अमृत विचार।** खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए पर्याप्त अवसर है। खेलों में बेहतर प्रदर्शन करके देश और प्रदेश में नाम रोशन किया जा सकता है, लेकिन इसके लिए हमें खेल पर पूरा फोकस करना होगा और जीवन में बुराइयों से जरूर बचना होगा। यह बात सह जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. मुकेश यादव ने कहीं ।

खो-खो एसोसिएशन की ओर से राज्य स्तरीय जूनियर बालक बालिका टूर्नामेंट के लिए हुए ट्रायल में का शुभारंभ करते हुए डॉ. मुकेश यादव ने कहा कि पढ़ाई और खेल पर पूरा ध्यान दें। खेल में जाते समय स्वाभाविक रूप से कुछ बुराइयां आने की आशंका बनी रहती है, उनसे बचे रहें, तभी खेलों में अपनी प्रतिभा निखार सकते हैं।



ट्रायल देने आए बच्चों के साथ डॉ. कैलाश यादव और मुकेश यादव। अमृत विचार

पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित ट्रायल की अध्यक्षता करते हुए एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं विद्यालय के निदेशक डॉ कैलाश चंद्र यादव ने कहा कि प्रतिभा प्रदर्शन के लिए खेल एक अच्छा प्लेटफार्म है, इससे सेहत भी ठीक रहती है और इसमें बेहतर प्रदर्शन करके एक मुकाम हासिल किया जा सकता है। इसके लिए लगन और कड़े परिश्रम की जरूरत है। शुरुआती दौर में ही परेशान नहीं होना है बल्कि एकाग्र होकर अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए लगे रहना है। कार्यक्रम का संचालन जिला क्रीड़ा सचिव हिमांशु यादव ने किया।

इस ट्रायल में विभिन्न विद्यालयों के करीब एक सैकड़ा बच्चे पहुंचे, जिन्होंने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया और टीम में जगह बनाने के लिए भरपूर मेहनत की। इनमें से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए टीम का चयन किया जाएगा, जिन्हें बाद में खो-खो की प्रीमियर लीग में खेलने का भी अवसर मिलेगा। एसोसिएशन की ओर से लालू यादव, ऋषभ कुमार ने मुख्य अतिथि व अध्यक्ष का स्वागत किया। इस मौके पर संजय सक्सेना, नरदेव आर्य, अश्वनी कुमार, धर्मेंद्र कुमार, भोले सहित एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# गेहूं खरीद से डीएम संतुष्ट नहीं तेजी लाने की सख्त हिदायत

## बैठक में डीएम बोले, किसी भी किसान को खरीद केंद्र से वापस नहीं किया जाए

संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में गेहूं खरीद, फार्मर रजिस्ट्री एवं जनगणना संबंधी महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने गेहूं खरीद की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष खरीद की गति बढ़ाई जाए और लक्ष्य के अनुरूप कार्य किया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष अभी तक गेहूं खरीद बहुत कम हुई है। उन्होंने कहा कि किसी भी खरीद केंद्र पर बोरों (बारदाना) की कमी नहीं होनी चाहिए और सभी केंद्रों पर पर्याप्त मात्रा में बारदाना उपलब्ध



बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल। अमृत विचार

रहे। अनावश्यक होर्डिंग पर रोक लगाने के निर्देश देते हुए उन्होंने पीसीएफ को तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए तथा बारदाने की उपलब्धता की स्थिति की जानकारी भी ली। किसी भी किसान को बिक्री केंद्र से फार्मर आईडी या अन्य कारणों से वापस न किया जाए।

किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि पंजीकरण एवं सत्यापन की प्रक्रिया में कोई भी प्रकरण लंबित न रहे और समयबद्ध तरीके से सभी कार्य पूर्ण किए जाएं। उन्होंने अधिकारियों को किसानों से संवाद स्थापित करने एवं उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करने के निर्देश भी दिए। फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जहां भी लंबित प्रकरण हैं, वहां विशेष अभियान चलाकर अधिक से अधिक फार्मर आईडी बनाई जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना निदेशालय द्वारा निर्धारित समयसीमा के अनुरूप सभी कार्य पूर्ण किए जाएं। उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि तहसील स्तर पर गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण आयोजित कराएं। बैठक में अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, उप कृषि निदेशक आरएन सिंह, सभी उप जिला अधिकारी वीडियो कांफ्रेंस के द्वारा, जिला पूर्ति अधिकारी सीमा त्रिपाठी सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## नेत्र परीक्षण शिविर 25 को लगेगा

**इटावा।** पत्रकारों और उनके पारिवार के लिए प्रेस क्लब की ओर से 25 अप्रैल को नेत्र परीक्षण कैम्प का आयोजन होगा। प्रेस क्लब भवन में रविवार को हुई कार्यकारिणी की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

प्रेस क्लब के अध्यक्ष दिनेश शाक्य ने कहा कि पत्रकारिता के पेशे में लगातार स्क्रीन और फील्ड वर्क के कारण आंखों पर जोर पड़ता है, जिसे देखते हुए यह कदम उठाया गया है। जीजीआईसी के अदिति आई अस्पताल में डॉ. दीपा गौर की देखरेख में सुबह 9 बजे से कैंप लगेगा। नए पत्रकारों को सदस्यता दी गई। बैठक में महामंत्री विशुन यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेश मिश्रा, उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह चौहान, ब्रजेश शुक्ला, भरथना प्रेस क्लब अध्यक्ष महेश कुशवाहा, अमित यादव रौली, जसवन्तनगर अध्यक्ष, सैफई अध्यक्ष वीपी सिंह यादव, अवनीश यादव, जसवंतनगर अध्यक्ष प्रेम शाक्य, रामनाथ सिंह यादव, रमेश यादव, संजय सक्सेना, नीलकमल, अमित तिवारी, उवैस चौधरी, प्रदीप दोस्त, विनीत आदि पत्रकार मौजूद रहे।

# कार की मांग पूरी न होने पर बहू के साथ मारपीट

संवाददाता, इटावा

- पति सहित पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज, जांच शुरू

**अमृत विचार।** पांच लाख रुपये व कार के लिए विवाहिता को मारपीट कर घर से निकलने में तहरीर पर पुलिस ने पति, सास-ससुर समेत पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। महिला की दो साल पहले नई दिल्ली के सुलेमान नगर निवासी युवक से शादी हुई थी।

इकदिल के विकास कॉलोनी भाग-3 चांद मियां निवासी दीप्ती ने तहरीर में बताया कि उसकी शादी 4 मार्च 2024 को नई दिल्ली के सुलेमान नगर प्रेमनगर-किरारी एस-271 निवासी राहुल के साथ हुई थी। शादी में परिजनों ने सामर्थ्य के अनुसार खर्च किया था। शादी के बाद चौथी में ही ससुरालीजनों ने पांच लाख रुपये व कार की मांग को लेकर उसे परेशान करना शुरू कर दिया। मायके पक्ष ने पंचायत कर पति राहुल समेत ससुरालीजनों को काफी समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे लोग मानने को तैयार नहीं हुए। 4 अप्रैल 2025 को डिमांड पूरी न होने पर उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। राहुल की दूसरी शादी कराने की धमकी दी। इसके बाद से वह मायके में रह रही थी।

उसका कहना है कि 27 नवंबर 2025 को वह घर पर थी, इस दौरान ससुरालीजन आए और उसके साथ फिर मारपीट की। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। उसने पति राहुल समेत ससुर गीतम सिंह, सास गुड्डी देवी, ननद पूजा व देवर आशीष के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न समेत कई धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। थानाध्यक्ष विक्रम सिंह चौहान ने बताया कि तहरीर पर पति समेत पांच के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# स्मार्ट मीटर बना शोषण मीटर रोक नहीं तो होगा आंदोलन

**व्यापारी खफा**

- 23 अप्रैल को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की ओर से होगा धरना-प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** स्मार्ट मीटर योजना अब सुविधा नहीं, बल्कि उपभोक्ताओं के लिए गंभीर परेशानी का कारण बन चुकी है। जिस तकनीक को पारदर्शिता और सुविधा के नाम पर लागू किया गया था, वही आज आम जनता के लिए आर्थिक और मानसिक बोझ बन गई है । उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष आलोक दीक्षित ने बताया कि बिना किसी पूर्व सूचना के अचानक बिजली कनेक्शन काट दिया जाता है, जिससे लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होने कहा कि सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि बिजली विभाग उपभोक्ताओं को एक हजाररुपया से 1500 तक एडवांस जमा रखने की सलाह दे रहा है। यह व्यवस्था सीधी-सीधी आम आदमी पर आर्थिक दबाव डालने जैसी प्रतीत होती है। पहले जहां उपभोक्ता बिजली का उपयोग करने के बाद बिल चुकाते थे, वहीं अब बिना उपयोग के ही पैसे जमा करने की मजबूरी बना दी गई है। मध्यवर्गीय और दैनिक आय पर निर्भर परिवारों के लिए यह नीति किसी सजा से कम नहीं है। उनकी रोजमर्रा की जरूरतें ही मुश्किल से पूरी होती हैं, ऐसे में एडवांस भुगतान का बोझ अन्यायपूर्ण है। इन्हीं समस्याओं के विरोध में 23 अप्रैल को प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर इटावा जिले में भी बिजली विभाग के खिलाफ आन्दोलन किया जाएगा । जिला अध्यक्ष आलोक दीक्षित ने सभी व्यापारियों और आम जनता से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस जनविरोधी नीति के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करें।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

## ऑपरेशन मुस्कान के तहत लापता मासूम बच्ची बरामद परिवार में लौटी मुस्कान

**इटावा।** ऑपरेशन मुस्कान और मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत थाना कोतवाली पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए घर से लापता हुई एक 4 वर्षीय बालिका को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया।

थाना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मकसूदपुरा निवासी अनीस द्वारा थाना कोतवाली पर सूचना दी कि उसकी 4 वर्षीय पुत्री अचानक अपने घर से कहीं गुम हो गई है। परिजनों द्वारा काफी तलाश करने के बाद भी बच्ची का कुछ पता नहीं चला। सूचना पर प्रभारी थाना कोतवाली यशवंत सिंह के साथ कोतवाली की मिशन शक्ति टीम ने तत्काल क्षेत्र में बच्ची की तलाश शुरू की। पुलिस टीम के अथक प्रयास से बच्ची को कुछ ही घंटों में सकुशल ढूंढ निकाला गया। बच्ची के मिलने के बाद पुलिस टीम ने उसे थाने लाकर उचित प्रक्रिया के उपरांत उसके माता-पिता के सुपुर्द किया। अपनी मासूम बच्ची को पाकर परिजनों ने कोतवाली पुलिस की सराहना की। बच्ची को बरामद करने में निरीक्षक अपराध कृष्ण मुरारी, महिला कांस्टेबल लक्ष्मी यादव का भी सराहनीय योगदान रहा।

# सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** अटेवा के तत्वावधान में सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान में एक गरिमामय समारोह का आयोजन रविवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा क्षेत्र में लंबे समय तक योगदान देने वाले शिक्षकों को सम्मानित करना और उनके अनुभवों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना रहा। समारोह की अध्यक्षता डायट प्राचार्य प्रेमपाल सिंह ने की। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता शिव शंकर यादव (पूर्व सैनिक) एवं मधुर श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से कुशलतापूर्वक किया।

कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने सेवानिवृत्त शिक्षकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षक समाज की रीढ़ होते हैं और उनका अनुभव हमेशा प्रेरणा देता है। इस अवसर पर कई सेवानिवृत्त शिक्षकों




सम्मानित शिक्षकों के साथ अटेवा के पदाधिकारी। अमृत विचार

को सम्मानित कर उनके योगदान को याद किया गया। सेवानिवृत्त शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को अंग वस्त्र बैच और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

समारोह में जिलाध्यक्ष अटेवा अजय यादव, महामंत्री डॉक्टर लवकुश जाटवानी , पर्यवेक्षक राजेश जादौन, शिक्षाविद मीनाक्षी पांडेय ,अतुल कुमार, अभिषेक कुमार, शिव संघी कमल , अतुल यादव, प्रभाकर, संजीव यादव , के के यादव, रैश अहमद, इमरान सुल्तान,कुसुम, सविता, प्रीति यादव , सिंधु मैडम, अरविंद कुमार यादव, शरद चंद्र त्रिपाठी, बीनू, प्रद्युम्न कश्यप, पंकज चौहान सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षाविद एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**दिखा उत्साह**

शहर में गाजे-बाजे के साथ निकली परशुराम की शोभायात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत, मुस्लिम समाज के लोग भी आगे आए

# भगवान परशुराम की शोभायात्रा में एकता और मोहब्बत का पैगाम

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** ब्राह्मण समाज महासभा के तत्वाधान में शहर के टिक्सी मंदिर से भगवान परशुराम की शोभा यात्रा का आगाज हुआ। भगवान परशुराम के स्वरूप में विराजमान पीठाधीश्वर पिलुवा महावीर हरभजन दास महाराज की प्रथम आरती संगठन के संस्थापक सतीश चंद्र दीक्षित द्वारा की गई। शोभायात्रा में जनपद के हर ब्लॉक से आए हजारों ब्राह्मण बंधुओ ने जोश के साथ सहभागिता की।

इस बार शोभायात्रा में विष्णु भगवान और गणेश जी की झांकी मनमोहन थी। यात्रा का जगह-जगह हर वर्ग के लोगों ने स्वागत किया। भगवान परशुराम पर पुष्प वर्षा की गई और उनकी आरती उतारी गई। अतिथि के रूप में शिव शक्ति अखाड़ा प्रमुख हिंदू हृदय सम्राट



टिक्सी मंदिर से निकली भगवान परशुराम की शोभायात्रा में शामिल लोग। अमृत विचार

मधुराम शरण शिवाजी महाराज तथा आरक्षण के विरोध में आवाज उठाने वाले अनिल मिश्रा और मनु पुत्र दास महाराज ने यात्रा में पैदल चलकर शोभा बढ़ाई।

सदर विधायक सरिता भदौरिया, जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता, रघुराज सिंह शाक्य, भाजपा नेता अंशुल दुबे, नगर पालिका अध्यक्ष संटू गुप्ता, सपा के वसीम चौधरी, कांग्रेस के प्रशांत तिवारी ने यात्रा का स्वागत किया और प्रभु की आरती की। यात्रा टिक्सी मंदिर से पचराहा, राजगंज, कोतवाली चौराहा, पक्का तालाब चौराहा, नौरंगाबाद चौराहा से होते हुए जीआईसी मैदान में समाप्त हुई, जहां सभा में ब्राह्मण एकता पर बल दिया गया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पंडित अरुण दुबे ने सभी ब्राह्मण बंधुओं का आभार जताया।

**सांप्रदायिक सौहार्द की मिसालः** परशुराम जन्मोत्सव पर शहर के टिक्सी मंदिर से निकली यात्रा के दौरान अकालगंज तिराहा



शोभायात्रा का स्वागत करते मुस्लिम समाज के लोग। अमृत विचार

पर सांप्रदायिक सौहार्द की अनोखी मिसाल देखने को मिली। मुस्लिम समाज के लोगों ने सपा के पूर्व नगर अध्यक्ष वसीम चौधरी के नेतृत्व में यात्रा का स्वागत करते हुए पुष्प वर्षा की और फल, पानी व कोल्ड ड्रिंक वितरित करते हुए पट्टिका पहनाकर स्वागत किया और एकता का संदेश दिया। इस मौके पर फिरोज अहमद खान, अफसर वारसी, रफीक पहलवान, चांद वारसी, जमील अंसारी, शोएब वारसी, रहमान मंसूरी, मुन्ना बाबू, जुबैर चौधरी, मुन्ना चौधरी, जीशान अली, सादिक अहमद, रिजवान खां, लल्लू भाई, यामीन राईन आदि मौजूद रहे।



भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण करते भाजपा नेता अंशुल दुबे। अमृत विचार

## हवन-पूजन के साथ बांटा गया प्रसाद

**इटावा।** वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक अंशुल दुबे के अशोक नगर आवास पर भगवान परशुराम की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवार पर हवन पूजन के साथ भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर ब्राहमण समाज के काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। रविवार को अक्षय तृतीया व भगवान परशुराम की जयंती के अवसर पर अंशुल दुबे के आवास पर हवन पूजन का कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के काफी लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर लोगों ने भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण कर उनकी आरती उतारी। इस मौके पर लोगों ने ब्राहमण समाज के लोगों से एक जुट होने का आवाहन किया। इस मौके पर नगर पालिका परिषद की प्रत्याशी रही कुसुम दुबे अंशुल दुबे, शरद पांडे , अरुणेश दीक्षित, अतुल तिवारी, रवि दुबे, प्रशांत बरुआ, मुकुल दुबे रोमी यादव एस कुमार के अलावा काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ



तिरंगे में लपेटा गया राष्ट्रीय पक्षी मोर।

### ट्रेन की चपेट में आकर राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत

**अछल्दा।** दिल्ली–हावड़ा रेल मार्ग पर घसारा और साम्हो के बीच डाउन लाइन पर रविवार सुबह करीब 6 बजे ट्रेन संख्या 04078 न्यू जलपाईगुड़ी समर स्पेशल की चपेट में आने से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई। घटना की जानकारी ट्रेन के लोको पायलट ने स्टेशन मास्टर को दी। सूचना मिलते ही हेड कांस्टेबल मुनेश कुमार और कांस्टेबल जितेंद्र यादव मौके पर पहुंचे और मोर के शव को कब्जे में लिया। इसके बाद वन रक्षक राजेश सिंह की देखरेख में राष्ट्रीय पक्षी मोर का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

### तेज रफ्तार लोडर ने मारी टक्कर, मासूम की मौत, युवक गंभीर

**बेला (औरैया)।** थाना बेला क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से चल रहे लोडर वाहन ने एक बाइक सवार युवक और उसकी मासूम बेटी को टक्कर मार दी। हादसे में 13 माह की बच्ची की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि युवक गंभीर रूप से घायल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बेला चौराहा निवासी शैलेन्द्र कुमार ने थाना बेला में दी तहरीर में बताया कि 19 अप्रैल 2026 की सुबह करीब 7 :09 बजे उनका भतीजा प्रशांत कुमार (22) अपनी 13 माह की बेटी यशवी को लेकर बाइक से तिर्वा रोड की ओर जा रहा था। इसी दौरान धर्मकांटा के पास गलत दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार लोडर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में प्रशांत और उसकी बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों को तत्काल इलाज के लिए कानपुर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मासूम यशवी को मृत घोषित कर दिया। वहीं प्रशांत कुमार का इलाज अस्पताल में चल रहा है। घटना की सूचना परिजनों को दी गई, जिसके बाद उन्होंने थाना बेला में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### इको चालक पर दस लोगों ने किया हमला

**अछल्दा (औरैया)।** थाना क्षेत्र के नेविलगंज में शनिवार रात करीब 9 :52 बजे इको चालक श्याम जी (22) पुत्र त्रिमोहन सिंह निवासी बोडेपुर के साथ मारपीट की घटना हो गई। श्याम जी किराये पर इको लेकर शादी समारोह की पार्टी को बोडेपुर, बिधूना ले जा रहे थे। बताया जाता है कि नेविलगंज में एक अज्ञात कार पहले किसी बच्चे को टक्कर मारकर मौके से फरार हो गई। इसी दौरान श्याम जी अपनी इको से उतरकर स्थिति देखने लगे। तभी वहां मौजूद करीब 10 अज्ञात लोगों ने बिना कुछ पूछे उन पर हमला कर दिया और लाठी–डंडों से बेरहमी से मारपीट कर दी। घटना के दौरान श्याम जी गंभीर रूप से घायल होकर लहूलुहान हो गए।

# आग से 10 बीघा गेहूं की फसल जली, किसानों को भारी नुकसान

## कुदरकोट थाना क्षेत्र के गांव बरुआ में रविवार दोपहर को अचानक लगी आग



मौके पर मौजूद लोगों की भीड़। अमृत विचार

संवाददाता, कुदरकोट

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के गांव बरुआ में रविवार दोपहर अचानक खेतों में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। रविवार करीब दोपहर साढ़े 12 बजे गेहूं की खड़ी फसल में अज्ञात कारणों से आग भड़क उठी, जिसने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। तेज हवा के चलते आग तेजी से फैलती चली गई और देखते ही देखते लगभग 10 बीघा फसल जलकर राख हो गई। आग की लपटें और धुएं का गुबार दूर से ही दिखाई देने लगा, जिससे आसपास के गांवों में भी हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस टीम और कुदरकोट थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष अमर बहादुर सिंह के निर्देशन में राहत कार्य शुरू किया गया। आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड को भी बुलाया गया। जब तक पुलिस व ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। यदि समय रहते आग पर नियंत्रण नहीं किया जाता तो नुकसान और भी अधिक हो सकता था। इस अग्निकांड में कई किसानों की मेहनत पल भर में राख हो गई। सुनीता देवी पत्नी राजाराम की 4 बीघा, अमर सिंह पुत्र न्यारेलाल की 4 बीघा और वीरेंद्र पुत्र अतर सिंह की 2 बीघा गेहूं की फसल पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। किसानों के सामने अब आर्थिक संकट खड़ा हो गया है, क्योंकि यह फसल ही उनके सालभर की आय का मुख्य साधन थी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि घटना की सूचना देने के बावजूद लेखपाल से संपर्क नहीं हो सका, जिससे समय पर राजस्व विभाग की सहायता नहीं मिल पाई। इससे किसानों में नाराजगी देखने को मिली। प्रभावित किसानों ने प्रशासन से तत्काल सर्वे कराकर उचित मुआवजा देने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में इस तरह की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं, लेकिन आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाता। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि आग लगने के कारणों की जांच कराई जाए और भविष्य में ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

### आग से पांच बीघा की फसल जली

**अयाना।** थाना मनसुखपुर कस्बा जाना में रविवार दोपहर अज्ञात कारणों से खेतों में लगी आग ने फसल को अपनी चपेट में ले लिया। फायर ब्रिगेड और पुलिस ने किसी तरह ग्रामीणों के साथ मिलकर आग पर काबू पाया लेकिन तब तक पांच बीघा फसल जलकर राख हो गई। रविवार दोपहर क्षेत्र के मनसुखपुर कस्बा जाना में नहर किनारे के खेतों में अज्ञात कारणों से आग लग गई। दोपहर होने के चलते खेतों में काम कर रहे ग्रामीण भी आराम करने अपने घर गए हुए थे। इसलिए जब तक ग्रामीणों को आग का पता चला तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों की सूचना पर तुरंत ही फायर ब्रिगेड व थाना अयाना जयप्रकाश पाल व कोतवाल ललितेश त्रिपाठी व मुरादगंज चौकी प्रभारी उपेंद्र कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के साथ मिलकर आग पर काबू पाने की कोशिश करने लगे। हवा तेज होने व नहर की पटरी से खेत दूर होने के चलते फायर ब्रिगेड वाहन खेतों में फंस गया जिसे ग्रामीणों ने धक्का मारकर आगे के खेतों तक पहुंचाया। चौकी प्रभारी उपेंद्र कुमार ने अपनी टीम व ग्रामीणों के साथ मिलकर पानी पाइप को खींचकर आग तक पहुंचाया। इसी बीच फायर ब्रिगेड वाहन का पानी खत्म हो गया जिससे मौके पर दूसरा वाहन बुलाना पड़ा। जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक कस्बा जाना भगवान दास, लालता प्रसाद, अजय, विजय, राकेश, मानसिंह, मनसुखपुर निवासी बिट्टन देवी, रियाजउद्दीन, नूरन निशा की करीब पांच बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। लेखपाल योगेंद्र सिंह ने बताया लगभग 5 बीघा फसल जली है।



शिक्षक का किया गया सम्मान। अमृत विचार

## राज्य स्तर पर सम्मानित हुए शिक्षक कृष्ण कुमार

**बिधूना, औरैया।** कालेज ऑफ टीचर एजूकेशन (सीटीई) प्रयागराज द्वारा राष्ट्रीय आय आधारित योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा 2025-26 में पांच या उससे अधिक चयन वाले विद्यालयों के शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें उच्च प्राथमिक विद्यालय बिधूना एवं विद्यालय के शिक्षक कृष्ण कुमार यादव उर्फ के के यादव को सम्मानित किया गया।

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के सौजन्य से प्रतिवर्ष राष्ट्रीय आय आधारित योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन उत्तर प्रदेश में मनोविज्ञान शाला, प्रयागराज एवं परीक्षा नियामक प्राधिकारी, प्रयागराज के माध्यम से संपन्न कराई जाती है। जिसमें शासकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों एवं परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा 8 में पढ़ने वाले बच्चे प्रतिभाग करते हैं। इस छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल छात्रों को उनके कक्षा 9 से 12 में अध्ययन हेतु प्रति माह रुपए 1000 की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। विगत चार वर्षों में शिक्षकों के अथक प्रयास से प्रदेश के लगभग 14000 से अधिक बच्चे इस परीक्षा को प्रतिवर्ष पास कर छात्रवृत्ति प्राप्त कर रहे हैं। इन शिक्षकों को इस छात्रवृत्ति परीक्षा में छात्रों को आवेदन करने के लिए प्रेरित करने, उनकी परीक्षा की तैयारी कराने तथा उनका प्रतिभाग कराने में प्रदेश के हजारों शिक्षकों का अभूतपूर्व सहयोग रहता है।

शिक्षकों को संबल प्रदान करने तथा उनके प्रयासों को प्रेरक उदाहरण के रूप में प्रस्तुत करने के उद्देश्य से कॉलेज आफ टीचर एजुकेशन, प्रयागराज इस छात्रवृत्ति परीक्षा में ऐसे विद्यालयों के शिक्षकों को सम्मानित किया। विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने केके यादव को सम्मानित किए जाने पर खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी है।

### जहरीला पदार्थ खाकर युवक ने दी जान

**फफूंद, औरैया।** थाना क्षेत्र के गांव जुआ में एक युवक की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। मृतक की पत्नी अलका ने घटना की जानकारी देते हुए पूरे मामले को लेनदेन के विवाद से जुड़ा बताया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।



प्रदीप कुमार।

मृतक की पत्नी अलका ने बताया की मेरे पति प्रदीप कुमार 28 वर्ष पुत्र रामआसरे मुर्गा मीट बेचने का काम करते थे, वह बल्लापुर में दुकान किए हुए थे। गांव जुआ निवासी मुस्कीम अली से मुर्गा खरीदता था और कुछ पैसा बकाया होने को लेकर दोनों के बीच अक्सर तकरार होती रहती थी। पत्नी ने बताया कि शनिवार दोपहर मुस्कीम अली अपने दो साथियों के साथ बल्लापुर स्थित दुकान पर पहुंचा, जहां पैसे के लेनदेन को लेकर दोनों के बीच मारपीट हो गई।

वह शाम को पांच बजे घर आया जहां पर उसकी हालत खराब हो गई। स्वजन सीएचसी अजीतमल लेकर गए जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।मृतक के परिवार में दो बड़े भाई सुशील कुमार व अवनीश, बहन सीता व रीता, पांच वर्षीय पुत्र ऋषभ और छह वर्षीय पुत्री नव्या हैं। घटना के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस पूरे प्रकरण की जांच में जुटी है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। अमृत विचार

## 24 घंटे में लूट के आरोपी गिरफ्तार

**औरैया।** जनपद में कानून-व्यवस्था को लेकर सक्रिय थाना दिबियापुर पुलिस व एसओजी/सर्विलांस टीम ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए व्यापारी से हुई लूट की घटना का महज 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया।

पुलिस ने इस सनसनीखेज वारदात को अंजाम देने वाले तीनों आरोपियों शिवम कुमार, आशीष कुमार और असद उर्फ पोपे को गिरफ्तार कर लिया। घटना के खुलासे के दौरान पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ भी हुई, जिसमें दो आरोपियों के पैर में गोली लगने से वे घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवक आते दिखाई दिए, जिन्होंने पुलिस टीम को देखते ही भागने का प्रयास किया। तेजी में भागते समय उनकी मोटरसाइकिल फिसल गई, जिसके बाद आरोपियों ने खुद को घिरता देख पुलिस टीम पर जानलेवा फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसमें दो बदमाशों के पैर में गोली लग गई और तीनों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया।

पूछताछ में इस वारदात का चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि गिरफ्तार आरोपी असद उर्फ पोपे, जो कि ब्रजेश कुमार के यहां ड्राइवर के रूप में काम करता था, उसी ने अंदरूनी जानकारी अपने साथियों को दी थी। इसी सूचना के आधार पर योजनाबद्ध तरीके से व्यापारी को निशाना बनाकर लूट की घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर एक लैपटॉप, आधार कार्ड, दो तमंचा (315 बोर), दो जिंदा कारतूस और चार खोखा कारतूस बरामद किए हैं, जो घटना में प्रयुक्त हुए थे।

## अयाना ब्लॉक व अनंतराम टोल प्लाजा पर व्यापक स्क्रीनिंग

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- 100 दिवसीय सघन अभियान के तहत उच्च जोखिम समूह की जांच
- लोगों को टीबी मुक्त भारत अभियान के प्रति किया गया जागरूक

**अमृत विचार।** क्षय रोग (टीबी) उन्मूलन को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाया जा रहा 100 दिवसीय सघन टीबी मुक्त भारत अभियान तेजी से आगे बढ़ रहा है। शासन की मंशा के अनुरूप मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देशन में जिले के सभी ब्लॉकों में अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को अयाना ब्लॉक के साथ-साथ अनंतराम टोल प्लाजा पर भी विशेष जांच, स्क्रीनिंग एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। टोल प्लाजा जैसे व्यस्त स्थान पर अभियान चलाकर बड़ी संख्या में आमजन, वाहन चालकों व यात्रियों को टीबी के प्रति जागरूक किया गया तथा मौके पर ही उनकी जांच (स्क्रीनिंग) की गई।

स्वास्थ्य टीमों द्वारा विशेष रूप से उन लोगों की पहचान कर जांच की गई जो टीबी संक्रमण के अधिक जोखिम में आते हैं। इनमें 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग, कुपोषित व्यक्ति, पूर्व टीबी रोगियों के संपर्क में रहने वाले, डायबिटीज एवं एचआईवी संक्रमित मरीज, तथा धूम्रपान व शराब का सेवन करने वाले लोग शामिल हैं। संदिग्ध पाए गए व्यक्तियों के एक्स-रे एवं अन्य आवश्यक परीक्षण भी कराए गए। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. संतकुमार ने बताया कि अभियान का उद्देश्य टीबी के मरीजों की जल्द पहचान कर उन्हें समय पर उपचार से जोड़ना है, जिससे बीमारी के प्रसार को रोका जा सके। उन्होंने बताया कि कई लोग शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज कर देते हैं, जो आगे चलकर गंभीर स्थिति का कारण बनता है। उन्होंने बताया कि टीबी के प्रमुख लक्षण दो सप्ताह से अधिक खांसी, वजन कम होना, बुखार, सीने में दर्द, शरीर में गांठ, रात में पसीना आना, थकान और बलगम में खून आना दिखने पर तुरंत जांच करानी चाहिए। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया कि जनपद के सभी सरकारी अस्पतालों में टीबी की जांच व उपचार पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध है।

मरीजों को दवाइयों के साथ-साथ पोषण सहायता भी प्रदान की जा रही है। अभियान के अंतर्गत ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में घर-घर संपर्क, सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम, और सार्वजनिक स्थलों पर स्क्रीनिंग कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी इसमें सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। स्वास्थ्य विभाग ने आमजन से अपील की है कि टीबी के लक्षण दिखने पर देरी न करें और नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर जांच अवश्य कराएं।

### मवेशी का निकला टंकी में मिला कंकाल

**अयाना।** थाना क्षेत्र के महारतपुर में पानी की टंकी में मिले कंकाल को पुलिस ने जांच के लिए भेजा था। रविवार को आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में कंकाल किसी जानवर का होना पाया गया है।

महारतपुर निवासी जितेंद्र गांव में जल निगम की ओर से बनाई गई पानी की टंकी में ऑपरेटर के पद पर कम करता है। 13 अप्रैल की शाम को वह पानी की आपूर्ति चालू करने के टंकी पर गया था। वहां वाल्ब में समस्या आने पर उसने टंकी पर चढ़ कर जांच की तो उसे टंकी में एक कंकाल टूटा हुआ पड़ा मिला। इसपर उसने घटना की जानकारी ग्रामीणों व पुलिस को दी थी। स्थानीय लोगों ने युवक के टंकी में डूब कर मौत हो जाने व शव सड़ जाने की आशंका जाहिर की थी। थानाध्यक्ष जयप्रकाश पाल ने बताया कि कंकाल को जांच के लिए मथुरा लैब भेजा गया। रविवार को आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भौतिक सत्यापन के आधार पर कंकाल जानवर का बताया गया है। उसके जबड़े, रीढ़ की हड्डी मानव के आकार से छोटी व भिन्न हैं।



बिधूना में कार्यक्रम को संबोधित करते परशुराम के चरित्र कलाकार। अमृत विचार

## मनाया परशुराम जन्मोत्सव

**बिधूना।** कस्बा स्थित प्राथमिक विद्यालय में रविवार को जय ब्राह्मण सेवा समिति के तत्वावधान में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और गरिमा के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम में नगर व क्षेत्र के विप्र बंधुओं ने बड़ी संख्या में शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ विप्र समाज द्वारा भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और विधिवत पूजन-अर्चन के साथ किया गया। इस अवसर पर रनिया (कानपुर) से परशुराम के रूप में पधारे केपी शुक्ला ने समाज की एकजुटता को समय की मांग बताया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीप्रकाश अग्निहोत्री ने की, जबकि मंच का संचालन जय ब्राह्मण सेवा समिति के अध्यक्ष कौशल किशोर शुक्ला और प्रेमशंकर (छुन्नू) तिवारी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जय ब्राह्मण सेवा समिति के पदाधिकारियों ने सभी आगंतुकों का आभार प्रकट किया।

कार्यक्रम

शोभा यात्रा में रथों पर सवार झांकियां बनीं आकर्षण का केन्द्र, सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन रहा मुस्तैद

# शहर में परशुराम शोभा यात्रा का फूल वर्षाकर किया स्वागत

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** शहर के तिलक नगर मोहल्ला स्थित भूतेश्वर मंदिर से रविवार को धूमधाम से भगवान परशुराम की शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान बैंडबाजों की धुन पर बज रहे भक्ति गीतों पर श्रद्धालु जमकर थिरकते हुए चल रहे थे। शोभा यात्रा का जगह-जगह फूल वर्षाकर स्वागत किया गया। इससे पूर्व सुबह तिलक नगर स्थित भूतेश्वर मंदिर में भगवान परशुराम का विग्रह पूजन किया गया। इसके उपरांत फफूंद रोड पर स्थित उमाप्रेम सत्संग आश्रम में 20 बटुकों का यज्ञोपवीत कार्यक्रम आयोजित किया गया।



नगर पालिका परिषद के बाहर स्वागत करते पालिका अध्यक्ष अनूप गुप्ता। अमृत विचार



शोभा यात्रा के दौरान शामिल लोग। अमृत विचार

भूतेश्वर मंदिर से शुरू हुई शोभा यात्रा का भगवान परशुराम की आरती उतारकर पूर्व अध्यक्ष ग्वालियर हाईकोर्ट के एडवोकेट अनिल मिश्रा, सदर विधायक गुड़िया कठेरिया ने भगवान परशुराम का तिलक कर शोभा यात्रा को रवाना किया। हाजी पेट्रोल पंप रोड से होते हुए संयुक्त जिला चिकित्सालय होते हुए संजय गेट व सुभाष चौक पहुंची। इस दौरान शोभा यात्रा का जगह-जगह फूल वर्षाकर भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद शोभा यात्रा कानपुर रोड होते हुए सदर बाजार, लेडीज मार्केट के रास्ते संजय गेट, नुमाइश मैदान होते हुए वापस भूतेश्वर मंदिर पर पहुंचकर समाप्त हुई। शोभा यात्रा में भगवान परशुराम के वेश में रथ पर सवार होकर चल रहा था। इस दौरान शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालु हाथों में धार्मिक ध्वज लेकर भगवान परशुराम के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। हाजी पेट्रोल पंप के समीप भाजपा जिलाध्यक्ष सर्वेश कठेरिया, भाजपा नेता एवं उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश मंत्री अवधेश भदौरिया ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान मुख्य रूप से चंदू तिवारी, यशवीर सिकरवार, विशाल शुक्ला, राजन चौहान, हितेन्द्र सिंह एवं नरेन्द्र सेंगर ने भगवान परशुराम को पुष्प अर्पित किए। अस्पताल के समीप आदर्श बीज भंडार पर लालजी शुक्ला एवं आलोक चतुर्वेदी के नेतृत्व में यात्रा में शामिल लोगों को गर्मी को देखते हुए शर्बत वितरण एवं कोल्ड ड्रिंक पिलाई गई। इस दौरान मुख्य रूप से किशनजी शुक्ला, रिषी चौहान, पुष्पक चतुर्वेदी, लल्ली तिवारी, लकी अवस्थी, पप्पू चौहान, संजू चड्ढा, मोन्टू चड्ढा सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे। नगर पालिका परिषद गेट के पास नगर पालिका अध्यक्ष अनूप गुप्ता ने भगवान परशुराम का तिलक करके व माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर शोभा यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं व आम लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। शोभा यात्रा के साथ ब्राम्हण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष नीरज चौधरी, परशुराम सेवा समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष के के चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष पंकज अवस्थी, परशुराम सभा के जिलाध्यक्ष प्रवीण दुबे, कार्यक्रम संयोजक छैया त्रिपाठी, राजमणि त्रिपाठी, मिथुन मिश्रा, हरिगोविंद तिवारी, देवेन्द्र त्रिपाठी, व्यापार मंडल के अध्यक्ष बबलू बाजपेई, दीपू शुक्ला, दीपू दुबे, हरिओम तिवारी, अनुराग त्रिपाठी, रामू त्रिवेदी, रविकांत बाजपेई, शशांक त्रिपाठी, मोहित पांडेय, अर्पित दुबे, अंकित तिवारी, तरुण शर्मा सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे। सुरक्षा की दृष्टि से शोभा यात्रा के साथ सीओ सिटी अशोक कुमार के अलावा पुलिस फोर्स भी मौजूद रहा जो यात्रा के साथ लगातार चलता हुआ नजर आया।

इस अवसर पर कौशल किशोर शुक्ला (अध्यक्ष), विशेश्वर दयाल तिवारी (प्रबंधक), रमेश चंद्र अग्निहोत्री प्रबंधक,विभूशंकर पांडे,राजीव अग्निहोत्री, हरीशंकर तिवारी (गुड्डू) , सुनील मिश्रा,पंकज द्विवेदी, अवधेश दुबे, रविंद्र कुमार मिश्रा, आनंद तिवारी, शरद बाजपेई, संतोष कुमार दीक्षित, सुरेंद्र कुमार पाण्डेय, विनय तिवारी, उमाशंकर तिवारी, सुधीर दुबे, मानवेंद्र तिवारी, अखिलेश शुक्ला, शिवकुमार तिवारी, अखिलेश त्रिपाठी, जयशंकर शुक्ला, टिंचू मिश्रा, शिवकांत दुबे, राजेश दुबे, रानू पांडे,पवन अग्निहोत्री, गुरु दत्त तिवारी, सुबोध तिवारी रुपेश ,लालजी मिश्रा, सहित अन्य विप्र जन मौजूद रहे।उधर ब्राह्मण सेवा समिति के तत्वावधान में कीरतपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में समाज के उत्थान और एकजुटता पर बल दिया गया।इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र त्रिपाठी ने कहा ब्राह्मण समाज ने जाति ऊंच नीच के भेद भाव से परे होकर समाज को शिक्षित संस्कारित बनाने का कार्य किया है।इस अवसर पर श्रीनारायण अवस्थी आदि समाज के लोग मौजूद रहे।


अमृत विचार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैने अपना नाम और पता नजराना सिद्दीकी पत्नी कफील सिद्दीकी – जेरकिला छिबरामऊ कन्नौज – उत्तर प्रदेश– 209721 से बदलकर नजराना बेगम – पत्नी कफील अहमद, निवासी 4/5 मोहल्ला जेरकिला छिबरामऊ कन्नौज उ0प्र0 209721 कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए

**सूचना**

मैंने अपना नाम काफिल अहमद से बदलकर कफील अहमद रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। **कफील अहमद / कफील अहमद पुत्र जुम्मन सिद्दीकी – निवासी –मोहल्ला जेरकिला छिबरामऊ, कन्नौज, उत्तर प्रदेश –209721**

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मैं MAJID से अपना नाम बदल कर ABDUL MAJEED रख लिया है अब भविष्य में मुझे मेरे बदले हुए नाम से जाना वा पहचाना जाए पुत्र ABDUL RAHEEM निवासी चाइतोला गिर्द नबाब गंज गोंडा का रहने वाला हूं।

## न्यूज ब्रीफ

### 20 क्वार्टर देशी शराब बरामद, एक धरा गया

बिवांर। भरसवां गांव निवासी श्रीराम पुत्र प्रभु दयाल अनुरागी को पुलिस ने बोरी में 20 देशी शराब के क्वार्टर के साथ गिरफ्तार किया है। एसआई विजय बहादुर ने मुखबिर की सूचना पर विभूनी गांव के आगे नहर पुलिया के पास श्रीराम को दबोच लिया।

### हाई वोल्टेज करंट से जल गए उपकरण

सुमेरपुर। सुमेरपुर के वार्ड 12 चांद थोक में अचानक हाई बोल्टेज आ जाने से दर्जनों घरों में लगे विद्युत उपकरण जल गए। विद्युत विभाग की लापरवाही से लोगों को हजारों का नुकसान उठाना पड़ा। सुमेरपुर के बाई 12 -चांद मुहाल के नरही मार्ग में राजेंद्र मिश्रा के मकान के सामने स्थित विद्युत ट्रांसफॉर्मर में अचानक हाई वोल्टेज का तार टूटकर उसके ऊपर गिर गया जिससे ट्रांसफार्मर में हाई बोल्टेज आ जाने से दर्जनों घरों में गई सप्लाई में अचानक हाई वोल्टेज आ गया। जब तक लोग संभले तब तक घरों के अन्दर लगे कूलर, फ्रिज, टीवी, पंखे जल गये। मुहल्ले के लोगों ने बताया कि ट्रांसफार्मर के ऊपर से गई 132 केवी की लाइन के तार काफी समय से ढीले थे विभाग द्वारा इनको सही सलामत नहीं करने से ही लोगों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ा और लोगों को हजारों की क्षति उठानी पड़ी।

### हमीरपुरी तालाब सूखा प्यास से तड़प रहे पशु

सुमेरपुर। भीषण गर्मी की दस्तक के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में जलसंकट गहराने लगा है। बिदोखर और इंगोहटा के बीच स्थित ऐतिहासिक हमीरपुरी तालाब पूरी तरह सूख चुका है. जिससे पशु-पक्षियों के सामने संकट खड़ा हो गया है। आलम यह है कि पानी की एक-एक बूंद के लिए भटक रहे बेजुबान जानवर अब प्यास बर्दाश्त नहीं कर पा रहे और दम तोड़ रहे हैं। समाजसेवी मोहनलाल साहू ने बताया कि वे अपने नलकूप से जानवरों के पीने के लिए पानी उपलब्ध कराते रहते थे। किंतु दुर्भाग्यवश, वर्तमान में उनके नलकूप का ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण बंद है। संसाधनों के अभाव में बेजुबानों की मदद न कर पाने का उन्हें मलाल है क्षेत्रीय ग्रामीणों ने संबंधित विभाग एवं जिला प्रशासन से पुरजोर मांग की है कि हमीरपुरी तालाब को अविलंब सरकारी नलकूपों या अन्य माध्यमों से भरवाया जाए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द ही तालाब में पानी नहीं भरा गया, तो बेमौत मरने वाले पशुओं की संख्या बढ़ सकती है।

# तेज रफ्तार ट्रक ने बुजुर्ग महिला की छीनी जिंदगी

## मौदहा कस्बे के बड़े चौराहे के पास भोर पहर हुआ हादसा

- महिला को कुचलने के बाद तेज रफ्तार भाग निकला ट्रक
- आर्थिक तंगी से घिरने के बाद कबाड़ बीनती थी वृद्ध महिला

संवाददाता मौदहा (हमीरपुर)

अमृत विचार। नेशनल हाईवे-34 पर रविवार की भोर एक भीषण सड़क हादसे में बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। कस्बे के बड़े चौराहे के पास स्थित सिचौलीपुरवा की रहने वाली 60 वर्षीय भागमती कभी आंगनबाड़ी में बच्चों का भविष्य संवारती थीं। रविवार को ट्रक ने उनकी जिंदगी छीन ली।

भागमती का जीवन उतार-चढ़ाव और अपनों को खोने के गम से भरा रहा। पति की मृत्यु के बाद उन्होंने अपनी बहन के घर को अपना ठिकाना बनाया। बहन की मृत्यु के बाद अकेले पड़ गए बहनोई और उनके बच्चों का सहारा बनीं। वक्त का पहिया ऐसा घूमा कि बहनोई का भी साथ छूट गया। आंगनबाड़ी सहायिका के पद से सेवानिवृत्त होने के बाद पेंशन और जमापूंजी के अभाव में वे आर्थिक तंगी से घिर गईं। जिस उम्र में आराम की जरूरत थी, उसमें पेट की आग बुझाने के लिए वे कबाड़ बीनने को मजबूर थीं। राहगीरों के अनुसार रोजाना की तरह रविवार सुबह करीब 5 बजे भागमती हाईवे के किनारे कबाड़ इकट्ठा कर रही थीं। इसी बीच एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि भागमती ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। चालक वाहन समेत फरार होने में सफल रहा। भागमती भले ही अकेली रह रही थीं, लेकिन उन्होंने अपने बहनोई के बच्चों सोनू जो दिल्ली में रहता है और उनकी बहन जो कन्नौज में रहती है, उन्हें अपनी संतान की तरह ही माना था। हादसे की खबर मिलते ही उनके भाई राम दुलारे, गुड्डु और बाला सिंह समेत पूरे परिवार में कोहराम मच गया। हर किसी की आंखें नम हैं।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

मौदहा (हमीरपुर)। रविवार को गांव के बाहर ट्रैक्टर और बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बिवांर थानाक्षेत्र के ग्राम करगांव निवासी रामशंकर (38) पुत्र श्याम सुंदर अनुरागी बाइक से खेती के लिए डीजल लेने बिवांर जा रहा था तभी गांव के बाहर ट्रैक्टर और बाइक की सीधी टक्कर हो गई जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे परिजनों सहित ग्रामीणों द्वारा इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां पर डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जबकि ट्रैक्टर को भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी नंदराम प्रजापति ने बताया कि ट्रैक्टर कब्जे में लिया जा चुका है, और परिजनों द्वारा तहरीर प्राप्त कर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



रमाशंकर पाल।

### शादी में मायके जा रही पत्नी को पीट कर किया घायल

बिवांर (हमीरपुर)। शादी समारोह में मायके जा रही महिला को पति ने बाल पकड़कर आंगन में घसीट कुल्हाड़ी के बेंत से मारपीट कर दी। जिससे गंभीर चोट आ गई हैं। बहन का बचाव कर रहे भाई को भी कुल्हाड़ी लगने से घायल हुआ है। महिला ने पति खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

थानाक्षेत्र के महेरा गांव निवासी चंद्रकली पत्नी रूपराम राजपूत ने बताया कि मुस्करा थाने के कंधौली गांव में है। बताया पति के बरौली गांव की महिला से संबंध है। पति फोन से महिला से बातचीत करता रहता है। मना करने पर मारपीट कर प्रताड़ित कर रहा है। छोटी बहन की शादी में मायके से भाई बृजेंद्र लेने आया। लेकिन पति ने मना करने लगा। इसी को लेकर बाल पकड़ कर आंगन में घसीटते कुल्हाड़ी के बेंत से मारपीट कर दी। भाई के बीच बचाव करने पर पति ने उसे भी कुल्हाड़ी से वार कर दिया। महिला ने पति के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

पुलिस ने पति को हिरासत में ले लिया है। एसआई रविशंकर मिश्रा ने बताया कि महिला के पति को हिरासत में ले लिया है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें



मौदहा कस्बे में रविवार को भगवान परशुराम जयंती पर शोभायात्रा निकालते लोग। अमृत विचार

# बैंडबाजों संग निकली शोभायात्रा

**जयंती पर उत्साह**

- मौदहा कस्बे में हवन-पूजन के बाद निकाली गई यात्रा, देवी-देवताओं की झांकियां शामिल रहीं
- परशुराम जयंती को लेकर सुबह से दिखा उत्साह, भजन-कीर्तन करते निकलीं संतों की टोलियां

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

अमृत विचार। शौर्य और पराक्रम के प्रतीक भगवान परशुराम की जयंती हवन पूजन के उपरांत नगर में भव्य शोभायात्रा बैंड बाजे विभिन्न देवी देवताओं की झाकियों साथ निकाली गई।

भगवान विष्णु के छठवें अवतार परशुराम की जयंती पर शोभा यात्रा को भव्यता प्रदान करने के लिए भगवान परशुराम सहित शंकर पार्वती, मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम सीता, हनुमान जी सहित विभिन्न प्रकार की देवी देवताओं की झांकियां के साथ साधु संतों के टोली कीर्तन भजन करते हुए महिलाओं एवं पुरुषों ने भाग लिया। सुबह गेस्ट हाउस में हवन पूजन हुआ।

दोपहर बाद विद्यादेवी पालीवाल इंटर कॉलेज से डीजे बैंड बाजे के साथ धूमधाम से कचहरी रोड, मलीकुआं चौराहा, थाना चौराहा होते हुए शोभा यात्रा कुंवर विद्यालय तक पहुंची। भगवान परशुराम के जन्म दिन को अक्षय तृतीया के दिन के नाम से जाना जाता है ऐसी मान्यता है कि इस दिन कोई भी शुभ कार्य करने से नुकसान नहीं होता है।

शोभा यात्रा में मुख्य रूप से शिवकुमार पाण्डेय, लालाराम निषाद, जगदीश व्यास, अनूप कुमार, आकाश त्रिपाठी, राकेश पालीवाल, रामदेव सिंह, डंडा गुरू, अरविन्द शर्मा, सुबोध गुप्ता, अनिल द्विवेदी, राजेंद्र मधु प्रिया, मजोज कुमार, श्रीपाल सहित सैकड़ो की संख्या में नगर वासी शोभा यात्रा में शामिल होकर जन्मोत्सव का आनंद उठाया।

## भीषण गर्मी में लो-वोल्टेज की समस्या से लोग खासे परेशान

संवाददाता, सुमेरपुर

अमृत विचार। तपिश शुरू होते ही छानी बुजुर्ग में लो-वोल्टेज की समस्या से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। आलम यह है कि कम वोल्टेज के कारण न तो पंखे चल पा रहे हैं और न ही पानी की मोटरें काम कर रही हैं, जिससे पेयजल संकट भी गहरा गया है।

छानी बुजुर्ग फीडर में लो बोल्टेज से सबसे ज्यादा परेशानी छोटे बच्चों को हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि बिजली की आंख-मिचौली और लो-वोल्टेज के कारण बच्चे रात भर सो नहीं पा रहे हैं, जिससे उनकी सेहत और पढ़ाई दोनों पर बुरा असर पड़ रहा है। पेयजल न उपलब्ध हो पाने से समस्या और बढ़ गई है। ग्रामीण राजू, रामू और रमेश ने बताया कि विभाग के अधिकारियों को कई बार इस समस्या से अवगत कराया गया है, लेकिन उनके कान पर जूं तक नहीं रेंग रही। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायत के बावजूद बिजली व्यवस्था में सुधार के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। भीषण गर्मी में पानी और बिजली के अभाव ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है।

# डंपर की टक्कर से ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, गेहूं बिखरा



डंपर की टक्कर से क्षतिग्रस्त ट्रैक्टर ट्राली और सड़क पर फैला गेहूं। अमृत विचार

- पौथिया गांव में सड़क के किनारे खड़ा था ट्रैक्टर, डंपर पकड़ा गया

संवाददाता, पौथिया (हमीरपुर)

अमृत विचार। घर के बाहर गेहूं से लदे टैक्टर ट्राली में डंपर ने टक्कर मार दी। ट्राली पलटने से गेहूं फैल गया वहीं टैक्टर क्षतिग्रस्त हो गया। पौथिया गांव निवासी आलोक सचान ने ललपुरा थाने में तहरीर देकर बताया कि शनिवार रात करीब एक बजे अपने खेत से गेहूं की फ़सल की कतराईं करके ट्रॉली में गेहूं लाद कर राठ स्टेट हाईवे में सड़क किनारे घर के पास जैसे ही खड़ा किया तभी हमीरपुर की ओर से आ रहे डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ट्रॉली पलटने से अनाज फैल गया। टैक्टर क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना पर पहुंची ललपुरा पुलिस ने डंपर को थाने में खड़ा कराया है। एसआई सिद्धनाथ राय ने कहा कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

### ट्रक की टक्कर से साले और बहनोई घायल

राठ। पनवाड़ी मार्ग पर गिरवर गांव के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने गलत दिशा से आकर बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी ले जाया गया। महोबा जनपद के महोबकंठ थाना क्षेत्र के टिकरिया गांव निवासी विनोद (34) पुत्र डालचंद और उनका साला दीपक निवासी फदना थाना पनवाड़ी के साथ बाइक से फदना गांव जा रहे थे। रविवार दोपहर राठ पनवाड़ी मार्ग पर गिरवर गांव के पास उल्टी दिशा से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। घालयों को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। जहां उनका इलाज चल रहा था।

### पारिवारिक विवाद में दंपति को पीटा

मौदहा। पारिवारिक विवाद में चचेरे ससुर ने दंपति को पीट दिया, जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बिंवार थाना क्षेत्र के खडेहीजार की रोशनी ने थाने में तहरीर देकर बताया कि चचिया ससुर जयकरन उस पर टंकी चोरी का आरोप लगाकर गालीगलौज कर रहा था। उसने विरोध किया तो वह मारपीट करने लगा। मारपीट कर उसे और उसके पति को घायल कर दिया। महिला का आरोप है कि उसके ससुर ने उसके शरीर में दांतों से भी कई जगह काटा है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



उद्घाटन समारोह में मौजूद विधायक मनीषा अनुरागी और अन्य लोग। अमृत विचार

### सभागार का विधायक ने किया उद्घाटन

मुस्करा। बुंदेलखंड ब्राह्मण एकता समिति सरसई बड़ा राठ की ओर से श्यामला देवी मंदिर में भगवान परशुराम की जयंती मनाई गई। समिति की ओर से निर्मित सभागार का उद्घाटन राठ अध्यक्ष बबलू बुधौलिया की उपस्थिति में विधायक मनीषा अनुरागी ने किया।

सम्मेलन की अध्यक्षता गायत्री शक्तिपीठ संयोजक चंद्रशेखर मिश्र ने की। गायत्री शक्तिपीठ के लक्ष्मण लाल त्रिपाठी एवं प्रधान संगठन राष्ट्रीय महासचिव तथा ज्योतिष विचार मंच के संस्थापक हर स्वरूप व्यास, नघारा घाट के महंत खेड़ा इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य पं शिवकरण सहित अनेक वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। एकता समिति के अध्यक्ष जितेंद्र महाराज, राकेश पालीवाल, अरविंद पटेरिया, सुभाष मिश्रा, नन्हे महाराज, मनीष शुक्ला, हरिश्चंद्र त्रिपाठी आदि ने अतिथियों का सम्मान किया। ब्राह्मण एकता समिति के अथक प्रयास से एक बहुत बड़े सभागार का निर्माण कराया गया है।

# नगर पंचायत ने रास्ते में लगाया टैक्स, डीएम तक पहुंचा मामला

संवाददाता, सुमेरपुर

अमृत विचार। कस्बे के वार्ड संख्या 6 में नगर पंचायत ने सार्वजनिक रास्ते में टैक्स लगाकर भवन निर्माण के लिए नक्शा स्वीकृत कर दिया है। जानकारी होने पर लोगों ने मामले की शिकायत जिलाधिकारी से की है। जिलाधिकारी ने पूरे मामले की जांच के निर्देश दिए हैं।

वार्ड 6 के निवासी दुलीचंद प्रजापति ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि नगर पंचायत में सार्वजनिक रास्ते को प्लाट दर्शाकर टैक्स लगाकर निर्माण के लिए नक्शा स्वीकृत कर दिया है। जबकि जून 2017 में एसडीएम सदर ने इसकी जांच कराकर सार्वजनिक रास्ता घोषित किया था। क्योंकि विपक्षी मुसीबत खान, बकरुद्दीन, सलामुद्दीन के पास संबंधित जमीन के किसी तरह के वैध कागजात नहीं है। इसके बाद नगर पंचायत से सांठगाठ बनाकर उन्होंने फर्जी ढंग से टैक्स लगवाकर नक्शा स्वीकृत कराया है। जबकि यहां दशकों से रास्ता है। जिससे लोगों का आवागमन हो रहा है। जिलाधिकारी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के आदेश दिए हैं। नगर पंचायत के ईओ दिनेश चंद्र आर्य ने बताया कि नक्शा रास्ते का नहीं प्लाट का पास किया गया है। नगर पंचायत के अभिलेखों में कोई रास्ता नहीं दर्ज है।



सुमेरपुर के इसी आम रास्ते पर टैक्स लगाने की हुई शिकायत। अमृत विचार

### एक्सपायरी डेट का बीज बेचने का आरोप

राठ। कस्बे के कोट बाजार इलाके के एक बीज भंडार संचालक पर किसान ने एक्सपायरी तिथि के बीज बेचने का आरोप लगाया है। बीज विक्रेता ने उसे दवाएं भी दीं। पीड़ित किसान ने डीएम घनश्याम मीणा से कार्रवाई की गुहार लगाई है।

गोहांड के रामजीवन ने डीएम को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसने दुकान से दो बार मूली के बीज खरीदे थे। बुवाई के बाद फसल ठीक न होने की शिकायत की तो दुकानदार ने उसे फसल में मिलाने के लिए दवाएं भी दीं, लेकिन फसल ठीक नहीं हुई। जब वह बीज के दो-तीन पैकेट वापस करने गया तो उसकी नजर एक्सपायरी डेट पर पड़ी। उसने दुकानदार से एक्सपायरी डेट के बीज बेचने की बात कही तो दुकानदार उल्टी उसी पर भड़क गया।

# 2 लाख कैश व सोने के जेवर लेकर गई किशोरी

- दो युवकों पर बहलाकर ले जाने का आरोप, मुकदमा दर्ज

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

अमृत विचार। चिकासी थाना क्षेत्र के एक गांव में 16 वर्षीय किशोरी कूड़ा फेंकने के बहाने घर से निकली और गायब हो गई। वह 2 लाख नकदी और सोने के जेवरात भी ले गई है। किशोरी के पिता ने पीलीभीत जनपद के हार्वेस्टर चालक इमरान और उसके साथी रिहान पर बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए चिकासी थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

चिकासी थाने में दर्ज कराए मुकदमें में बताया गया कि शुक्रवार की शाम करीब 6:30 बजे 16 वर्षीय पुत्री अपने घर से कूड़ा-कचरा फेंकने गई थी। जब काफी देर तक वापस घर नहीं लौटी तो सभी संभावित स्थानों पर खोजबीन की गई, लेकिन कहीं पर भी पता नहीं चल सका। छानबीन में पता चला कि पीलीभीत जनपद निवासी हार्वेस्टर चालक इमरान और उसका साथी रिहान बहला-फुसलाकर पुत्री को अपने साथ ले गए हैं।

पिता ने यह भी बताया कि उसकी पुत्री घर में रखे 2 लाख रुपये की नकदी सहित सोने के जेवरात भी साथ ले गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले में चिकासी थाने के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच के साथ ही आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**अपनापन झलका** | रिजर्व पुलिस लाइन में 'बड़ा खाना' कार्यक्रम का आयोजन, डीआईजी, डीएम और एसपी पहुंचे

# अफसरों ने परोसा खाना, रिक्रूट ने चाव से छका

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। रिजर्व पुलिस लाइन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों का उत्साह और मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष 'बड़ा खाना' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा के पुलिस उप महानिरीक्षक राजेश एस, जिलाधिकारी घनश्याम मीना और पुलिस अधीक्षक मृगांग शेखर पाठक रिक्रूट के बीच उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षणाधीन रिक्रूट आरक्षियों के साथ संवाद स्थापित कर उनके मनोबल को सुदृढ़ करना तथा उन्हें यह संदेश देना था कि प्रशासन एवं पुलिस विभाग उनके साथ हर कदम पर खड़ा है। "बड़ा खाना" जैसी परंपरा पुलिस विभाग में आपसी भाईचारे, अनुशासन एवं एकजुटता का प्रतीक मानी जाती है। इसी क्रम में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा स्वयं रिक्रूट आरक्षियों को भोजन परोसना एक प्रेरणादायक पहल रहा। यह दृश्य न केवल भावनात्मक रूप से प्रेरणादायक था, बल्कि इससे रिक्रूट आरक्षियों में आत्मीयता एवं अपनत्व की भावना भी प्रबल हुई।

इसके बाद अधिकारियों ने रिक्रूट आरक्षियों के साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया और एक सकारात्मक वातावरण का निर्माण हुआ। अधिकारियों ने रिक्रूट आरक्षियों से संवाद करते हुए उन्हें प्रशिक्षण के महत्व, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। 'बड़ा खाना' कार्यक्रम ने न केवल रिक्रूट आरक्षियों के मनोबल को बढ़ाया, बल्कि विभागीय एकता एवं समन्वय को भी मजबूत किया।

समापन अवसर पर अधिकारियों द्वारा सभी रिक्रूट आरक्षियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। और उन्हें निरंतर परिश्रम एवं अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस प्रकार यह "बड़ा खाना" कार्यक्रम अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक रहा, जिसने पुलिस विभाग में सकारात्मक ऊर्जा एवं उत्साह का संचार किया। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक व समस्त क्षेत्राधिकारी व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



बड़ाखाना कार्यक्रम में रिक्रूट आरक्षियों को भोजन परोसते अधिकारी। अमृत विचार

### दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर घायल

मौदहा। शादी में शामिल होकर बाइक से गांव लौट रहे एक अधेड़ को वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की मदद से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां हालत नाजुक देखते हुए उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

बिवांर थाना क्षेत्र के रतौली का गोविंद वर्मा (55) पुत्र रामआसरे कस्बे में शादी का निमंत्रण देने के बाद बाइक से वापस अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान मुस्करा रोड स्थित रमना पुलिया के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।हादसे में गोविंद वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद राहगीरों ने तत्काल उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। हालत में सुधार न होने पर डॉक्टरों ने उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

# मॉडिफाइड साइलेंसर मिलने पर होगी कार्रवाई

- डीलरों, वर्कशॉप संचालकों को बैठक में दी गई सख्त हिदायत

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। शहर और सुमेरपुर वर्कशाप का निरीक्षण करने के बाद एआरटीओ ने कार्यालय में बैठक की। एआरटीओ अमिताभ राय ने डीलरों, वर्कशॉप संचालकों को निर्देश दिए कि मॉडिफाइड साइलेंसर प्रेशर हॉर्न से उत्पन्न ध्वनि प्रदूषण के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत धारा 182 A (3) कार्रवाई की जाएगी। यदि ऐसा करते कोई संचालक पाया गया तो एक लाख का जुर्माना लगाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि जिन वाहन स्वामियों ने परिवर्तन किया जाएगा, उनके विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इसके तहत प्रत्येक परिवर्तन के लिए 5 हज़ार रुपये तक का जुर्माना एवं धारा 190(2) में ध्वनि प्रदूषण फैलाने पर 10 हज़ार रुपया का जुर्माना किया जा सकता है। जो कोई व्यक्ति किसी सार्वजनिक स्थान में ऐसा मोटरयान चलाएगा अथवा चलाने देगा जिससे सड़क सुरक्षा शोर नियंत्रण एवं वायु प्रदूषण के संबंध में मानकों का उल्लंघन होता है उनके विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही 3 माह के लिए उसका ड्राइविंग लाइसेंस अयोग्य कर दिया जाएगा। प्राथमिकता से वाहन पंजीयन प्राप्त कर धारा 53 में निलंबन की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके विरुद्ध सख्ती से अभियान चलाया जाएगा। बताया सुमेरपुर मार्ग पर दो ऐसे वाहनों की विरुद्ध चालान की कार्यवाही की गई है।वर्कशॉपों के निरीक्षण के दौरान एआरटीओ अमिताभ राय, पीटीओ चंदन पांडेय एवं आरआई गिरीश चंद्र मौजूद रहे।

### पराली की आग से 10 बीघे गेहूं जला

सुमेरपुर। भभौरा में दोपहर को एक सिरफिरे युवक ने खेत में खड़ी गेहूं की पराली में आग लगा दी। पराली की आग ने आसपास खड़ी गेहूं की फसल को भी जलाकर राख कर दिया। फायर ब्रिगेड की टीम ने काबू पाया। आग से करीब एक लाख की फसल जलने का अनुमान है।

ग्राम पंचायत जलाला के मजरा भभौरा में रविवार दोपहर करीब 12 बजे एक सिरफिरे युवक ने गेहूं की पराली में आग लगा दी। आग से पांच बीघे की पराली के साथ गांव के राशन विक्रेता वीरेंद्र सिंह की 10 बीघे में खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। प्रधान प्रतिनिधि गौरव सिंह ने घटना से डायल 112 तथा फायर ब्रिगेड को सूचित किया। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पाया। इससे करीब एक लाख के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। सूचना पर लेखपाल ने नुकसान का सर्वे किया।

न्यूज ब्रीफ

### छेड़खानी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**कुलपहाड़।** कमालपुरा में 13 वर्षीय पुत्री के साथ छेड़छाड़ करने वाले के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में अभियोग दर्ज किया गया था। विवेचना उपनिरीक्षक अनिल कुमार यादव ने उपनिरीक्षक अनिल कुमार यादव व कांस्टेबल गजेंद्र के साथ रविवार को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त भूरा काछी (45) पुत्र ननुवा काछी निवासी कमालपुरा को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेशी के लिए भेजा गया।

### पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को पकड़ा

**महोबा।** खरेला पुलिस ने महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए विभिन्न धाराओं में दर्ज मुकदमा के नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक सत्येन्द्र सिंह ने कांस्टेबिल दीपक मौर्या के साथ अभियुक्त जगभान यादव पुत्र रामचरन यादव निवासी ग्राम पाठा थाना खरेला को मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी के लिए भेज दिया है।

### ओवर स्पीड में वाहनों के किए गए चालान

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में जिले में यातायात व्यवस्था सुदृढ़, सुरक्षित और सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से विशेष अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। प्रभारी यातायात सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में रविवार को यातायात पुलिस टीम ने कानपुर सागर नेशनल हाईवे पर स्पीड राडार गन के माध्यम से मानक गति से अधिक गति से संचालित हो रहे वाहनों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करते हुए ओवरस्पीडिंग के चालान किए गए। यातायात पुलिस टीम ने सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से लवकुश नगर तिराहा क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान वाहन चालकों को हेलमेट, सीट बेल्ट के प्रयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन करने तथा यातायात नियमों का अनुपालन करने के लिए जागरूक किया गया।

# स्यावन में गहराया पानी का संकट

संवाददाता कार्यालय, महोबा

- लाखों रुपये की लागत से बनाई गई पानी की टंकी बनी शोपीस


गांव में बनी पानी की टंकी।

**अमृत विचार।** विकास खंड जैतपुर के स्यावन गांव में गर्मी शुरू होते ही पेयजल संकट गहराने लगा है। लगभग तीन हजार की आबादी वाले इस गांव में जल निगम की ग्राम पेयजल योजना धरातल पर उतरती नजर नहीं आ रही। योजना के तहत पाइप लाइन तो बिछा दी गई, लेकिन ज्यादातर पाइपों में टोटियां नहीं लगाई गई साथ ही गांव के बाहर बनाया गया ओवरहेड टेंक शोपीस बनकर रह गया है जिससे ग्रामीणों को पानी को लेकर भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों को पेयजल आपूर्ति मुहैया कराने की गरज से गांव के बाहर बनाए गए ओवरहेड टेंक का ग्रामीणों कोई लाभ नहीं मिल पा रहा है। हर घर जल योजना के तहत पाइप लाइन तो बिछाई गई, लेकिन कई स्थानों पर पाइपों में टोटियां तक नहीं लगाई गई हैं। वहीं सड़कों की खुदाई के बाद उन्हें सही तरीके से दुरुस्त भी नहीं किया गया, जिससे ग्रामीणों को जहां एक तरफ पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा वहीं दूसरी तरफ आवागमन में भी दिक्कत हो रही है।

लाखों रुपये की लागत से बनाए गए ओवरहेड टेंक में थोड़ा बहुत पानी पहुंच पाता है, जिससे ग्रामीणों के घरो तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। जल संकट के चलते ग्रामीणों को दूर दराज के क्षेत्रों से पानी लाना पड़ रहा है। महिलाएं और बच्चे रोजाना पानी के लिए भटकने को मजबूर हैं, जिससे जन जीवन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि योजना कागजों में तो पूरी दिख रही है, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। बार बार शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। वहीं अधिकारियों का कहना है कि कार्य प्रगति पर है और जल्द ही पेयजल की समस्र्र से निजात मिलेगी।

# स्मार्ट मीटर और कटौती के खिलाफ प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- प्रदर्शन को देखते हुए एसडीओ कार्यालय में लगेंगे कैंप
- अधिशाषी अभियंता ने 23 अप्रैल तक कैंप लगाने के दिए निर्देश



चरखारी तहसील में प्रदर्शन करते बिजली उपभोक्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** स्मार्ट मीटर और बिजली कटौती के खिलाफ रविवार को भी लोगों का गुस्सा सड़क पर दिखा। लोगों ने उप खंड कार्यालय में प्रदर्शन कर विरोध जताया। जिले में स्मार्ट मीटर को लेकर किए जा रहे प्रदर्शन के मद्देनजर बिजली विभाग के अधिशाषी अभियंता ने उपभोक्ताओं की मीटर संबन्धी समस्याओं के निराकरण के लिए सभी उपखंड कार्यालयों में 23 अप्रैल तक प्रतिदिन कैंप लगाने के निर्देश दिए हैं।

बिजली विभाग की ओर से लगाए गए स्मार्ट मीटर में अत्याधिक बिल आने और भीषण गर्मी के मौसम में बिजली कटने से आहत शहर के लोगों ने बिजली उपखंड कार्यालय में जमकर हंगामा काटा। इसी तरह चरखारी में लगाए गए स्मार्ट मीटर के उपभोक्ताओं द्वारा दो-दो हजार रुपये अतरिक्त जमा करने के दस दिन बाद ही उनके पैसे खत्म हो गए और बिजली कट गई। इस समस्या से नाराज चरखारी वासियों ने उप जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी करते हुए स्मार्ट मीटर की जांच कराए जाने की मांग की है।

जिले में चारो तरफ हो स्मार्ट मीटर के विरोध के चलते बिजली विभाग के अधिशाषी अभियंता ने स्मार्ट मीटर से आ रही दिक्कतों के समाधान के लिए सभी उपखंड कार्यालयों में 23 अप्रैल तक प्रतिदिन कैंप लगाकर बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं का निराकरण कराए जाने के निर्देश दिए, जिससे जगह-जगह हो रहे विरोध प्रदर्शन पर रोक लग सके।

# आग से 10 खेतों पर रखा भूसा व गेहूं की पराली जलकर राख

## दमकल विभाग के जवानों ने एक घंटे की मशक्कत से आग पर पाया काबू

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- एक खेत पर लगी आग हवा के झोकों के साथ आसपास फैली
- भूसा जलने से किसानों के सामने पशुओं के चारे का संकट गहराया


चरखारी-श्रीनगर मुख्य मार्ग के किनारे खेतों पर लगी आग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** चरखारी तहसील क्षेत्र के श्रीनगर मुख्य मार्ग किनारे एक खेत में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आसपास के दस किसानों के खेतों तक आग फैल गई। चारो तरफ धुआं और आग की लपटें देखकर किसानों ने फायर ब्रिगेड विभाग को फोन कर सूचना दी। समय से मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, जिससे फसल तो बच गई, लेकिन खेतों में रखा भूसा और पराली जलकर राख हो गया। लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर आगजनी से हुए नुकसान का सर्वे किया।

चरखारी श्रीनगर मुख्य सड़क मार्ग पर स्थित खेतों में अचानक आग लग गई। इस घटना में पूर्व पालिकाध्यक्ष मानकुंवर अनुरागी सहित 10 किसानों का हजारों रुपये का भूसा और पराली जलकर राख हो गया। फायर ब्रिगेड की मदद से करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग लगने से सूपा, महारानगर और बम्होरी बेलदारन मौजा के खेत प्रभावित हुए। पूर्व पालिकाध्यक्ष के खेत में लगी आग तेजी से भागीरथ, निपत, माखनलाल, रामसेवक, रामसिंह, रामनिवास और तुलसारानी सहित कुल 10 किसानों के खेतों तक फैल गई।

इस आगजनी से इन सभी किसानों का भूसा और पराली जलकर नष्ट हो गया। सूचना मिलने पर कानूनगो सत्यप्रकाश राठौर, सदर लेखपाल लक्षण सिंह और सूपा लेखपाल जितेंद्र कुमार उपाध्याय मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत फायर ब्रिगेड के वाहनों को बुलाया, जिसके बाद आग पर नियंत्रण पाया जा सका। लेखपाल ने बताया कि इस घटना में खड़ी फसल को कोई नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन खेतों में रखा भूसा और पराली को नुकसान हुआ है।

# भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं ने फूंका इंडिया गठबंधन का पुतला

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास नहीं होने पर किया गया प्रदर्शन
- आल्हा चौका पर प्रदर्शन करने के साथ विपक्ष के खिलाफ नारेबाजी


इंडिया गठबंधन का पुतला फूंकतीं भाजपा महिला कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा और राज्य विधनसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने से संबंधी संविधान संशोधन विधेयक के पास नहीं होने पर सियासत गरमाने लगी है। संसद में बिल के विरोध में की गई वोटिंग में वोट कम मिलने से नाराज भाजपा महिला कार्यकर्ताओं ने शहर के आल्हा चौक में जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन दौरान इंडिया गठबंधन के नेताओं का पुतला फूंकते हुए जमकर नारेबाजी की।

भारतीय जनता पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं ने महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष डॉ. विभा पुरवार के नेतृत्व में एकजुट होकर इंडिया गठबंधन के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का मुख्य कारण संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर विपक्ष का रुख रहा। आल्हा चौक पर एकजुट होकर महिला प्रदर्शनकारियों ने इंडिया गठबंधन के नेताओं राहुल गांधी, अखिलेश यादव और ममता बनर्जी का पुतला फूंकते हुए जमकर नारेबाजी की और विपक्ष पर महिला विरोधी होने का आरोप लगाया। महिलाओं का आरोप है कि कांग्रेस, सपा और टीएमसी जैसी पार्टियों की वजह से आधी आबादी को उनका हक मिलने में बाधा आई है।

जिला उपाध्यक्ष नीतू श्रीवास्तव ने कहा कि विपक्ष ने न केवल एक बिल को अधर पर लटका दिया बल्कि करोड़ों महिलाओं के सपनों और विकास की राह में रोड़ा अटकाया है। उन्होंने कहा कि जब एक नारी सशक्त होती है, तो पूरा राष्ट्र सशक्त होता है, लेकिन विपक्ष ने अपनी राजनीति के चलते इस सशक्तिकरण की प्रक्रिया को कुचलने का काम किया है। यदि यह बिल पास हो जाता, तो संसद में महिलाओं की संख्या और उनकी आवाज, दोनों मजबूत होतीं।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व पर गूंजे भजन

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- शहर के रामकुंड शिवालय में भक्तों ने किया रुद्राभिषेक
- कबरई और कुलपहाड़ कस्बे के शिवालयों में भी कार्यक्रम हुए


रामकुंड में रुद्राभिषेक के लिए पहुंचे भक्त। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सोमनाथ मंदिर पर 1026 ईस्वी में हुए प्रथम आक्रमण एवं मंदिर के जीर्णोद्धार के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन रविवार को किया गया। इस अवसर पर जिले के बलखंडेश्वर, राकुंड, महाकालेश्वर मंदिर सहित आदि शिवालयों में भजन कीर्तन, जलाभिषेक, रूद्राभिषेक आदि कार्यक्रम आयोजित किए गये।

सोमनाथ मंदिर के जीर्णोद्वार के 75 वर्ष पूरे होने पर शहर के प्राचीन बलखंडेश्वर महादेव मंदिर में लोक गायक शिवाकांत द्विवेदी और उनकी टीम ने शिव भजन प्रस्तुत किये गये। रामकुण्ड स्थित शिवालय में आचार्य कुंजबिहारी रिछारिया व अन्य आचार्यों ने रूद्राभिषेक किया। कबरई स्थित शिवालय में बाल गायिका समीक्षा, दीक्षा ने शिव भजन प्रस्तुत कर भक्तिमय माहौल बनाया। महाकालेश्वर मंदिर चरखारी में दृष्टि दिव्यांग गायक आनंद कुमार ने शिव भजन प्रस्तुत कर भक्तों को भक्ति में सरावोर कर दिया। इसी प्रकार खरेला के श्रृंगी ऋषि मंदिर में गायक इंद्रजीत सिंह ने भजनों की प्रस्तुति दी, जबकि कुलपहाड़ के शिवालय में गायिका अनीता सक्सेना ने भजन प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। जैतपुर के बेलाताल के पास शिवालय पर भी कलाकारों ने भजन प्रस्तुत किए गये। इसी प्रकार जिले के प्रमुख शिवालयों पर भजन कीर्तन आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**बेलाताल।** अजनर नौगांव मार्ग पर बिजौरी पुल के समीप रविवार को कार व बाइक की टक्कर में बाइक चालक घायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर डायल 112 पुलिस ने घायल को जैतपुर सीएचसी भेजा, जहां से हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया।

बुधवारा निवासी राघवेन्द्र पुत्र खेमचंद्र (26) बाइक से नौगांव जा रहा था। बिजौरी पुल के समीप सामने से आई तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे राघवेंद्र उछलकर सड़क किनारे गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। दुर्घटना देख आसपास के ग्रामीण व राहगीर मौके पर पहुंचे पुलिस को सूचना दी। डायल 112 पुलिस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर ले जाया गया, जहां से डाक्टर ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। दुर्घटना में बाइक और कार क्षतिग्रस्त हो गई, जिसे पुलिस ने कब्जे में लिया है।

# 25 सीटें नहीं मिलीं तो अकेले चुनाव लड़ेगी शिवसेना

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- शिवसेना के कार्यकर्ता सम्मेलन में किया गया ऐलान
- सम्मेलन में एक सैकड़ा लोगों ने सदस्यता ग्रहण की


सम्मेलन को संबोधित करते शिवसेना जिलाध्यक्ष प्रदीप पांडेय। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आगमी 2027 विधानसभा चुनाव को शहर के एक गेस्ट हाउस में शिवसेना का कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न हुआ। सम्मेलन में पार्टी के विस्तार के साथ और अधिक मजबूत बनाए जाने पर जोर दिया गया साथ ही विधानसभा चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश में एनडीए गठबंधन से 25 सीटों न दिए जाने पर अकेले चुनाव लड़ने की गठबंधन को चेतावनी भी दी गई। इस मौके पर एक सैकड़ा से अधिक नए सदस्यों ने पार्टी की सदस्या ग्रहण की।

कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बाद पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रदीप पांडे ने कहा कि उनकी पार्टी उत्तर प्रदेश में एनडीए गठबंधन से 25 विधानसभा सीटों की मांग कर रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि शिवसेना को सम्मानजनक सीटें नहीं मिलती हैं, तो पार्टी प्रदेश की सभी महत्वपूर्ण सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अब गांव गांव जाकर पार्टी की विचारधारा का प्रचार करें। उन्होंने जनता को संगठन से जोड़ने और जमीनी स्तर पर पार्टी को मजबूत करने पर जोर दिया। भवानी सेना की जिलाध्यक्ष माया सैनी और नेहा धुरिया सहित कई महिला पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती पर बल दिया। पार्टी के मंडल प्रभारी जितेंद्र द्विवेदी ने विश्वास व्यक्त किया कि बुंदेलखंड की धरती से शुरू हुआ यह जनसंपर्क अभियान आने वाले दिनों में प्रदेश की राजनीति में शिवसेना के बढ़ते प्रभाव को दर्शाएगा।

इस बैठक को 2027 विधानसभा चुनावों के लिए शिवसेना के चुनावी अभियान का हिस्सा बताया जा रहा है। पार्टी विस्तार और संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से हुए इस कार्यक्रम में भारी उत्साह देखा गया। चित्रकूट मंडल प्रभारी और वरिष्ठ अतिथि आदर्श तिवारी की उपस्थिति में 100 से अधिक नए सदस्यों ने शिवसेना की सदस्यता ली। बैठक के। सम्मेलन में महिला शक्ति की भी महत्वपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। नए सदस्यों के शामिल होने से भरोसा जताया जा रहा है कि जिले व आसपास के जिलों में पार्टी एक बड़े विकल्प के रूप में उभरेगी। अब देखना यह होगा कि गठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर शिवसेना का यह दबाव राजनीति में क्या नया मोड़ लेकर आता है। फिलहाल, 100 नए चेहरों के साथ शिवसेना ने बुंदेलखंड की राजनीति में अपनी सक्रियता बढ़ाकर अन्य दलों की धड़कनें जरूर तेज कर दी हैं।

सत्संग

सत्संग में कवियों ने प्रस्तुत की कबीर पर आधारित रचनाएं

# आत्मा और परमात्मा का भेद मिटाता ज्ञान

कार्यालय संवाददाता, महोबा


सत्संग के दौरान कबीर वंदना प्रस्तुत करते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** संत करीब अमृतवाणी सत्संग समिति के तत्वावधान में महोबा में बुंदेलखंड के ऐतिहासिक गोरखगिर पर्वत की परिक्रमा मार्ग पर कटकुलवापुरा स्थित करीब आश्रम में सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया। सत्संग की शुरूआत कबीरी वंदना से की गई।

इसके बाद समिति प्रमुख एवं साई कालेज प्राचार्य डॉ. एलसी अनुरागी ने कहा कि अध्यात्म ज्ञान ही मुक्ति का सच्चा मार्ग है, जो आत्मा और परमात्मा के भेद को मिटाकर अज्ञानता से छुटकारा दिलाता है। यह आत्म साक्षात्कार के माध्यम से अहंकारी सोच को दूर कर, मनुष्य को जन्म मरण के बंधन और मानसिक बेचैनी से मुक्ति प्रदान करता है। ज्ञान, विशेषकर आत्मज्ञान, अहं, आसक्ति और सांसारिक दुखों से मुक्ति का एकमात्र साधन माना गया है।

समिति प्रमुख ने कहा कि ज्ञान से मुक्ति मिलती है, ज्ञान प्राप्त करने के लिए मनुष्य को दूध की तरह पवित्र बनना पड़ता है। जिस प्रकार दूध से घी दही मक्खन मट्ठा आदि का निर्माण होता है, उसी प्रकार कबीर की आधी साखी में चारो वेदों का निचोड़ है। कबीर ने स्पष्ट कहा था कि बलिहारी वह दूध की जामें निकसे घीव, आधी साखी कबीर की चार वेद का जीव। पं. हरीशंकर नायक ने कहा कि जहां दया है जहां लोभ है वहां पाप है, जहां क्रोध है वहां काल है, जहां क्षमा है वहां ईश्वर है। पं. आशराम तिवारी ने कहा जो सुख सत्संग और साधु संगत में मिलता है वह सुख स्वर्ग में भी नही मिलता।

अधिवक्ता सुनीता अनुरागी ने कहा कि सच्चे गुरु की शरण मोक्ष और आध्यात्मिक उन्नति के लिए अनिवार्य मानी जाती है, क्योंकि वे तत्वज्ञान के द्वारा परमात्मा की प्राप्ति का सही मार्ग दिखाते हैं और अज्ञानता को दूर करते हैं। पूर्ण गुरु से दीक्षा लेकर सतनाम और सारनाम की भक्ति करने से ही जन्म मरण के चक्र से मुक्ति और मोक्ष की प्राप्ति संभव है। कवि हरिश्चंद्र वर्मा ने स्वरचित रचना सुनाई कि कबीर साहब मेरी बंदगी स्वीकार करो, डूबती नैया से मुझे पार करो। जगदीश रिछारिया ने भजन मैली चादर ओढ़कर प्रभु मैं कैसे द्वार आऊं। सत्संग में कामता प्रसाद चौरसिया, अवधेश अवस्थी व लखनलाल ने भी कबीरी भजन प्रस्तुत किए। अंत में समिति प्रमुख ने सभी को प्रसाद वितरण किया।

### दो परिवारों के बीच आपसी सुलह कराई

**महोबा।** पनवाड़ी मिशन शक्ति केंद्र ने काउंसिलिंग में समझौता कराते हुए दो दंपतियों का विवाद खत्म कराया। नौगांव फदना रोड निवासी भगवती पासवान पत्नी सुरेन्द्र पासवान ने बताया कि उनकी जेठानी रजनी और ननद भारती पासवान ने उनके साथ गाली गलौज व विवाद किया। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए मिशन शक्ति केंद्र के माध्यम से दोनों पक्षों को बुलाया गया, जहां समझौता कराया गया।

मिशन शक्ति टीम ने दोनों पक्षों की काउंसलिंग कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा आपसी मतभेदों को दूर करने के लिए समझाया बुझाया गया। काउंसलिंग दौरान द्वितीय पक्ष ने यह सहमति व्यक्त की गई कि भविष्य में वे आवेदिका के साथ किसी भी प्रकार का दुर्व्यवहार, गाली गलौज नहीं करेंगी। उक्त समझौते पर दोनों पक्षों की सहमति प्राप्त हुई, जिसके पश्चात आवेदिका संतुष्ट होकर अपने घर के लिए प्रस्थान कर गई।

# आग से निपटने को दिए गए टिप्स

संवाददाता कार्यालय, महोबा



मॉकड्रिल के दौरान जानकारी देते प्रभारी अग्निशमन अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत ग्रीष्म ऋतु में अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तहसीलों में स्थापित मैरिज हाल, होटल और दालमिलों में जाकर अग्नि सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरुक किया साथ ही मॉक ड्रिल का आयोजन कर उपस्थित लोगों को पंपलेट वितरित किए। इस मौके पर फायर टीम द्वारा लोगों आगजनी की घटनाओं से निपटने का प्रशिक्षण भी दिया गया।

प्रभारी अग्निशमन अधिकारी महेन्द्र सिंह के नेतृत्व में अग्निशमन टीम ने जिले के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों, जैसे ट्रेंड्स मॉल एवं डाग बंगला मैदान में आयोजित प्रदर्शनी स्थल पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित कर्मचारियों एवं आमजन को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए अग्निशमन यंत्रों के सही एवं प्रभावी उपयोग की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई साथ ही आग लगने की स्थिति में त्वरित एवं सुरक्षित प्रतिक्रिया देने के उपायों का प्रदर्शन कर व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। अग्निशमन विभाग ने यह संदेश दिया गया कि गर्मी के मौसम में छोटी सी लापरवाही भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है, अतः सभी नागरिक सतर्क रहें एवं अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करें।

प्रभारी अग्निशमन अधिकारी ने कहा कि गर्मी के दिनों में आग की घटनाएं बढ़ जाती है। विभाग के पास सीमित संसाधन होने के बाद भी तत्काल सूचना मिलने पर अग्निशमन विभाग की टीम पहुंचकर आग पर काबू करती है, बावजूद इसके आप लोगों को भी आग लगने पर इससे निपटने के लिए तैयार रहना चाहिए, जिससे दमकल विभाग का वाहन आने से पहले अग्निकांड की घटना उग्र रुप धारण न कर सके। यदि आसपास के लोग एकजुट होकर चारो तरफ से आग बुझाने के लिए जुट जाते हैं तो आसपास के मकानों, खेतों, दुकानों को आग से बचाया जा सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### अधिवक्ता ने की पूर्व सांसद पर अभद्र टिप्पणी की निंदा

**चित्रकूट।** एडवोकेट काउंसिल ऑफ इंडिया चित्रकूट के प्रभारी रामप्रकाश पांडेय एडवोकेट ने सांसद भैरों प्रसाद मिश्र के परिवारीजनों पर लालापुर के महंत द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक को मामले पर संज्ञान लेकर ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, जिससे मामला तनावपूर्ण न बने। उन्होंने कहा कि आयेदिन उस आश्रम में मारपीट की घटनाएं होती रहती हैं। आश्रम आस्था का केंद्र है। यहां श्रद्धालु असावर माता के दर्शन के लिए दूर-दूर से आते हैं। दर्शनार्थियों में भय का माहौल बना हुआ है। प्रशासन को ठोस कदम उठाने चाहिए

### अवैध शराब के लिए की छापेमारी

**चित्रकूट।** अवैध शराब पर अंकुश लगाने के लिए आबकारी विभाग ने कई जगहों पर छापेमारी की। विशेष प्रवर्तन अभियान के क्रम में थाना भरतकूप क्षेत्र के रसिन, रौली कल्याणपुर तथा सुदिनपुर के संदिग्ध स्थलों पर टीम ने दबिश दी।

### 24 को होगा रक्तदान शिविर का आयोजन

**चित्रकूट।** संत निरंकारी सत्संग भवन में मानव एकता दिवस पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी मीडिया सहायक सचिन श्रीवास्तव ने दी। सचिन ने बताया कि संत निरंकारी मिशन की शाखा संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन के तत्वाधान में यह शिविर 24 अप्रैल को लगाया जाएगा। इसमें जिला चिकित्सालय और जानकीकुंड अस्पताल की टीम मौजूद रहेगी।

### अग्नि सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

**चित्रकूट।** 20 अप्रैल तक चलने वाले अग्निशमन सेवा स्मृति दिवस सप्ताह के तहत अग्निशमन टीम ने व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, भवनों का निरीक्षण किया और लोगों को जागरूक किया। यदुनाथ सिंह मुख्य अग्निशमन अधिकारी के नेतृत्व में रविवार को फायर स्टेशन कर्वी प्रभारी अग्निशमन अधिकारी पवन कुमार त्यागी ने जानकारी देकर जिला चिकित्सालय में पंफलेट का वितरण किया।

# महंत के खिलाफ धरने पर बैठे पूर्व सांसद

## वाल्मीकि आश्रम के महंत ने भैरों प्रसाद व उनके परिवार पर की अभद्र टिप्पणी, मौके पर पहुंचा प्रशासन

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** वाल्मीकि आश्रम के महंत भरतदास के खिलाफ आखिरकार पूर्व सांसद और वरिष्ठ भाजपा नेता भैरों प्रसाद मिश्र ने रविवार को आश्रम परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। इनके साथ कई भाजपा नेता, व्यापार मंडल के पदाधिकारी, समर्थक आदि भी धरने पर बैठ गए। इनकी मांग है कि महंत को गिरफ्तार किया जाए और उसे यहां से अपदस्थ किया जाए।

गौरतलब है कि वाल्मीकि आश्रम के महंत भरतदास अक्सर चर्चा में बने रहे हैं। इनके खिलाफ मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं, परिसर के आसपास के दुकानदारों आदि ने कई बार मारपीट और अभद्रता के आरोप भी लगाए हैं। पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र ने शासन और उच्चाधिकारियों को महंत के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए पत्र भेजे हैं।

माना जा रहा है कि इसी से बौखलाकर महंत ने पूर्व सांसद और उनके परिवार के बुजुर्गों के प्रति ऐसी बातें कह दीं, जिसे सभ्य समाज में कतई बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। इनका वीडियो भी वायरल हो रहा (हालांकि 'अमृत विचार' इसकी पुष्टि नहीं करता।) भरतदास की टिप्पणियों से आहत होकर पूर्व सांसद रविवार को पार्टी के कई नेताओं, अपने समर्थकों के साथ मंदिर परिसर में धरने पर बैठ गए। समाचार लिखे जाने तक पूर्व सांसद का धरना जारी था। उन्होंने बताया कि जबतक कथित साधु को जेल नहीं भेजा जाता और उसे यहां से हटाया नहीं जाता तबतक उनका अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। मौके पर एसडीएम मानिकपुर मो. जसीम, सीओ राज कमल, रैपुरा, पहाड़ी और अन्य थानों की पुलिस मौजूद रही।


आश्रम परिसर में धरने पर बैठे पूर्व सांसद, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष व अन्य।


मौके पर मौजूद सीओ राज कमल व अन्य। अमृत विचार

### महंत के कमरे पर ताला पड़ा

बताया जाता है कि महंत भरतदास को जैसे ही पूर्व सांसद के धरने की भनक लगी, वह अपने कमरे में ताला लगाकर कहीं चले गए। हालांकि पूर्व सांसद का कहना था कि पुलिस ही अपनी सुरक्षा में बाबा को कहीं ले गई है। उन्होंने कहा कि कथित बाबा पर अबतक आठ मुकदमे लग चुके हैं। इसका आतंक समाप्त होना चाहिए।

### भाजपा जिला इकाई में दिखे दो फाड़

इस मुद्दे पर भाजपा की जिला इकाई दो फाड़ नजर आई। पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे, पहाड़ी ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी, जिला कोआपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, पूर्व विधायक दिनेश मिश्रा, सीआईसी प्रधानाचार्य डा. रणवीर सिंह चौहान आदि ने जहां बाबा की इस हरकत की कड़ी भर्त्सना की और पूर्व सांसद के साथ खड़े नजर आए। वहीं भाजपा के तमाम वर्तमान और पूर्व जनप्रतिनिधि ऐसे रहे, जिन्होंने इस गंभीर मुद्दे पर भी मुंह खोलने की जहमत नहीं उठाई। बताया जाता है कि इसमें कई ऐसे हैं, जो वाल्मीकि आश्रम के ट्रस्ट में भी शामिल हैं। मानिकपुर के पूर्व विधायक आनंद शुक्ला भी समर्थकों के साथ पहुंचे। उन्होंने महंत के वक्तव्य की निंदा की और तत्काल कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की। सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अनुज यादव ने भी सोशल मीडिया पर बाबा की निंदा करते हुए गिरफ्तारी की मांग की।

### देररात धरना समाप्त

पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा की प्रमुख मांगों पर देर शाम सहमति बनी। प्रशासन से लिखित आश्वासन पर धरना समाप्त हुआ। अपर एसपी सत्यपाल सिंह, मानिकपुर एसडीएम मो. जसीम, राजापुर सीओ राज कमल की उपस्थिति में ये सहमति बन पाई।

**मूल प्रतिलिपि में बाबा का नाम नहीं था :** जो रिपोर्ट दर्ज की गई है, उसमें महंत का नाम नहीं है। रिपोर्ट लालापुर में स्थित वाल्मीकि आश्रम के कथित साधू नाम पता अज्ञात करके लिखी गई है। इस संबंध में पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र का कहना था कि उन्होंने जो तहरीर दी थी, उसमें बाबा का नाम था।


महंत के कमरे में बंद ताला, मौजूद महिला आरक्षी। अमृत विचार

### दर्ज कराई बाबा के खिलाफ रिपोर्ट

गौरतलब है कि पूर्व सांसद ने इस संबंध में कर्वी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें उन्होंने कहा है कि लालापुर में स्थित वाल्मीक आश्रम के कथित साधु, जिस पर 7-8 मुकदमे इधर कई महीनों में मारपीट, बलवा और आतंक फैलाने के दर्ज हो चुके हैं। आज उसने सोशल मीडिया में मेरे लिए और मेरे स्व. पिजाजी के लिए बहुत ही अभद्र व अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया है। इन झूठी बातों व अमर्यादित भाषा से मेरी प्रतिष्ठा को आघात लगा है। उन्होंने बाबा को गुंडा, आतंकवादी बताते हुए उसे गिरफ्तार करने की मांग की है।

### ...तो इसलिए गिरफ्तारी से बच रही पुलिस

महंत के खिलाफ मानहानि, गुमनाम धमकी और सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम 2000 की धारा 67 के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। इन धाराओं में सात साल या उससे अधिक की सजा न होने की वजह से गिरफ्तारी से पुलिस बच रही है। उधर, पूर्व सांसद और उनके समर्थक आदि गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरने पर बैठे हैं। ऐसे में पुलिस और प्रशासन के सामने भी चुनौती बनी है। क्षेत्राधिकारी राजापुर राज कमल ने बताया कि महंत भरत दास द्वारा की गई एक टिप्पणी के विरोध में पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा धरने पर बैठे हैं। पूर्व सांसद महंत की गिरफ्तारी, उन्हें उनके पद से हटाए जाने और धर्मशालाओं तथा मंदिर परिसर को उनके कब्जे से मुक्त कराने की मांग कर रहे हैं। वह मौके पर हैं बातचीत कर समाधान निकालने का प्रयास कर रहे हैं। बताया कि पूर्व में ही आश्रम में एक अस्थायी पुलिस चौकी बना दी गई थी। पूर्व में महंत के विरुद्ध कई मामलों में एफआईआर दर्ज की जा चुकी है जिसमें पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

# दुष्कर्म मामले में महंत भाई के साथ गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

- यज्ञवेदी मंदिर के महंत पर एमपी की महिला ने दर्ज कराई थी रिपोर्ट

**अमृत विचार।** दुराचार के आरोप में पुलिस ने यज्ञवेदी मंदिर के महंत सत्यप्रकाश दास और उनके भाई जयप्रकाश पाठक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा दोनों को रिमांड मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

धर्मनगरी के यज्ञवेदी मंदिर के महंत सत्यप्रकाश दास और उनके सहयोगियों पर मध्य प्रदेश के एक जिले की रहने वाली महिला ने दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें एफआईआर दर्ज करने के बाद पुलिस ने फाइनल रिपोर्ट लगा दी थी। विवेचना को त्रुटिपूर्ण करार देते हुए 18 नवंबर 2025 को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने निरस्त करते हुए फिर से जांच कराने के आदेश पुलिस को दिए थे। पीड़िता ने उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर आरोपी महंत की गिरफ्तारी की मांग की थी। पति के साथ सीतापुर चौकी जाकर शिकायती पत्र दिया पर सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने उच्चाधिकारियों को भी अपने साथ हुए शोषण की जानकारी दी, फिर भी कोई सुनवाई नहीं हुई। आरोप है कि साथ ही आरोपियों ने धमकी दी। आरोपी महंत के विरुद्ध कई आपराधिक मामले पहले से दर्ज होने के भी आरोप हैं। पीड़िता का कहना था कि महंत के प्रभाव और दबाव के कारण उसे न्याय नहीं मिल पा रहा है। इसके चलते उसने न्यायालय में प्रार्थनापत्र दिया था। न्यायालय के आदेश पर कर्वी कोतवाली में जयप्रकाश पाठक, महंत सत्यप्रकाश दास व अरविंद्र के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। इस मामले में पुलिस द्वारा विवेचना के बाद एफआर लगा दी गई। जिसे सीजेएम कोर्ट द्वारा निरस्त करते हुए फिर से विवेचना करने के आदेश दिए गए थे। लगभग पांच माह बीतने के बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी न होने पर पीड़िता ने उच्च न्यायालय की शरण ली। इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति तरुण सक्सेना और जेजे मुनीर ने आदेश जारी कर इस मामले में चित्रकूट पुलिस से तत्काल रिपोर्ट देने को कहा था। इसके बाद कर्वी कोतवाली पुलिस ने महंत सत्यप्रकाश दास और उनके भाई जयप्रकाश पाठक को गिरफ्तार कर लिया। रविवार को दोनों को रिमांड मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया।

# नए पुल बनवाने के लिए केंद्र ने दी 28.31 करोड़ की मंजूरी

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय राजमार्ग-35 (कबरई-वाराणसी) पर जिले में पड़ने वाले पुराने एवं जर्जर पुलों के स्थान पर नवीन पुलों के निर्माण के लिए केंद्र सरकार ने 28.31 करोड़ रुपये की मंजूरी दी है।

प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार, इसके तहत बरुआ नाला पर एक दीर्घ सेतु व शिवरामपुर पुलिया-पदूई नाले पर लघु सेतु का निर्माण किया जाएगा। निर्माण कार्य भारतीय सड़क कांग्रेस (आईआरसी) एवं सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के मानकों एवं विशिष्टियों के अनुरूप किया जाएगा। पुलों पर क्रैश बैरियर, आधुनिक रोड सेफ्टी उपकरण एवं समुचित प्रकाश व्यवस्था जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

# परशुराम जन्मोत्सव : झांकियों का रहा आकर्षण

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** तुलसी जन्मकुटीर प्रांगण में अक्षय तृतीया के दिन भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान शोभायात्रा निकाली गई। इसमें भगवान विष्णु, भगवान परशुराम और हनुमान जी की झाकी आकर्षण का केंद्र रही।

महोत्सव की शुरुआत नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा, सुनील मिश्रा और मनोज द्विवेदी ने भगवान परशुराम की पूजा अर्चना विधि से की। शोभायात्रा की नगर के लोगों ने जगह-जगह पूजा अर्चना की। प्रसाद वितरण किया। देर रात तुलसी चौक में शोभायात्रा को विराम दिया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा ने कहा कि सनातन धर्म के रक्षक अन्याय व अत्याचार के विरुद्ध लड़ाई लड़ने वाले ब्राह्मण कुलश्रेष्ठ भगवान परशुराम विष्णु भगवान के छठे अवतार के रूप में जन्म लिया था। कार्यक्रम के आयोजक सुनील मिश्रा ने कहा कि भगवान राम ने भगवान परशुराम को ब्रह्म का ज्ञान कराया था। समाज में एकता अनुशासन के साथ समाज के उत्थान के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। शोभायात्रा में पूर्व विधायक आनंद शुक्ला, मनोज तिवारी, धीरेंद्र मिश्रा, रविंद्र मिश्रा, गणेश शुक्ला, अनुज हनुमत, मनोज द्विवेदी, सुशील द्विवेदी, अनिल त्रिपाठी, राजगुरु त्रिपाठी, अनिकेत त्रिपाठी, बृजेश शुक्ला, अनुज शुक्ला आदि मौजूद रहे।


शोभायात्रा में शामिल भगवान के स्वरूपों की झांकी। अमृत विचार

# धूमधाम से मनाया गया परशुराम जन्मोत्सव

**चित्रकूट।** ऋषि सत्संग भवन में रविवार को भगवान परशुराम का जन्मोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। परशुराम जन्मोत्सव समिति के तत्वाधान में हुए कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मन मोह लिया। समिति सदस्यों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। बच्चों को जयप्रकाश पांडेय, राकेश द्विवेदी, अरविंद मिश्रा, सुशील द्विवेदी ने सम्मानित किया। वक्ताओं ने कहा कि अन्याय के खिलाफ आवाज उठाएं। वक्ताओं में सुशील मिश्रा, शशांक द्विवेदी, विजय शुक्ला, बादल पयासी, रावेंद्र गौतम, बराती लाल पांडेय, वीरेंद्र पांडेय, गणेश मिश्रा, डा. सुरेंद्र द्विवेदी, हीरो मिश्रा आदि रहे।


परशुराम जयंती कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं। अमृत विचार

# विप्र समुदाय को सही मार्ग पर चलना होगा: विधायक

संवाददाता, कालपी

**अमृत विचार।** नगर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम के तहत विप्र समुदाय से सद्मार्ग पर चलने की अपील कर भगवान परशुराम की शोभायात्रा भी निकाली गई।

भगवान परशुराम को विष्णु का अवतार माना जाता है ऐसा पुराणों में भी वर्णित है। हालांकि उनके जन्म को कितने वर्ष हुए हैं इसका कोई स्पष्ट प्रमाण मौजूद नहीं है पर माना जाता है कि उनका जन्म अक्षय तृतीया को हुआ था इसी के चलते विप्र समुदाय उनका जन्मदिन आस्था और उल्लास के साथ मनाता है और इसी परम्परा के चलते रविवार को अक्षय तृतीया पर ठक्कर वापा इण्टर कालेज परिसर में विधि विधान से पूजन अर्चन किया गया। इस दौरान मौजूद महामण्डलेश्वर तथा बडा स्थान के महन्त रामकरनदास ने मौजूद विप्र समुदाय को सदमार्ग पर चलने की नसीहत देकर उनके द्वारा स्थापित मानदण्डों पर चलने की अपील की। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कहा कि यह समुदाय पुरातन काल से समाज को सही दिशा दिखाने का काम करता आया है लेकिन समाज अपने मार्ग से भटक रहा है जिससे उसका सामाजिक पतन भी हो रहा है। इसलिए विप्र समुदाय को सही मार्ग पर चलना होगा तभी उनका पुराना सामाजिक गौरव हासिल होगा। इस दौरान कैलाश स्वारूप वाजपेयी, ऋषभदेव महाराज, रामश्याम महाराज समेत कई वक्ताओं ने समाज को, सही दिशा में चलने के सम्बन्ध में विचार प्रकट किए। इस मौके पर भव्य शोभायात्रा का भी आयोजन हुआ जो ठक्कर वापा इण्टर कालेज से शुरू होकर टरननगंज, मुन्ना फुलपावर चौराहा, दुर्गा मन्दिर, कोतवाली के सामने से गुजर कर रामगंज वापस खोयामण्डी से होकर कालेज परिसर में समाप्त हो गई। यात्रा में भगवान परशुराम सहित अन्य झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। वहीं शोभायात्रा के दौरान किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो इसको लेकर सुरक्षा के भी व्यापक प्रबन्ध किए गए। शोभायात्रा के दौरान विप्र समुदाय के साथ बड़ी संख्या में सनातनी भी मौजूद रहे।


भगवान परशुराम जन्मोत्सव में शोभायात्रा निकालते श्रद्धालु। अमृत विचार

- हर्षोल्लास से मनाया गया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

# विज्ञापन के होर्डिंग्स और बैनरों में गुम हुए 'भगत सिंह'

संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** शहर के मुख्य चौराहे पर स्थित भगतसिंह की प्रतिमा प्रशासनिक अनदेखी और व्यावसायिक होड़ का शिकार हो गई है। आलम यह है कि चारों तरफ लगे बड़े-बड़े होर्डिंग्स और बैनरों के बीच शहीद की प्रतिमा पूरी तरह से दब चुकी है।

चौराहे के सौंदर्यीकरण और शहीदों के सम्मान के लंबे-चौड़े दावों के बीच जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। प्रतिमा के ठीक सामने और अगल-बगल निजी कंपनियों और राजनीतिक दलों के प्रचार वाले होर्डिंग्स इस कदर लगाए गए हैं कि दूर से देखने पर यह पहचानना भी मुश्किल है कि यहां कोई प्रतिमा स्थापित है। लोगों का कहना है कि यह न केवल शहीद का अपमान है, बल्कि शहर की सुंदरता पर भी एक धब्बा है। विशेष अवसरों (23 मार्च या 28 सितंबर) पर प्रशासन को शहीद की याद आती है और माला पहनाकर खानापूर्ति कर ली जाती है, लेकिन बाकी के 363 दिन ये महापुरुष विज्ञापनों के आगे गुम रहते हैं।


शहीद भगत सिंह की प्रतिमा के लगे पोस्टर।

हाल | सुराही-मटकों की बिक्री घटने से कुम्हारों की रोजी-रोटी पर संकट

# फ्रिज और वाटर कूलर लील गए 'मिट्टी की सुंगध'

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी की शुरुआत के साथ ही जहां कभी गांवों और कस्बों के बाजार मिट्टी के मटकों से सजा करते थे, वहीं आज बाजार सूने नजर हैं। कभी हर चौराहे पर कुम्हार अपने मटके, सुराही और घड़े लेकर बैठते थे और लोग ठंडे पानी के लिए इन्हें खरीदने उमड़ पड़ते थे, लेकिन अब आधुनिक उपकरणों की चमक में इनकी पहचान और महत्व खत्म होता जा रहा है।

एक समय था जब गर्मी आने से महीनों पहले ही पाठा क्षेत्र के कुम्हार दिन-रात मेहनत कर मटके तैयार करते थे। गांव से लेकर शहर तक इनकी भारी मांग रहती थी। लोग एक साथ चार-पांच मटके खरीदकर घरों में रखते थे, कि तपती गर्मी में ठंडा पानी मिल सके। लेकिन अब हालात पूरी तरह बदल चुके हैं। फ्रिज और वाटर कूलर ने मिट्टी के मटकों की जगह ले ली है, जिससे कुम्हारों का पुश्तैनी रोजगार संकट में आ गया है। गर्मी के बढ़ते प्रकोप के बीच जहां गरीब तबका आज भी ठंडे पानी के लिए मटकों पर निर्भर है, वहीं कुम्हार खुद प्यास और गरीबी से जूझ रहे हैं। एक ओर भीषण गर्मी लोगों को झुलसा रही है, दूसरी ओर कुम्हारों के घरों में चूल्हा जलाना भी मुश्किल होता जा रहा है। चित्रकूट के माफी कर्वी, कुम्हारन पुरवा, शंकर बाजार, पुरानी बाजार और तरौंहा जैसे क्षेत्रों में यह परंपरागत काम आज भी किसी तरह चल रहा है, लेकिन हालात बेहद चिंताजनक हैं। कुम्हार परिवारों का कहना है कि पूरा परिवार दिन-रात मेहनत करता है, फिर भी दो वक्त की रोटी जुटाना मुश्किल हो गया है। मजबूरी में अब उन्हें मजदूरी या अन्य कामों की तलाश करनी पड़ रही है।


ग्राहकों के लिए तैयार कर रखे गए घड़े। अमृत विचार

### मुश्किल से बिकते हैं मटके

मानिकपुर क्षेत्र के सरैया गांव के कुम्हार रामचंद्र प्रजापति बताते हैं कि पहले एक दिन में 50 से 100 मटके तक आसानी से बिक जाते थे, लेकिन अब तीन-चार दिन में मुश्किल से चार-पांच मटके ही बिक पाते हैं। स्थिति यह है कि 100 रुपये के मटके के लिए भी ग्राहक 50 रुपये देने की बात करते हैं। ऐसे में लागत निकालना भी मुश्किल हो गया है।

### कुम्हारों के सामने और भी चुनौतियां

समस्या सिर्फ बिक्री तक सीमित नहीं है। मटके बनाने के लिए मिट्टी जुटाना भी अब चुनौती बन गया है। पहले खेतों और तालाबों के किनारे से आसानी से मिट्टी मिल जाती थी लेकिन अब कुम्हारों को मिट्टी खरीदनी पड़ रही है। इससे लागत और बढ़ गई है, जबकि आमदनी लगातार घट रही है।

# आंबेडकर, फुले स्मृति में वैचारिक समागम

संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** जन संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर और महात्मा ज्योतिबा फुले की स्मृति में रविवार दोपहर रघुवीर धाम सभागृह में एक विशाल वैचारिक समागम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक संतराम कुशवाहा ने की, जबकि संचालन मोर्चा संयोजक कामरेड गिरेंद्र सिंह ने किया।

मुख्य वक्ता के रूप में लखनऊ विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के प्रो. रविकांत चंदन ने कहा कि किसी जाति विशेष में जन्म लेने मात्र से कोई आंबेडकरवादी नहीं बन जाता, बल्कि आंबेडकरवाद को समझकर और अपनाकर अर्जित करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब के ऐतिहासिक हस्तक्षेप के कारण ही भारत में महिलाओं को पहले आम चुनाव में ही मताधिकार मिला, जबकि कई विकसित देशों में महिलाओं को इसके लिए दशकों तक संघर्ष करना पड़ा। युवा चिंतक नीरज भाई पटेल ने अपने वक्तव्य में कहा कि आरक्षण को लेकर 'मेरिट' पर सवाल उठाने वालों को पहले आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के संदर्भ में भी समान दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।

वरिष्ठ पत्रकार केपी सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ. आंबेडकर एकपक्षीय आलोचक नहीं थे। उन्होंने मनुस्मृति की आलोचना की, लेकिन उसके कुछ प्रावधानों, जैसे बेटियों को संपत्ति में हिस्सेदारी का भी उल्लेख किया। उन्होंने यह भी कहा कि बाबा साहब ने लोकतंत्र में विपक्ष की अहम भूमिका को रेखांकित करते हुए वैदिक परंपराओं का उदाहरण दिया था, जो उनकी संतुलित और सकारात्मक सोच को दर्शाता है। कार्यक्रम में डीवी कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. राम प्रताप ने भी सम्मानित किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक कप्तान सिंह राजपूत, रामकृष्ण शुक्ला, अशोक गुप्ता महाबली, इप्टा अध्यक्ष देवेंद्र शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार अनिल शर्मा, चौधरी जयकरन सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख राखी राजपूत, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम सुंदर चौधरी आदि मौजूद रहे।



समागम कार्यक्रम में मौजूद अतिथि। अमृत विचार



आपके जीवन में सबसे महत्त्वपूर्ण दो दिन होते हैं, एक तो वह दिन जिस दिन आप पैदा होते हैं और दूसरा वह दिन जब आपको पता चलता है कि आपका जन्म क्यों हुआ है।

**-मार्क ट्वेन,** अमेरिकी लेखक

## होर्मुज में हमला

पश्चिम एशिया के उथल-पुथल भरे परिदृश्य में भारतीय जहाजों पर ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड की गोलाबारी जटिल भू-राजनीतिक संकेत है। होर्मुज जलडमरूमध्य, जहां से विश्व की लगभग एक-तिहाई तेल आपूर्ति गुजरती है, उस क्षेत्र में कोई भी टकराव वैश्विक संकट में बदल सकता है। ऐसे में भारतीय ध्वज वाले जहाजों को निशाना बनाना एक गंभीर सैन्य घटना है। जिन जहाजों ने ईरान द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन किया, अनुमति ली और जिनकी पहचान स्पष्ट थी, उन्हें निशाना बनाना ईरान की उस आक्रामक समुद्री नीति का हिस्सा हो सकता है, जिसका 'रणनीतिक संदेश' यह है कि वह अपने प्रभाव क्षेत्र में हर आवाजाही पर नियंत्रण रखता है, परंतु यह रणनीति जोखिमपूर्ण है, क्योंकि इससे तटस्थ या मित्र देशों का भरोसा भी डगमगाता है।

सवाल यह है कि ईरान, जिसने पहले भारतीय जहाजों को सुरक्षित मार्ग देने का आश्वासन दिया था, अचानक आक्रामक क्यों हुआ? इसके कई संभावित कारण हैं। पहला, क्षेत्रीय युद्ध का दबाव— इजराइल-ईरान तनाव और अमेरिकी सैन्य उपस्थिति ने ईरान को अधिक रक्षात्मक और आक्रामक दोनों बना दिया है। दूसरा, 'संदेश की राजनीति', ईरान अपने विरोधियों के साथ-साथ तटस्थ देशों को भी यह संकेत देना चाहता है कि क्षेत्र में उसकी शर्तें सर्वोपरि हैं। तीसरा, भारत का संतुलनकारी रुख- भारत के अमेरिका और खाड़ी देशों के साथ बढ़ते सामरिक संबंध ईरान को असहज कर सकते हैं, भले ही भारत ने कभी खुलकर विरोध नहीं किया हो। भारत को 'मित्र देशों' की सूची में रखने के बावजूद उसके प्रति ऐसा रुख दर्शाता है कि युद्धकालीन समीकरण स्थायी नहीं होते। अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में मित्रता अक्सर हितों से संचालित होती है, न कि भावनाओं से। यही कारण है कि भारतीय विरोध दर्ज कराने के बावजूद तेहरान की ओर से तत्काल खेद या स्पष्टीकरण नहीं आया। यह भी संभव है कि ऐसे हमले स्थानीय कमांड स्तर पर हुए हों, परंतु इतनी बड़ी संख्या में भारतीय जहाजों को निशाना बनाना संकेत देता है कि यह नीति-स्तर की स्वीकृति के बिना संभव नहीं। सरकार के सामने दुविधा है, क्या वह इसे युद्ध की 'सामान्य घटना' मानकर नजरअंदाज कर दे या कूटनीति की अपनी दिशा बदले? नजरअंदाज करना खतरनाक होगा, क्योंकि इससे भारतीय समुद्री हितों की सुरक्षा कमजोर पड़ेगी। वहीं, अत्यधिक आक्रामक प्रतिक्रिया भी भारत की संतुलनकारी विदेश नीति को नुकसान पहुंचा सकती है। फिलहाल भारत को कूटनीतिक दबाव बनाते हुए तेहरान से स्पष्टीकरण और सुरक्षा आश्वासन की मांग करने के साथ बहुपक्षीय मंचों पर इस मुद्दे को उठाना चाहिए।

हमने पहले भी अपने व्यापारिक जहाजों को भारतीय नौसेना का एस्कॉर्ट दिया है, इसे फिर करना चाहिए। इन सबके साथ अमेरिका, खाड़ी देशों और ईरान के बीच रणनीतिक संतुलन बनाए रखते हुए अपने हितों की रक्षा का प्रयास करना चाहिए। वैसे भी पश्चिम एशिया का संघर्ष अब बहुस्तरीय उलझाव बन चुका है, जहां हर देश अपने हितों के अनुसार चाल चल रहा है। पाकिस्तान में संभावित वार्ता इस जटिलता से तुरंत निजात नहीं दिलाने वाली, सो भारत को संयम और दृढ़ता दोनों का संतुलन साधना होगा।

# भारत के जहाज पर ईरानी गोलीबारी का दुस्साहस





नवीन गुप्ता
बरेली

अमेरिका और ईरान के बीच दूसरे दौर की शांति वार्ता जल्द होने वाली है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस बात के संकेत दिए हैं, लेकिन ईरान के राष्ट्रपति अब भी अपनी जिद पर कायम हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने के बाद दोबारा बंद करना और भारतीय जहाजों पर फायरिंग इस बात का संकेत है कि ईरान न सिर्फ अमेरिका और उसके दोस्तों से अपने रिश्ते खराब करना चाहता है, बल्कि अब वह तटस्थ देशों से भी उलझने को तैयार है, हालांकि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में ईरानी नौसेना की फायरिंग पर भारत ने कड़ा रुख अपनाया है। भारत ने ईरान को इस तरह की कार्रवाई पर परिणाम भुगतने के संकेत दिए हैं।

ईरान और अमेरिका के बीच पहले दौर की शांति वार्ता के नाकाम होने के बाद यह लगा था कि युद्ध पुनः भड़क सकता है, लेकिन घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पड़ रहे दबाव के कारण अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने किसी तरह की कार्रवाई न करने के संकेत दिए, हालांकि वे अब भी अपनी बात पर कायम हैं, लेकिन बीच-बीच में उनके द्वारा ईरान को भड़काने वाले बयान भी दिए जा रहे हैं। इस वजह से ईरान खफा है और उसने ट्रंप को चिढ़ाने के लिए ही होर्मुज को पुनः बंद कर दिया, जबकि इजरायल और हिजबुल्ला के बीच युद्ध विराम के बाद ही होर्मुज को ईरान ने खोल दिया था।

खुद उसके विदेश मंत्री ने इसकी घोषणा की थी और जहाजों की आवाजाही भी शुरू हो गई थी, लेकिन यह होर्मुज खोलने का आदेश बहुत दिनों तक नहीं चला। बमुश्किल 24 घंटे में ही ईरान अपनी बातों से पलट गया और इसका ठीकरा उसने ट्रंप पर फोड़ दिया। ट्रंप ने दावा किया था कि ईरान अपने परमाणु बम बनाने के कार्यक्रम से पीछे हट जाएगा और संवर्धित यूरेनियम उसे सौंप देगा। इस दावे से ही ईरान के विदेश मंत्री चिढ़ गए और उन्होंने होर्मुज को न सिर्फ बंद करा दिया, बल्कि उनकी नौसेना ने भारतीय जहाजों पर फायरिंग का दुस्साहस भी कर दिया, हालांकि भारतीय चालक दल को किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ। रणनीतिकार मानते हैं कि ईरान ने यह कार्रवाई पाकिस्तान के उकसावे की वजह से की है, अन्यथा भारतीय क्रूड ऑयल टैंकर 'जग अर्णव' और 'सनमार हेराल्ड' पर ईरानी नौसेना फायरिंग नहीं करती।

भारत ने साफ कर दिया है कि इस तरह की कार्रवाई बर्दाश्त नहीं करेगा। अगर ऐसे कदम दोहराए गए, तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। कहा जा रहा है कि ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स वहां होर्मुज में भारत से भी टैक्स वसूलना चाहता है, लेकिन भारत किसी भी हालत में टैक्स देने को तैयार नहीं है। इससे भी रिवोल्यूशनरी गार्ड चिढ़े हुए हैं, हालांकि भारत के सख्त रुख से अब ईरान परेशान है और सफाई दे रहा है। उधर, भारत को उम्मीद है कि ईरान और अमेरिका की बीच दूसरे दौर की वार्ता के बाद पूर्ण रूप से युद्ध विराम होगा और शांति आएगी। इसके बाद हालात सुधरेंगे तब तक वह ईरान को भी अपने सख्त रुख से भारतीय जहाजों की बेरोकटोक आवाजाही के लिए मना लेगा।

उधर, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दूसरे दौर की वार्ता की पुष्टि कर दी है। यह वार्ता पुनः इस्लामाबाद में होगी। पाकिस्तान का दावा है कि इस बार अपनी-अपनी शर्तों पर दोनों देश झुकेंगे और पूर्ण रूप से युद्ध विराम हो जाएगा, हालांकि विदेशी मामलों के जानकार ऐसा नहीं मानते। उनका कहना है कि ट्रंप बिना यूरेनियम पर कब्जा किए किसी भी स्थिति में वार्ता को सफल नहीं मानेंगे। ईरान भी यूरेनियम उन्हें नहीं देगा।

ऐसे में पूर्ण रूप से युद्ध विराम होना मुश्किल है। ट्रंप को भी पता है कि ईरान उनकी इस शर्त को तो कभी नहीं मानेगा और होर्मुज में टैक्स वसूलने, विदेशों में फ्रीज ईरान की संपत्तियों को मुक्त करने की मांग को ट्रंप कभी स्वीकार नहीं करेंगे। यदि वे ऐसा करते हैं, तो उनकी हार मानी जाएगी और यह स्थिति उनके लिए ठीक नहीं होगी, इसीलिए ट्रंप ने सोशल मीडिया ट्रुथ पर यह धमकी दी है। अगर बातचीत विफल होती है, तो ईरान के साथ कोई नरमी नहीं बरती जाएगी और उनके बुनियादी ढांचे पर हमले करते हुए सब कुछ तबाह कर दिया जाएगा।

डोनाल्ड ट्रंप ने ट्रुथ पर लिखा 'मेरे प्रतिनिधि इस्लामाबाद पाकिस्तान जा रहे हैं। वे कल शाम वहां बातचीत के लिए पहुंचेंगे। हम एक बहुत ही निष्पक्ष और उचित डील का प्रस्ताव दे रहे हैं और मुझे उम्मीद है कि वे (ईरानी) इसे स्वीकार करेंगे। अगर वे ऐसा नहीं करते हैं, तो अमेरिकी सेना ईरान के सभी पॉवर प्लांटों को तबाह करेगी। उनकी इस पोस्ट को ईरान ने उकसावे की कार्रवाई माना है। वैसे अमेरिकी नौसेना ने होर्मुज स्ट्रेट को घेर रखा है। वहां से ईरान के जहाज भी नहीं निकल पा रहे हैं।

अगर ईरान अपने तेलों का निर्यात नहीं कर पाएगा, तो उसकी अर्थव्यवस्था और खराब होगी। ऐसी स्थिति में वहां जनता सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर होगी और फिर ट्रंप जो चाहते हैं, उनकी मंशा पूरी हो जाएगी। ईरान को भी पता है कि यदि वह समझौता नहीं हुआ, तो उसके यहां भुखमरी की स्थिति आ जाएगी, क्योंकि उसकी अर्थव्यवस्था पहले से ही चरमाराई हुई है। ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबफ ने भी माना है कि युद्ध विराम समझौते का लेकर चल रही वार्ता में प्रगति हुई है। दूसरे दौर की वार्ता को लेकर चल रही कवायद पर पूरी दुनिया की निगाह टिकी हुई है। अब देखना यह है कि क्या परिणाम आते हैं।

ईरान न सिर्फ अमेरिका और उसके दोस्तों से अपने रिश्ते खराब कर रहा है, बल्कि अब वह तटस्थ देशों से भी उलझ रहा है। हालांकि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में ईरानी नौसेना की फायरिंग पर भारत ने कड़ा रुख अपनाया है।

## आमने



विपक्ष ने इस बिल को हराकर महिलाओं के आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाई है। इसका 'पाप' उन्हें आने वाले चुनावों में भुगतना पड़ेगा। बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को होने वाले मतदान और चार मई को आने वाले नतीजे ही अब तय करेंगे कि बंगाल की जनता ने किसके दावों पर भरोसा किया है।

**-नरेंद्र मोदी**
प्रधानमंत्री

## सामने



मोदी सरकार महिला आरक्षण को एक 'ढाल' की तरह इस्तेमाल कर रही है, जबकि उनका असली मकसद परिसीमन के जरिए उन राज्यों में सीटें बढ़ाना है, जहां भाजपा का दबदबा है। 2023 में बिल पास होने के बाद तीन साल तक इंतजार क्यों किया गया? यह डॉ. अंबेडकर के संविधान के साथ छेड़छाड़ है।

**-ममता बनर्जी**
मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल

# 2023 में पास महिला आरक्षण बिल कब होगा लागू



सौरभ वार्ष्णेय
वरिष्ठ पत्रकार

महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व में समान भागीदारी देने के उद्देश्य से पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण कानून) भारतीय लोकतंत्र में एक ऐतिहासिक कदम माना गया, लेकिन यह सवाल स्वाभाविक है कि जब यह कानून संसद से पारित हो चुका है, तो इसका असर अभी तक ज़मीनी स्तर पर क्यों नहीं दिख रहा? दरअसल इस अधिनियम के लागू होने में देरी का कारण इसकी संरचना और उससे जुड़ी शर्तें हैं। देश की संसद में 31वां संशोधन बिल लोकसभा में गिर गया, जो कि बहुत ही निराशाजनक है। संसद के विशेष सत्र में लंबी चली बहस में मतभेदों के सुर के आलावा आपसी राजनीति के आलावा कुछ समझ नहीं आया।

सरकार को इस संशोधन बिल को पास करवाने के लिए दो-तिहाई वोटों की जरूरत थी, लेकिन पक्ष में सिर्फ 298 वोट पड़े। विरोध में 230 वोट पड़े, जो दो तिहाई से बहुत कम है। इस बिल को पास करवाने की नरेंद्र मोदी सरकार की हर कोशिश नाकाम साबित हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अंतरआत्मा की आवाज सुनने वाली अपील भी कुछ खास असर नहीं दिखा पाई। अब सवाल यह है कि अब नहीं तो महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण कब मिलेगा?

सितंबर 2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद से पास होकर उसका नोटिफिकेशन हो चुका है, लेकिन जब अभी तक इसे लागू ही नहीं किया गया तो संशोधन बिल लाने की क्या जरूरत पड़ी। महिलाओं के लिए कोटा 2034 से पहले संभव हो पाएगा या फिर बीच की कोई और राह अभी भी निकल सकती है? ये कह पाना मुश्किल है कि बिल अब कब लागू हो पाएगा? जबकि यह अब कानून बन चुका है।

मान लीजिए कि सरकार और विपक्ष के बीच आने वाले समय में बिल पर कोई सहमति बन जाती है फिर भी महिला आरक्षण 2034 के लोकसभा चुनाव के पहले लागू होना मुश्किल लगता है। 2023 के मूल कानून के हिसाब से संसद के दोनों सदनों में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण तभी लागू होना था, जब अगली जनगणना पूरी हो जाए। अभी जनगणना चल रही है। इसे पूरा होने में वक्त लगेगा। इसके बाद सीटों का डिलिमिटेशन यानी कि नया बंटवारा भी होगा, जबकि नए बिलों के हिसाब से महिला आरक्षण को 2029 तक लागू होना था। इसके लिए सीटों का बंटवारा 2011 की जनगणना के आधार किया जाना था, लेकिन ये हो नहीं सका।

केंद्र सरकार 31वें संशोधन बिल में दक्षिणी राज्यों की सीटें बढ़ाने जैसे कुछ बदलाव कर सकती है। मतलब यह कि 2011 के बजाय 2027 की जनगणना को आधार बनाया जाए। इसके बाद बिल को नए सिरे से पेश किया जाए। सहमति बनाने के लिए विपक्ष के सुझाव लिए जाएं। कई विश्लेषकों का कहना है कि ओबीसी महिलाओं के लिए अलग उप-कोटा देने से पहले पूरे ओबीसी समुदाय के लिए ही राजनीतिक आरक्षण को संविधान में शामिल करना होगा। फिलहाल ओबीसी आरक्षण शिक्षा और नौकरी तक सीमित है, विधायिकाओं में नहीं।

महिलाओं के बिल के पिछले प्रयास (1996, 1997, 1998, 2008-2010) ओबीसी उप-कोटा की मांगों की वजह से ही अटकते रहे। यही पुरानी खाई 2023-26 की बहस में भी दिखाई दी। बीजेपी ने ओबीसी वोट बैंक में बड़ा विस्तार किया है। विश्लेषकों का तर्क है कि अगर वह अभी ओबीसी राजनीतिक आरक्षण का दरवाज़ा खोलती है, तो सीट शेयर, 50 प्रतिशत कैप और आंतरिक उप-वर्गीकरण पर बड़े विवाद खड़े हो सकते हैं, जिसे वह टालना चाहती है।

विपक्ष लगातार ओबीसी महिलाओं के अलग कोटे की मांग कर रहा है। वह आरोप लगा रहा है कि बीजेपी महिला आरक्षण का क्रेडिट तो लेना चाहती है, लेकिन ओबीसी महिलाओं को वास्तविक राजनीतिक हिस्सेदारी देने से बच रही है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने स्थानीय निकायों में ओबीसी आरक्षण पर फैसलों में कहा है कि कुल आरक्षण 50 प्रतिशत से ज़्यादा नहीं दिया जा सकता और ओबीसी कोटा के लिए समकालीन, भरोसेमंद तथ्यात्मक डेटा ज़रूरी है। यही तर्क राष्ट्रीय स्तर पर भी उठेगा। संसद चाहे तो संविधान में संशोधन कर लोकसभा-विधानसभाओं में ओबीसी वर्ग के लिए राजनीतिक आरक्षण और उसमें से ओबीसी महिलाओं का उप-कोटा तय कर सकती है। भले ही नई जातिगत जनगणना पूरी नहीं हुई हो।

संविधान किसी विशेष डेटा स्रोत को अनिवार्य नहीं ठहराता, लेकिन किस जाति समूह को कितना हिस्सा मिलेगा, इसका आधार तय करने के लिए ठोस, नए और राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार्य जातिगत आंकड़े जरूरी होंगे, वरना अदालतों में इसे मनमाना मानकर चुनौती दी जा सकती है। अब आगे महिलाओं को ही मुखर होकर आगे आना होगा। इन पार्टियों को समझाना पड़ेगा कि आधी आबादी को संसद से क्यों वचिंत रखना चाहते हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

2023 में नारी शक्ति वंदन अधिनियम संसद से पास होकर उसका नोटिफिकेशन हो चुका है। सवाल उठ रहा है कि जब इसे अभी लागू ही नहीं किया, तो संशोधन बिल लाने की जरूरत क्यों पड़ी?

## प्रसंगवश

# देश में प्राथमिक शिक्षा की रीढ़ हैं सरकारी स्कूल

शिक्षा वह शक्तिशाली हथियार है, जिससे आप दुनिया को बदल सकते हैं- दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मण्डेला का यह कथन शिक्षा के महत्त्व को स्पष्ट रूप से दर्शाता है। भारत में शिक्षा का विस्तार सरकारी स्कूलों से ही संभव हुआ है। सरकारी विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय आदि न केवल शिक्षा प्रदान करते हैं, बल्कि वे सामाजिक समानता, राष्ट्रीय एकता, विश्व बंधुत्व, समावेशी विकास तथा नैतिकता के मजबूत स्तंभ भी रहे हैं। आज भी देश के अधिकतर नीति निर्माता, शीर्षस्थ पदों में विराजित राजनेता, शिक्षक, कवि, लेखक, विचारक आदि सरकारी विद्यालयों से ही पठित हैं। वास्तव में सरकारी विद्यालय हमारे देश का गौरव हैं।

भारत के शिक्षा मंत्रालय के अनुसार देश में लगभग 14 लाख से अधिक स्कूल हैं, जिनमें से अधिकांश सरकारी विद्यालय हैं। इन विद्यालयों में करोड़ों विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं। यह आंकड़ा इस बात का प्रमाण है कि आज भी भारत में शिक्षा की रीढ़ सरकारी विद्यालय ही हैं। सरकारी विद्यालयों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे समाज के हर वर्ग के लिए खुले होते हैं, वहां किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होता, क्योंकि यहां अमीर-गरीब, शहर-गांव, सभी बच्चे एक साथ बैठकर शिक्षा प्राप्त करते हैं तथा शिक्षणेत्तर गतिविधियों में प्रतिभाग भी करते हैं, जिससे छात्रों में सामाजिक समरसता और समानता की भावना विकसित होती है, क्योंकि सामाजिक एवं राष्ट्रीय विकास में समरसता, समानता और मानवीय संवेदना की भावना दृढ़ होना जरूरी है।



डॉ. हेमंत जोशी
शिक्षक

सरकारी विद्यालय अपने छात्रों को मूल्यों तथा प्राणी मात्र की मूल जीवन संजीवनी के साथ जोड़ने का सतत् प्रयास करते हुए राष्ट्रीय हितों के साथ जोड़ते हैं, जो केवल एक औपचारिकता मात्र नहीं, अपितु भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए छात्रों को विद्यालय स्तर से ही तैयार करना है और जिससे छात्रों में जागरूकता आती भी रही है। निजी विद्यालयों की तुलना में सरकारी विद्यालय शिक्षा को अधिक लोकतांत्रिक बनाते हैं।

सरकार द्वारा संचालित होने के कारण इन विद्यालयों में शिक्षा लगभग निःशुल्क होती है। इसके अतिरिक्त छात्रों को कई योजनाओं का लाभ भी मिलता है, जो विकासशील देश में जरूरी रहा है। उदाहरण के लिए- मध्याह्न भोजन योजना के अंतर्गत बच्चों को पौष्टिक भोजन दिया जाता है, जिससे न केवल उनकी उपस्थिति बढ़ती है बल्कि इससे विगत कई वर्षों में कुपोषण भी कम होता आया है। एक रिपोर्ट के अनुसार इस योजना से देश के 10 करोड़ से अधिक बच्चे लाभान्वित होते हैं। इसके साथ ही निःशुल्क पुस्तकें, गणवेश और विभिन्न छात्रवृत्तियां भी प्रदान की जाती हैं।

यह कहना गलत होगा कि सरकारी विद्यालयों में शिक्षा का स्तर निम्न है। आज अनेक सरकारी विद्यालयों में प्रशिक्षित और योग्य शिक्षक कार्यरत हैं। कई राज्यों में सरकारी विद्यालयों के छात्र बोर्ड परीक्षाओं में निजी विद्यालयों से बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं और सरकारी सेवाओं में भी इन्हीं छात्रों की उपस्थिति अधिकतर दिखाई दे रही है। उदाहरण के रूप में केरल और दिल्ली के सरकारी विद्यालयों ने शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार दिखाया है। दिल्ली के सरकारी स्कूलों का परीक्षा परिणाम और भौतिक संसाधन देशभर में एक मॉडल के रूप में देखा जा रहा है। अन्य राज्य भी इसका अनुकरण कर रहे हैं।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

## सोशल फोरम

# कहानी सिल्वेस्टर की

1000 ऑडिशन में 'बदसूरत' कहकर रिजेक्ट किया गया एक लड़का बीवी की प्रेग्नेंसी के खर्च के लिए अपना सबसे प्यारा कुत्ता बेचने को मजबूर हुआ। वही इंसान आगे चलकर बना दुनिया का नंबर वन एक्शन हीरो! यह कहानी है सिल्वेस्टर स्टेलोन की। एक ऐसी प्रेरणा, जो बताती है कि हालात चाहे कितने भी खराब क्यों न हों, अगर हौसला मजबूत हो तो किस्मत बदलते देर नहीं लगती।



कैलाश गोयल
कारोबारी

6 जुलाई 1946 को न्यूयॉर्क के हेल्स किचन में जन्मे स्टेलोन का जीवन शुरुआत से ही आसान नहीं था। जन्म के समय हुई मेडिकल गलती की वजह से उनके चेहरे का एक हिस्सा लकवाग्रस्त हो गया। उनकी आवाज लड़खड़ाती थी और चेहरा अलग दिखता था। इसी वजह से बचपन में उन्हें मज़ाक का सामना करना पड़ा। माता-पिता के अलगाव ने उनकी जिंदगी को और मुश्किल बना दिया। कई बार उन्हें अनाथालय जैसी परिस्थितियों में भी रहना पड़ा।

स्टेलोन ने एक्टर बनने का सपना देखा, लेकिन उनका लुक और आवाज उनके रास्ते की सबसे बड़ी बाधा बन गई।1000 से ज्यादा ऑडिशन दिए और हर बार रिजेक्ट हुए। कास्टिंग डायरेक्टर्स हंसकर बाहर कर देते थे। हालात इतने खराब हो गए कि उन्हें कई रातें बस स्टेशन पर सोकर बितानी पड़ीं।

एक वक्त ऐसा आया जब उनकी पत्नी प्रेग्नेंट थीं और घर में खाने तक के पैसे नहीं थे। मजबूरी में उन्होंने अपने सबसे प्यारे बुलमास्टिफ डॉग 'बटकस' को सिर्फ 40 डॉलर में बेच दिया। यह उनके जीवन का सबसे दर्दनाक फैसला था।

1975 में मुहम्मद अली और चक वेपनर के बीच हुए मुकाबले ने उनकी जिंदगी बदल दी। इस मैच से प्रेरित होकर स्टेलोन ने सिर्फ तीन दिनों में फिल्म रॉकी की स्क्रिप्ट लिख डाली। स्टूडियो को स्क्रिप्ट पसंद आई, तो उन्होंने 3,60,000 डॉलर देने की पेशकश की। स्टेलोन ने साफ मना कर दिया। आखिरकार कम बजट में फिल्म बनी और 1976 में रिलीज हुई। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 225 मिलियन डॉलर से ज्यादा कमाई की और तीन ऑस्कर अवॉर्ड जीते। स्टेलोन को बेस्ट एक्टर और स्क्रीनप्ले के लिए नॉमिनेशन मिला। 'रॉकी' हॉलीवुड की सबसे आइकॉनिक फिल्मों में शामिल हो गई। कामयाबी मिलते ही स्टेलोन ने सबसे पहले अपने कुत्ते 'बटकस' को वापस खरीदा।

**-फेसबुक वॉल से**

## सामयिकी

# कच्चा माल आयात पर टिका जेनरिक दवाओं का निर्यात

भारत आज वैश्विक स्तर पर सस्ती दवाओं के सबसे बड़े आपूर्तिकर्ताओं में से एक बन चुका है। 'विश्व की फार्मेसी' के रूप में उसकी पहचान केवल एक उपमा नहीं, बल्कि उसकी उत्पादन क्षमता, निर्यात विस्तार और वैश्विक जनस्वास्थ्य में उसके योगदान का सशक्त प्रमाण है। वर्ष 2025-26 तक भारतीय औषधि बाजार 50 अरब डॉलर का आंकड़ा पार कर चुका है और वैश्विक जेनेरिक दवाओं की आपूर्ति में उसका योगदान 20 प्रतिशत से अधिक है।

अमेरिका जैसे विकसित देशों में भी भारतीय कंपनियां लगभग 40 प्रतिशत जेनेरिक दवाओं की आपूर्ति करती हैं, जबकि अफ्रीका और दक्षिण एशिया जैसे क्षेत्रों में जीवनरक्षक दवाओं की उपलब्धता में भारत की भूमिका अत्यंत निर्णायक है। यह उपलब्धि 1970 के दशक में पेटेंट कानूनों में हुए परिवर्तन का परिणाम है, जब भारत ने प्रक्रिया पेटेंट प्रणाली को अपनाकर घरेलू उद्योग को सशक्त किया और सस्ती दवाओं के उत्पादन का मार्ग प्रशस्त किया।



डॉ. प्रियंका सौरभ
शिक्षिका

इस चमकदार उपलब्धि के पीछे एक गहरा विरोधाभास भी छिपा हुआ है। भारत जहां एक ओर तैयार दवाओं का प्रमुख निर्यातक है, वहीं दूसरी ओर उनके निर्माण के लिए आवश्यक कच्चे माल और सक्रिय औषधीय संघटकों के लिए भारी मात्रा में आयात पर निर्भर है। अनुमानतः भारत अपनी आवश्यकता का लगभग 60 से 70 प्रतिशत सक्रिय औषधीय संघटक विदेशों से आयात करता है, जिसमें प्रमुख हिस्सा चीन से आता है। पेनिसिलिन जी, क्लैवुलैनिक अम्ल और पैरासिटामोल जैसे महत्वपूर्ण संघटकों के मामले में यह निर्भरता 80 प्रतिशत से भी अधिक है। यह स्थिति केवल आर्थिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और आपूर्ति श्रृंखला की स्थिरता के लिए भी गंभीर चिंता का विषय है।

कोविड-19 महामारी ने इस निर्भरता की वास्तविकता को स्पष्ट रूप से उजागर कर दिया। चीन में लॉकडाउन के कारण आपूर्ति बाधित होते ही भारत में दवा उत्पादन प्रभावित हुआ। अनेक औषधि निर्माण इकाइयों को उत्पादन घटाना पड़ा और कुछ को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा। इससे यह स्पष्ट हो गया कि कच्चे माल की आपूर्ति में व्यवधान भारत की औषधि उत्पादन क्षमता को तुरंत प्रभावित कर सकता है। इस अनुभव ने आत्मनिर्भरता की आवश्यकता को और अधिक प्रासंगिक बना दिया।

इसी संदर्भ में सरकार ने उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना के माध्यम से लगभग 16,000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की, जिसका उद्देश्य घरेलू स्तर पर सक्रिय औषधीय संघटकों के उत्पादन को बढ़ावा देना है। यद्यपि इस दिशा में कुछ प्रगति हुई है, फिर भी अनेक संरचनात्मक समस्याएं अब भी बनी हुई हैं। उच्च उत्पादन लागत, तकनीकी सीमाएं तथा कठोर पर्यावरणीय नियमों के कारण कई उत्पादन इकाइयां बंद हो चुकी हैं, जिससे घरेलू उत्पादन क्षमता सीमित हो गई है।

नियामक ढांचे की कमजोरी भी इस क्षेत्र की एक प्रमुख चुनौती है। केंद्रीय और राज्य स्तर पर औषधि नियंत्रण संस्थाओं में संसाधनों और प्रशिक्षित मानव बल की कमी स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। गुणवत्ता नियंत्रण में खामियों के कारण कई भारतीय औषधि निर्माण इकाइयों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आलोचना का सामना करना पड़ा है। कुछ मामलों में विदेशी नियामक संस्थाओं द्वारा आयात प्रतिबंध भी लगाए गए हैं, जिनका कारण निर्माण प्रक्रियाओं में त्रुटियां और गुणवत्ता मानकों का उल्लंघन रहा है। इससे भारत की वैश्विक साख प्रभावित होती है और निर्यात संभावनाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

मौसम बदलते ही फैशन का मिजाज भी बदल जाता है और इसी के साथ बदलती हैं हमारी स्टाइल चॉइसेज। आज की महिलाएं चाहे टीनएज हों, यंग प्रोफेशनल्स या मिड एज, हर मौसम के अनुसार अपने वॉर्डरोब को अपडेट रखना पसंद करती हैं। खासकर गर्मियों में स्टाइलिश दिखते हुए कंफर्टेबल रहना थोड़ा मुश्किल जरूर होता है, लेकिन सही फैब्रिक, प्रिंट और कलर चुनकर इस चुनौती को आसानी से पार किया जा सकता है।

# तपती धूप में भी दिखें कूल और स्टाइलिश





## फैब्रिक पर दें ध्यान

गर्मियों के मौसम में सबसे पहले ध्यान देना चाहिए फैब्रिक पर। हल्के, सॉफ्ट और ब्रीदेबल कपड़े जैसे कॉटन, लिनन, रेयॉन और मलमल इस सीजन के लिए बेस्ट माने जाते हैं। ये न केवल पसीना सोखते हैं, बल्कि शरीर को ठंडा भी रखते हैं। इसके साथ ही इन फैब्रिक्स में आने वाले प्रिंट्स आपके लुक को और भी आकर्षक बना देते हैं।

## स्टाइल को दें मॉडर्न टच

जहां तक प्रिंट्स की बात है, फ्लोरल प्रिंट्स हर साल समर फैशन का हिस्सा बने रहते हैं। छोटे-छोटे फूलों से लेकर बड़े-बड़े बोल्ड फ्लोरल पैटर्न तक, ये हर तरह के आउटफिट में खूबसूरती जोड़ते हैं। फ्लोरल प्रिंट्स न केवल फ्रेश और कूल लुक देते हैं, बल्कि दिन के समय आउटिंग, ब्रंच या कैजुअल मीटअप के लिए एकदम परफेक्ट रहते हैं। इसके अलावा, इस सीजन में चेक्स, स्ट्राइप्स और ज्योमेट्रिक प्रिंट्स भी काफी ट्रेंड में हैं, जो आपके स्टाइल को एक मॉडर्न टच देते हैं।



## सही कलर का चुनाव

कलर्स किसी भी आउटफिट की जान होते हैं। गर्मियों में हल्के और सॉफ्ट कलर्स पहनना सबसे अच्छा रहता है। सफेद (व्हाइट) रंग इस मौसम का सबसे पसंदीदा रंग माना जाता है, क्योंकि यह गर्मी को कम महसूस कराता है और एक क्लासी लुक देता है। व्हाइट मैक्सी ड्रेस, चिकनकारी सूट, अनारकली या शर्ट-ट्राउजर सेट हर रूप में शानदार लगता है। व्हाइट के अलावा पेस्टल शेड्स जैसे बेबी ब्लू, लैवेंडर, पिंक, मिंट ग्रीन और पीच भी इस सीजन में काफी ट्रेंड में हैं। ये रंग आंखों को सुकून देते हैं और एक फ्रेश लुक प्रदान करते हैं। खासतौर पर लैवेंडर और सी ग्रीन जैसे कलर्स पिछले कुछ समय से फैशन में अपनी खास जगह बनाए हुए हैं। इसके साथ ही कोरल और पीच जैसे सॉफ्ट वॉर्म टोन भी समर आउटफिट्स में चार चांद लगा देते हैं। अगर आप अपने समर लुक को और बेहतर बनाना चाहती हैं, तो हल्के एक्सेसरीज जैसे स्ट्रॉ हैट, सनग्लासेस, स्लिंग बैग और मिनिमल ज्वेलरी का इस्तेमाल जरूर करें। सही फुटवियर जैसे फ्लैट्स, सैंडल या एस्पैड्रिल्स आपके पूरे लुक को कंप्लीट कर देते हैं। इस तरह, सही फैब्रिक, ट्रेंडी प्रिंट्स और सॉफ्ट कलर्स के साथ आप गर्मियों में भी स्टाइलिश और कंफर्टेबल दोनों रह सकती हैं।



## कंफर्ट और स्टाइल का कांबो

अगर आप कुछ नया ट्राय करना चाहती हैं, तो टाई-डाई प्रिंट्स, ब्लॉक प्रिंट्स और इंडो-वेस्टर्न फ्यूजन स्टाइल्स भी इस बार खूब पसंद किए जा रहे हैं। खासतौर पर हैंडब्लॉक प्रिंटेड कुर्ते, स्कर्ट्स और को-ऑर्ड सेट्स युवतियों के बीच काफी लोकप्रिय हो रहे हैं। इसके अलावा, शर्ट ड्रेस, रैप ड्रेस और कफ्तान स्टाइल आउटफिट्स भी गर्मियों में कंफर्ट और स्टाइल का बेहतरीन मेल पेश करते हैं।

## ड्रेस की लंबाई और फिटिंग

ड्रेस की लंबाई और फिटिंग भी बहुत मायने रखते हैं। समर सीजन में मैक्सी ड्रेसेस, मिडी ड्रेसेस और शॉर्ट ड्रेसेस काफी पसंद की जाती हैं। ये न सिर्फ पहनने में आसान होती हैं, बल्कि हर बॉडी टाइप पर अच्छी भी लगती हैं। अगर आप प्लस साइज हैं, तो छोटे और मीडियम प्रिंट्स आपके लिए ज्यादा फ्लैटरिंग रहेंगे। वहीं स्लिम फिगर वाली महिलाएं बड़े और एक्सपेरिमेंटल प्रिंट्स भी आसानी से कैरी कर सकती हैं।

---

**जिंदगी का सफर**

# सुरों की वह शक्ति जो इतिहास बन गई

भारतीय संगीत आकाश का वह अनमोल सितारा सदा के लिए मौन हो गया है, जिसकी स्वर-लहरियों ने सात दशकों तक हर पीढ़ी की धड़कनों को एक नई ताल दी। 12 अप्रैल को 92 वर्ष की आयु में आशा भोंसले का निधन केवल एक महान गायिका का जाना नहीं, बल्कि उस अद्वितीय 'अदा', 'नजाकत' और 'स्वैग' का अवसान है, जिसने साड़ी की गरिमा में भी भारतीय पॉप और कैबरे संगीत को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाई। 800 से अधिक फिल्मों में 12,000 से ज्यादा गीतों को अपनी आवाज देकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज होने वाली आशा जी का जीवन केवल सुरों की साधना भर नहीं था, बल्कि यह संघर्ष, आत्मविश्वास और निरंतर आत्म-नवाचार की अद्भुत गाथा भी था।



योगेश कुमार गोयल
लेखक







8 सितंबर 1933 को महाराष्ट्र के एक प्रतिष्ठित संगीत परिवार में जन्मी आशा भोंसले का जीवन आरंभ से ही सुरों से जुड़ा था, किंतु नियति ने उनके बचपन को सहज नहीं रहने दिया। पिता पंडित दीनानाथ मंगेशकर से शास्त्रीय संगीत की प्रारंभिक शिक्षा मिली, परंतु महज 9 वर्ष की आयु में पिता के निधन ने उनके जीवन से संरक्षण का साया छीन लिया। परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहा था और बड़ी बहन लता मंगेशकर ने घर की जिम्मेदारी संभाली। ऐसे कठिन समय में आशा जी ने भी कम उम्र में ही संघर्ष को अपना साथी बना लिया। पार्श्व गायन की दुनिया में उनका सफर किसी सरल राह पर नहीं चला। उस दौर में लता मंगेशकर का वर्चस्व था और बड़े संगीतकारों की पहली पसंद वही थी। आशा भोंसले के संगीत सफर में वास्तविक परिवर्तन तब आया, जब उनकी मुलाकात संगीतकार ओ.पी. नैयर से हुई। नैयर साहब ने उस समय की परंपरा को चुनौती देते हुए लता मंगेशकर के बिना संगीत रचना का निर्णय लिया और उन्हें आशा की आवाज में वह अनोखी 'शरारत', 'चंचलता' और 'कशिश' दिखाई दी, जिसकी वे तलाश कर रहे थे। 1957 की फिल्म नया दौर का गीत 'उड़े जब जब जुल्फें तेरी' आशा जी के करियर का टर्निंग प्वाइंट साबित हुआ, जिसने उन्हें मुख्यधारा की नायिकाओं की आवाज बना दिया। वहीं 1956 की सी.आई.डी. में 'लेके पहला पहला प्यार' गीत में शमशाद बेगम की स्थिरता और आशा की चुलबुली अदाओं का अद्भुत संगम श्रोताओं के दिलों में बस गया। यही वह दौर था, जब आशा जी ने अपनी ऐसी गायिका की एक अलग पहचान गढ़ी, जिसकी आवाज में 'बोल्डनेस', 'वेस्टर्न वाइब' और अद्वितीय ऊर्जा का सम्मोहन था।

1970 का दशक हिंदी सिनेमा में संगीतात्मक प्रयोगों का स्वर्णिम काल था और इसी दौर में आशा भोंसले को मिला उनका सबसे सशक्त रचनात्मक साथी 'आर.डी. बर्मन', जिन्हें प्यार से 'पंचम' कहा जाता है। इस अद्वितीय जोड़ी ने न केवल गीतों को नया रूप दिया, बल्कि संगीत की परंपरागत सीमाओं को भी तोड़ डाला। 'पिया तू अब तो आजा' और 'दम मारो दम' जैसे गीतों ने आशा जी को 'कैबरे क्वीन' के रूप में स्थापित कर दिया। उनकी आवाज में जो मादकता, ऊर्जा और आधुनिकता थी, उसने भारतीय संगीत में पश्चिमी प्रभाव को एक नया आयाम दिया। हालांकि 'दम मारो दम' को लेकर उस समय काफी विवाद हुआ। इसे 'अश्लील' कहकर आलोचना झेलनी पड़ी, यहां तक कि ऑल इंडिया रेडियो ने इस पर प्रतिबंध लगा दिया और दूरदर्शन ने फिल्म से इसे हटा दिया। फिर भी, आशा जी की आवाज ने इस गीत को अमर बना दिया। दिलचस्प यह है कि जहां एक ओर वे कैबरे और पॉप की पहचान बन रही थी, वहीं 'इजाजत' के 'मेरा कुछ सामान' में उन्होंने गहन भावनाओं की ऐसी अभिव्यक्ति दी, जो उनकी असाधारण बहुमुखी प्रतिभा को सिद्ध करती है।

1980 के दशक तक आशा भोंसले को प्रायः चुलबुले, चंचल और आधुनिक गीतों की आवाज के रूप में देखा जाने लगा था, लेकिन इसी धारणा को तोड़ते हुए संगीतकार खय्याम ने उन्हें फिल्म 'उमराव जान' (1981) के लिए चुना। यह एक ऐसा निर्णय था, जिसने इतिहास रच दिया। खय्याम साहब की शर्त भी उतनी ही असाधारण थी, 'आशा, मुझे इन गीतों में तुम्हारी जानी-पहचानी आवाज नहीं चाहिए।' उन्होंने उनसे अपनी आवाज का स्केल लगभग डेढ़ सुर नीचे लाकर गाने को कहा ताकि गजलों में नजाकत और गहराई उतर सके। परिणाम अद्भुत था। 'दिल चीज क्या है' और 'इन आंखों की मस्ती के' जैसे गीतों में आशा जी ने ऐसी संजीदगी, दर्द और अदब का संसार रचा कि हर श्रोता मंत्रमुग्ध हो उठा। यह केवल गायन नहीं, बल्कि भावनाओं की सूक्ष्म अभिव्यक्ति थी। इसी फिल्म ने यह सिद्ध कर दिया कि उनकी प्रतिभा किसी एक शैली तक सीमित नहीं है और इसके लिए उन्हें अपना पहला राष्ट्रीय पुरस्कार भी प्राप्त हुआ।

संगीत के साथ-साथ उन्हें पाक-कला में भी गहरी रुचि थी और वे एक उत्कृष्ट शेफ के रूप में जानी जाती थीं। उनकी इसी रुचि ने 'आशाज' नाम से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रेस्टोरेंट श्रृंखला को जन्म दिया, जो दुनिया के 10 से अधिक देशों में भारतीय स्वाद का परचम लहरा रही है। सम्मानों की दृष्टि से भी उनका सफर उतना ही गौरवशाली रहा। उन्हें वर्ष 2008 में पद्म विभूषण, 2000 में भारतीय सिनेमा के सर्वोच्च सम्मान दादासाहेब फाल्के पुरस्कार और 7 फिल्मफेयर पुरस्कारों से नवाजा गया। इसके अतिरिक्त, सबसे अधिक गीत रिकॉर्ड करने वाली कलाकार के रूप में उनका नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है, जो उनकी अथाह साधना और समर्पण का प्रमाण है। उनके करियर के विभिन्न पड़ाव भी उनकी बहुमुखी प्रतिभा को दर्शाते हैं। आशा भोंसले अपनी मधुर मुस्कान और अमिट उपस्थिति के साथ हमारे दिलों में हमेशा जीवित रहेंगी। अलविदा, सुरों की अमर जादूगरनी!

# आर के नारायण के उपन्यास पर बनी कालजयी फिल्म 'गाइड'

**फ्लैश बैक**




नवकेतन बैनर के तले बनी देव आनंद की फिल्म 'गाइड' 6 दिसंबर 1965 को रिलीज हुई थी। इस फिल्म को बने 61 साल हो गए हैं। इस फिल्म को भारतीय हिंदी सिनेमा के इतिहास में कल्ट क्लासिक होने का गौरव प्राप्त है। फिल्म में देव आनंद ने राजू नाम के गाइड की भूमिका निभाई थी, जो रोजी (वहिदा रहमान) के प्रति आकर्षित होता है और उसे डांसर बनने के लिए प्रेरित करता है। प्रेम, लालच, पतन और अंततः आत्मज्ञान को दर्शाती यह फिल्म भारतीय रिश्तो के बदलते उतार-चढ़ाव को दिखती है। फिल्म में किशोर साहू, लीला चिटनिस, अनवर हुसैन, गजानन जागीरदार, प्रेम सागर, कृष्ण धवन और उल्लास आदि ने भी विभिन्न भूमिकाएं निभाई हैं।

फिल्म राजू गाइड की कहानी है, जिसकी मुलाकात मार्को और उसकी पत्नी रोजी से होती है। मार्को द्वारा अपेक्षित होने पर राजू रोजी को सहारा देता है और रोजी को नृत्य के प्रति जुनून को पहचानकर उसे प्रसिद्ध नृत्यांगना बनाने में मदद करता है। दोनों के बीच प्यार हो जाता है और समय के साथ दोनों अमीर भी हो जाते हैं, लेकिन राजू के मन में लालच और असुरक्षा की भावना आ जाती है। वह रोजी के जाली दस्तखत कर अपराध करता है और जेल चला जाता है। जेल से छूटने के बाद एक मंदिर में शरण लेता है। गांव वाले उसे साधु समझ लेते हैं। जब गांव में सूखा पड़ता है, तो राजू गांव के लिए उपवास रखता है और अंत में अपने निःस्वार्थ त्याग के माध्यम से जीवन से मुक्ति पा जाता है।



दीपक नौगांई
लेखक, हल्द्वानी

यह फिल्म 'मालगुडी डेज' वाले लेखक आरके नारायण के उपन्यास 'गाइड' पर आधारित थी। आरके नारायण एक जाने-माने लेखक थे और उनकी एक किताब दुनियाभर में तारीफें बटोर रही थी। एक बार किसी ने देव साहब को यह किताब पढ़ने को दी। उन्हें इसकी कहानी अच्छी लगी और उन्होंने इस पर फिल्म बनाने का निर्णय लिया। हालांकि मूल उपन्यास और फिल्म की कहानी में कुछ अंतर भी है। फिल्म में राजू रोजी का प्यार पाने के लिए जतन करता है, लेकिन फिल्म में रोजी पहले से ही अपनी शादी से दुखी है। देव आनंद ने हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में इस फिल्म को बनाने का निर्णय लिया। देव आनंद ने फिल्म के निर्देशन का जिम्मा पहले अपने भाई चेतन आनंद को दिया था। चेतन वहीदा रहमान की जगह फिल्म में लीला नायडू को लेना चाहते थे, क्योंकि वह अच्छी डांसर थी, लेकिन देव साहब इसके लिए तैयार नहीं हुए। फिल्म के शूटिंग के दौरान भी देव आनंद और चेतन आनंद के बीच कुछ मतभेद उभर आए। नतीजन चेतन आनंद ने फिल्म ही छोड़ दी और वह अपनी फिल्म 'हकीकत' बनाने में जुट गए। उसके बाद फिल्म को निर्देशित करने की जिम्मेदारी देव आनंद ने अपने दूसरे भाई विजय आनंद (गोल्डी) को दी। फिल्म ने सफलता के नए प्रतिमान स्थापित किए। पहली बार गाइड में एंटी हीरो की भूमिका की झलक देव आनंद के चरित्र में दिखाई देती है।

फिल्म के गाने लिखने की भी अलग कहानी है। पहले गाने लिखने के लिए हसरत जयपुरी को साइन किया गया था, लेकिन उनके लिखे एक गाने की लाइन देव आनंद को पसंद नहीं आई। उसे बदलने को कहा गया परंतु हसरत ने ऐसा करने से इनकार कर दिया और फिल्म ही छोड़ दी। इसके बाद शैलेंद्र को फिल्म में लिया गया, जिन्होंने फिल्म के सारे गीत लिखे। देव आनंद और वहीदा रहमान पर फिल्माए गीत। 'आज फिर जीने की तमन्ना है' क्लासिक बन गया और सुपरहिट गीतों में शामिल हुआ। फिल्म में गीतों को लता मंगेशकर, मोहम्मद रफी, किशोर कुमार ,मन्ना डे और एसडी बर्मन ने अपनी आवाजें दी है। फिल्म गाइड बॉक्स ऑफिस का सुपरहिट रही और आज भी बहुत पसंद की जाती है। कई फिल्म फेयर पुरस्कार इस फिल्म को प्राप्त हुए, जिसमें सर्वश्रेष्ठ फिल्म, सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, अभिनेत्री, निर्देशक, लेखक और छायाकार शामिल हैं।

## निफा ग्रुप 10 देशों में कारोबार का विस्तार करेगी

**कोलकाता।** कोलकाता की कंपनी निफा ग्रुप ने अपने कृषि उपकरण कारोबार के विस्तार के लिए 'वनहॉर्न' नाम से नया ब्रांड शुरू किया है। कंपनी भारत के 20 राज्यों के साथ अमेरिका सहित 10 देशों में कारोबार बढ़ाएगी। कंपनी के चेयरमैन महेश चंद्र शाह ने कहा कि कृषि क्षेत्र में मशीनों का उपयोग और उद्यमिता दोनों को बढ़ना जरूरी है।

# एलपीजी में 20% डीएमई मिलाने से हर साल बचेंगे 34,200 करोड़ रुपये

### रसोई गैस के आयात में आ सकती है प्रति वर्ष 63 लाख टन की कमी, बचेगी विदेशी मुद्रा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कोयला गैसीकरण से उत्पादित 20 प्रतिशत डाइमिथाइल ईथर (डीएमई) को रसोई गैस (एलपीजी) के साथ मिलाने से एलपीजी आयात में सालाना लगभग 63 लाख टन की कमी आ सकती है। एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार इससे प्रति वर्ष लगभग 34,200 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा की बचत होगी।

कोयला गैसीकरण की प्रक्रिया में कोयले को सिनगैस में बदला जाता है, जिसे बाद में डीएमई में बदल दिया जाता है। डीएमई एक स्वच्छ जलने वाला ईंधन है, जो आयातित एलपीजी के स्वदेशी विकल्प के रूप में इस्तेमाल होता है। पश्चिम एशिया में युद्ध छिड़ने के बाद से भारत को एलपीजी आपूर्ति में आने वाली बाधाओं के मद्देनजर यह रिपोर्ट काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। ईवाई-पार्थेनन और घरेलू कोयला गैसीकरण कंपनी न्यू एरा क्लीनटेक सॉल्यूशन लिमिटेड की 'ऊर्जा और रासायनिक सुरक्षा के लिए कोयला गैसीकरण' शीर्षक वाली रिपोर्ट के अनुसार,कोयला गैसीकरण से उत्पादित डीएमई, एलपीजी आयात को आंशिक रूप से प्रतिस्थापित कर सकता है।

रिपोर्ट में आगे कहा गया कि 20 प्रतिशत मिश्रण से सालाना लगभग 63 लाख टन एलपीजी आयात कम हो सकता है। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) पहले ही भारत में 20 प्रतिशत तक डीएमई-एलपीजी मिश्रण की अनुमति देने वाले मानकों को अधिसूचित कर चुका है। रिपोर्ट के मुताबिक, डीएमई स्वच्छ ईंधन के एक विकल्प के रूप में उभर रहा है।

फिलहाल भारत में पायलट स्तर पर ही डीएमई उत्पादन किया जा रहा है। न्यू एरा क्लीनटेक के प्रबंध निदेशक बालासाहेब दराडे ने कहा कि निवेश को आकर्षित करने और घरेलू डीएमई उत्पादन को बढ़ाने के लिए एक स्पष्ट मिश्रण नीति महत्वपूर्ण होगी।



● न्यू एरा क्लीनटेक सॉल्यूशन ने जारी की 'ऊर्जा और रासायनिक सुरक्षा के लिए कोयला गैसीकरण' पर रिपोर्ट

### मार्च में 13 प्रतिशत घटी एलपीजी की खपत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया संघर्ष से जुड़ी आपूर्ति दिक्कतों की वजह से भारत में एलपीजी की खपत में मार्च में 13 प्रतिशत की गिरावट आई है। इससे घरों की रसोई और वाणिज्यिक ग्राहकों दोनों के लिए उपलब्धता पर असर पड़ा है। आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। मार्च में एलपीजी की खपत 23 .79 लाख टन रही है, जो पिछले साल की इसी अवधि के आंकड़े 27 .29 लाख टन से 12 .8 प्रतिशत कम है। भारत अपनी एलपीजी जरूरत का 60 प्रतिशत आयात से पूरा करता है। पेट्रोलियम मंत्रालय के मुताबिक, मार्च में घरेलू को एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति 8 .1 प्रतिशत घटकर 22 .19 लाख टन रह गई, जबकि गैर-घरेलू उपयोगकर्ताओं को एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति में 48 प्रतिशत की कमी आई।

### सिनगैस क्या है और कैसे बनती है

सिनगैस, जिसका पूरा नाम सिंथेसिस गैस है, एक उपयोगी गैस मिश्रण होता है जिसमें मुख्यत: कार्बन मोनोऑक्साइड (CO) और हाइड्रोजन (H) शामिल होते हैं। यह ऊर्जा उत्पादन और रसायन बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कच्चा माल है। सिनगैस आमतौर पर कोयला, प्राकृतिक गैस, बायोमास (जैसे लकड़ी या कृषि अवशेष) या कचरे से बनाई जाती है। इसे बनाने की प्रक्रिया को गैसीकरण (Gasification) कहा जाता है। इस प्रक्रिया में इन पदार्थों को बहुत उच्च तापमान (700–1500C) पर सीमित ऑक्सीजन या भाप की उपस्थिति में गर्म किया जाता है। इससे ठोस या तरल ईंधन गैस में बदल जाता है और CO व H का मिश्रण बनता है। इस गैस का उपयोग बिजली बनाने, ईंधन (जैसे मेथनॉल, डीज़ल) तैयार करने और उर्वरक उद्योग में किया जाता है। इस तरह सिनगैस ऊर्जा और उद्योग के लिए एक बहुपयोगी संसाधन है।

## प. एशिया तनाव, तेल कीमतें और कंपनियों के तिमाही नतीजे तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



इस सप्ताह स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा तय करने में अमेरिका-ईरान संघर्ष से जुड़े घटनाक्रम, कच्चे तेल की कीमतें और कंपनियों के तिमाही नतीजे प्रमुख भूमिका निभाएंगे। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विदेशी निवेशकों की खरीद-बिक्री गतिविधियां भी बाजार के रुख को प्रभावित करेंगी।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के शोध प्रमुख अजित मिश्रा ने कहा कि अमेरिका-ईरान संघर्ष से जुड़े भू-राजनीतिक घटनाक्रम पर खास नजर बनी रहेगी, क्योंकि इसका सीधा असर कच्चे तेल की कीमतों और वैश्विक निवेशकों की जोखिम लेने की धारणा पर पड़ता है।

सबसे बड़े निजीबैंक एचडीएफसी बैंक ने शनिवार को जनवरी- मार्च तिमाही के परिणामों की घोषणा की। एचडीएफसी बैंक का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 8.04 प्रतिशत बढ़कर 20,350.76 करोड़ रुपये रहा। हालांकि, बैंक ने पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण छोटे कारोबारियों के लिए निकट भविष्य में जोखिम की चेतावनी भी दी।

स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लिमिटेड के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा कि आने वाले सप्ताह में बड़ी संख्या में कंपनियों के तिमाही नतीजे बाजार की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। पिछले सप्ताह, बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 943.29 अंक या 1.21 प्रतिशत बढ़ा, और एनएसई का निफ्टी 302.95 अंक या 1.25 प्रतिशत चढ़ा। एनरिच मनी के सीईओ पोनमुडी आर ने कहा कि निवेशकों का ध्यान अमेरिका-ईरान वार्ता की दिशा पर रहेगा। कच्चे तेल की कीमतों में लगातार स्थिरता या और कमी शेयर बाजार के लिए सकारात्मक साबित हो सकती है।

## बिजनेस ब्रीफ

### एफपीआई ने अप्रैल में पूंजी बाजार से निकाले 58,403 करोड़ रुपये

**मुंबई।** विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) ने अप्रैल में अब तक भारतीय पूंजी बाजार से कुल 58,403 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की है। शुद्ध निकासी, बाजार में लगायी गयी पूंजी और निकाली गयी पूंजी का अंतर होता है। यह लगातार दूसरा महीना है जब एफपीआई बाजार में बिकवाल दिख रहे हैं। इससे पहले मार्च में उन्होंने रिकॉर्ड 1,26,991 करोड़ रुपये की निकासी की थी। केंद्रीय डिपॉजिटरी सेवा (सीडीएसएल) के आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने अप्रैल में अब तक इक्विटी में 43,419 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की है। डेट और हाइब्रिड उपकरणों में भी उनका निवेश नकारात्मक रहा है, लेकिन म्यूचुअल फंड में उन्होंने शुद्ध रूप से पैसा लगाया है।

### आईटीसी लांच करेगी प्रोटीन प्रोडक्ट्स

**बेंगलुरु।** विविध कारोबार क्षेत्र में कार्यरत कंपनी आईटीसी लिमिटेड के खाद्य प्रभाग के मुख्य कार्यकारी और कार्यकारी निदेशक हेमंत मलिक ने कहा है कि कंपनी स्वास्थ्य और पोषण के तेजी से बढ़ते क्षेत्र में अपनी मौजूदगी मजबूत करने के लिए प्रोटीन युक्त खाद्य उत्पादों पर जोर बढ़ा रही है। मलिक ने कहा कि कंपनी ने अलग-अलग श्रेणियों में प्रोटीन युक्त नए और खास उत्पाद पेश किए हैं। इन उत्पादों को तैयार करने में उपभोक्ताओं की पसंद, नवाचार और बेहतर स्रोत व्यवस्था का उपयोग किया गया है, जिससे स्वास्थ्य क्षेत्र में एक अलग पहचान बनाई जा सके।

### अदाणी की इकाई ने बनाईं तीन कंपनियां

**नई दिल्ली।** अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड (एईएल) की अनुषंगी की अनुषंगी इकाई ने तीन पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनियों का गठन किया है जो हवाई अड्डा शहर विस्तार रणनीति के तहत होटल और रियल एस्टेट विकास पर ध्यान केंद्रित करेगी। अदाणी एयरपोर्ट सिटी लिमिटेड, जो कंपनी की इकाई है, ने अदाणी नवी मुंबई एयरपोर्ट सिटी लिमिटेड, अदाणी गुवाहाटी एयरपोर्ट सिटी लिमिटेड और अदाणी अहमदाबाद एयरपोर्ट सिटी लिमिटेड बनाई हैं। कंपनी ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि नई इकाइयां निर्माण समेत रियल एस्टेट गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करेंगी। साथ ही एकीकृत रेस्तरां, बैंक्वेट और कारोबारी केंद्र वाले होटल भी बनाएंगी।

### एरिक्सन इंडिया का राजस्व 29 % बढ़ा

**नई दिल्ली।** स्वीडन की दूरसंचार उपकरण निर्माता कंपनी एरिक्सन ने जनवरी-मार्च तिमाही में स्थिर मुद्रा आधार पर लगभग 29 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 4,228 करोड़ रुपये का राजस्व कमाया है। कंपनी द्वारा जारी वित्तीय आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

## 1.87 लाख करोड़ रुपये बढ़ी शीर्ष 8 कंपनियों की पूंजी, एयरटेल को सबसे अधिक लाभ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले सप्ताह छुट्टियों के कारण कम कारोबारी सत्रों के बावजूद शेयर बाजार में सकारात्मक रुख के बीच सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ का कुल बाजार पूंजीकरण 1,87,497 .45 करोड़ रुपये बढ़ गया। इसमें भारती एयरटेल सबसे अधिक लाभ में रही। पिछले सप्ताह, बीएसई सेंसेक्स 943 .29 अंक या 1 .21 प्रतिशत बढ़ा, जबकि एनएसई निफ्टी में 302 .95 अंक या 1 .25 प्रतिशत की तेजी हुई। शीर्ष 10 कंपनियों में भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन सबसे अधिक 58,831 .52 करोड़ रुपये बढ़कर 11,25,125 .21 करोड़ रुपये हो गया। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का मूल्यांकन 27,608 .62 करोड़ रुपये बढ़कर 5,32,691 .31 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने अपने बाजार मूल्यांकन में 20,731 .64 करोड़ रुपये जोड़े, जिससे इसका कुल मूल्यांकन 9,34,063 .56 करोड़ रुपये हो गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 20,231 .05 करोड़ रुपये बढ़कर 18,47,317 .84 करोड़ रुपये और लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) का मूल्यांकन 18,577 .91 करोड़ रुपये बढ़कर 5,63,314 .50 करोड़ रुपये हो गया। हालांकि, एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 16,163 .04 करोड़ रुपये घटकर 12,31,315 .53 करोड़ रुपये रह गया। बजाज फाइनेंस के मूल्यांकन में भी 9,769 .3 करोड़ रुपये की कमी आई और यह 5,65,437 .17 करोड़ रुपये पर आ गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज देश की सबसे मूल्यवान कंपनी बनी रही, जिसके बाद एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, इन्फोसिस और एलआईसी का स्थान रहा।

### प्रगति के लिए नवोन्मेषण और शिक्षा जरूरी : सैमसंग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया की उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी सैमसंग का मानना है कि भारत में नवोन्मेषण और शिक्षा प्रगति को सक्षम बनाने के साथ-साथ समावेशन के लिए उत्प्रेरक का काम करते हैं। कंपनी के दक्षिण-पश्चिम एशिया के कॉरपोरेट उपाध्यक्ष एस पी चुन ने यह बात कही है। कंपनी ने वर्ष 2025-26 के लिए अपनी कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत फंड को बढ़ाकर 193 .89 करोड़ रुपये कर दिया है, जो 2024-25 में 144 .48 करोड़ रुपये थी। सैमसंग इंडिया के ''सिटीजनशिप'' कार्यक्रम से अब तक 15 लाख लोग लाभान्वित हुए हैं। चुन ने बयान में कहा कि भारत में तीन दशक पूरे होने के साथ हम नवोन्मेषण और शिक्षा को प्रगति और समावेशन के लिए उत्प्रेरक मानते हैं। कहा कि हम युवा नवोन्मेषकों की ऐसी पीढ़ी तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिनमें कौशल, रचनात्मकता और सहयोग की भावना हो, ताकि वे जटिल सामाजिक चुनौतियों का समाधान कर सकें।

## भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर वार्ता आज से

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण पर तीन दिन की वार्ता के लिए भारत के लगभग एक दर्जन अधिकारी 20 अप्रैल को वाशिंगटन पहुंचेंगे। एक अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए कहा कि चूंकि अमेरिका में शुल्क ढांचा बदल गया है, इसलिए दोनों पक्ष उस समझौते पर फिर से विचार कर सकते हैं, जिसका मसौदा सात फरवरी को जारी किया गया था।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कई देशों पर लगाए गए व्यापक शुल्क के खिलाफ अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने 24 फरवरी से 150 दिन के लिए सभी देशों पर 10 प्रतिशत शुल्क लगा दिया है। अधिकारी ने कहा कि बैठक 20-22 अप्रैल तक वाशिंगटन डीसी में होगी। भारत के मुख्य वार्ताकार और वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव दर्पण जैन टीम का नेतृत्व कर रहे हैं। सीमा शुल्क और विदेश मंत्रालय के अधिकारी भी भारतीय दल का हिस्सा हैं। इसके अलावा, अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि द्वारा शुरू की गई जांच पर चर्चा हो सकती है।

## लोन गारंटर बनने के बड़े खतरे ...

निवेश की पाठशाला

**कारोबार डेस्क**

किसी लोन का गारंटर बनना सिर्फ गवाही नहीं, बल्कि कानूनी जिम्मेदारी है यानी कानूनी तौर पर कर्ज आपके सिर पर आ जाता है। यदि कर्जदार चूक जाता है, तो बैंक लोन की वसूली आपसे करेगा। आपकी जमा पूंजी या संपत्ति भी जोखिम में हैं। किस्त चुकने में छोटी देर भी आपके क्रेडिट स्कोर को नुकसान पहुंचा सकती है और भविष्य में स्वयं को लोन मिलना कठिन हो सकता है। आइए समझते हैं गारंटर बनने के बाद आपके सामने क्या चुनौतियां आ सकती हैं-



### लाभ किसी का, जिम्मेदारी आपकी

● किसी व्यक्ति के लोन यानी कर्जे का गारंटर बनने का सीधा अर्थ है कि यदि कर्ज लेने वाला व्यक्ति ऋण चुकाने में किसी कारण विफल रहता है तो उस पूरे कजर् की वसूली बैंक आपसे करने के लिए अधिकृत है। बैंक को इससे कोई सरोकार नहीं कि लोन का पैसा आपने इस्तेमाल किया है या नहीं। यदि कर्जदार भाग गया या मुकर गया, तो बैंक आपका दरवाज खटखटाएगा। आपका वेतन, पेंशन, जमा पूंजी और यहां तक कि अचल संपत्ति भी इस वसूली की चपेट में आ सकती है।

### ध्यान दें

● **बहुत क्रेडिट स्कोर पर प्रहार :** अधिकांश लोग यह नहीं जानते कि यदि मुख्य कर्जदार किस्त चुकाने में एक दिन की भी देरी करता है, तो उसका बुरा असर आपके क्रेडिट प्रोफाइल पर भी पड़ता है।

● **भविष्य के रास्ते बंद :** यदि कभी आपको स्वयं किसी काम के लिए धन की आवश्यकता पड़ी, तो बैंक आपको ऋण देने से मना कर सकता है, क्योंकि आप पहले ही किसी और के द्वारा लिए गये कर्ज के लिए उत्तरदायी हैं।

● **साख में गिरावट :** कर्जदार की एक चूक आपके वर्षों से बनाए गए वित्तीय सम्मान को मिट्टी में मिला सकती है।

● **कानूनी पचड़े और मानसिक तनाव :** हम सबको जीवन में शांति और अच्छे स्वास्थ्य की जरूरत होती है। लेकिन जब कोई लोन डिफाल्ट होता है तो अदालती नोटिस और वसूली एजेंटों के चक्कर आपको मानसिक रूप से तोड़ सकते हैं।

### कानूनी कार्रवाई और रिश्ते

● **कानूनी कार्रवाई :** कर्ज देने वाला बैंक कर्जदार के साथ आपके विरुद्ध भी मुकदमा चला सकता है।

● **रिश्तों में खटास :** रिश्तों के बीच जब पैसे का लेनदेन आ जाता है तो रिश्ते बिगड़ने का अंदेशा रहता है। अगर मामला कर्ज का हो तो जिस अपने की मदद के लिए आप गारंटर बने थे, वही व्यक्ति आपका सबसे बड़ा दुश्मन बन सकता है।

### इमरजेंसी फंड पर संकट

● हम सभी अपने कठिन समय, बीमारियों और आकस्मिक खर्चे के लिए एक इमरजेंसी फंड बनाकर रखते हैं। लेकिन यदि पूंजी का बड़ा हिस्सा किसी और का कर्ज चुकाने में चला गया, तो आप अपने उपचार और अन्य किसी आपात स्थिति के लिए दूसरों पर निर्भर हो सकते हैं।

### काम की बात

● नियम-शर्तों को समझकर ही गारंटर बनें। बल्कि गारंटर बनने के बजाय कर्जदार को बीमा कराने की सलाह दें, ताकि उसकी अनुपस्थिति में बीमा कंपनी कर्ज का बोझ उठाए।

● मदद करना धर्म है, लेकिन यदि आपका मन गवाही नहीं दे रहा, तो विनम्रता से 'ना' कहें।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# घुसपैठियों के लिए उन्हीं की सरकार बनाना चाहती हैं ममता बनर्जी : मोदी

**झाड़ग्राम (पश्चिम बंगाल), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव को राज्य की पहचान बचाने की लड़ाई बताया। उन्होंने राज्य की ममता बनर्जी सरकार पर ऐसी राजनीति करने का रविवार को आरोप लगाया जो मूल निवासियों के बजाय 'घुसपैठियों' का समर्थन करती है। मोदी ने आदिवासी बहुल झाड़ग्राम जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि तृणमूल कांग्रेस घुसपैठियों के लिए, घुसपैठियों की सरकार' बनाना चाहती है। उन्होंने मतदाताओं से इसे सत्ता से हटाने को एकजुट होने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि यह चुनाव इस भूमि की समृद्ध विरासत को बचाने के लिए है... यह बंगाल की पहचान को बचाने के लिए है। आज बंगाल को अपनी पहचान खोने का डर है। आरोप लगाया कि तृणमूल जिस रास्ते पर चल रही है वह बहुत खतरनाक है। तृणमूल कांग्रेस घुसपैठियों की सरकार'बनाना चाहती है। एक ऐसी सरकार जो बंगाल की जनता के धर्म, भाषा और रीति-रिवाजों के बजाय केवल घुसपैठियों के धर्म, भाषा और रीति-रिवाजों की रक्षा करेगी। मोदी ने दावा किया कि ऐसी सरकार के लिए सबसे बड़ी बाधा पश्चिम बंगाल के आम लोग होंगे। उस सरकार के लिए, अगर कोई शत्रु है, तो वे यहीं बैठे भाई-बहन होंगे, जो घुसपैठियों के शत्रु होंगे।



पश्चिम बंगाल के झाड़ग्राम में जनसभा में अभिवादन करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी।

● **कहा- बंगाल की पहचान बचाने की लड़ाई है यह विस चुनाव**

## मंदिर के ऊपर 'दीपम' जलाया जाएगा: राजनाथ सिंह



**चेन्नई, एजेंसी।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) पर अवैध रेत खनन और गिरती कानून-व्यवस्था को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि 23 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव के बाद राज्य में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार बनते ही तिरुपरनकुंद्रम मंदिर के ऊपर दीपम जलाया जाएगा। तेनकासी जिले के वासुदेवनल्लूर (आरक्षित) और राधापुरम निर्वाचन क्षेत्रों में भाजपाउम्मीदवारों अनंतन अय्यानाथन और बालकृष्णन के समर्थन में रोड शो करते हुए श्री सिंह ने कहा कि अदालत के आदेशों के अनुसार वहां दीपम निश्चित रूप से जलाया जाएगा। गौरतलब है कि मद्रास उच्च न्यायालय ने तिरुपरनकुंद्रम पहाड़ी पर स्थित पत्थर के खंभे (दीपथून) पर कार्तिकेय दीपम जलाने की अनुमति दी थी।

## ममता ने कांग्रेस के साथ साजिश रचकर महिलाओं से किया विश्वासघात : नबीन

**बलूरघाट (प. बंगाल), एजेंसी।** भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन ने रविवार को लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के आरक्षण के कार्यान्वयन में आई बाधा के लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और कांग्रेस जैसी विपक्षी पार्टियों को जिम्मेदार ठहराया। बलूरघाट में भाजपा उम्मीदवार बिद्युत रॉय के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए नवीन ने कहा कि बंगाल से घुसपैठियों को बाहर निकालने, जनसांख्यिकीय परिवर्तन को रोकने और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए तृणमूल कांग्रेस को सत्ता से हटाना आवश्यक हो गया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि महिला होने के बावजूद, ममता बनर्जी ने कांग्रेस जैसी पार्टियों के साथ मिलकर बंगाल की महिलाओं के साथ विश्वासघात किया ताकि लोकसभा में महिला आरक्षण से संबंधित संशोधन विधेयक पारित न हो सके। भाजपा अध्यक्ष ने राज्य की महिला मतदाताओं से तृणमूल कांग्रेस को सबक सिखाने का आह्वान करते हुए दावा किया कि राज्य सरकार महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रही है।

### विस चुनाव : निर्वाचन आयोग ने की 11 हजार गैर कानूनी सोशल मीडिया पोस्ट के खिलाफ कार्रवाई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** निर्वाचन आयोग ने रविवार को कहा कि उसने पांच विधानसभा चुनाव के लिए जारी प्रक्रिया से संबंधित करीब 11,000 'गैरकानूनी' सोशल मीडिया पोस्ट और अन्य सामग्री के खिलाफ कार्रवाई की है। असम, केरल और पुडुचेरी विधानसभा के लिए पहले ही मतदान हो चुका है जबकि तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में चुनाव इस महीने के अंत में चुनाव होंगे। निर्वाचन आयोग ने अपने निर्देश में कहा है कि सोशल मीडिया पर कृत्रिम मेधा (एआई) द्वारा सृजित या हेरफेर की गई किसी भी भ्रामक या गैरकानूनी सामग्री की जानकारी मिलते ही तीन घंटे के भीतर कार्रवाई की जानी चाहिए। राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और अभियान प्रतिनिधियों को यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि प्रचार के लिए उपयोग की जाने वाली किसी भी कृत्रिम रूप से निर्मित या एआई-जनित सामग्री को स्पष्ट रूप से एआई-जनित, 'डिजिटल रूप से उन्नयन किया गया' या 'कृत्रिम सामग्री' के रूप में लेबल किया जाए, साथ ही मूल संस्था का खुलासा भी किया जाए, ताकि पारदर्शिता और मतदाताओं का विश्वास बना रहे।

# राजनीतिक प्रचार के लिए सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर रहे प्रधानमंत्री : ममता

**तारकेश्वर(प.बंगाल), एजेंसी**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर राजनीतिक प्रचार के लिए सरकारी तंत्र का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया।

पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख बनर्जी ने हुगली जिले के तारकेश्वर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने महिला आरक्षण विधेयक के संबंध में राष्ट्र को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए अवैध तरीके से प्रचार किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री पर आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने (भाजपा ने) कल सरकारी तंत्र का दुरुपयोग राजनीतिक प्रचार के लिए किया।

हम इसकी निंदा करते हैं और निर्वाचन आयोग में शिकायत कराएंगे। वर्ष 2029 से लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करने संबंधी विधेयक के संसद के निचले सदन में पारित नहीं होने के बाद प्रधानमंत्री ने शनिवार को राष्ट्र को संबोधित किया। उन्होंने कांग्रेस और उसके सहयोगियों को चेतावनी दी कि भारत की महिलाएं उन्हें भ्रूण हत्या के पाप के लिए कड़ी सजा देंगी। बनर्जी ने कहा कि प्रधानमंत्री को जनता को जवाब देना होगा कि आप अपनी पार्टी के लिए अवैध प्रचार कर रहे हैं।



पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करतीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी।

## टीवीके का एक सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार का समर्थन का ऐलान

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु में अभिनेता से राजनेता बने विजय ने अपनी पार्टी तमिलगा वेट्री कषगम (टीवीके) के उम्मीदवार एम. अरुण कुमार का एडापडी विधानसभा क्षेत्र से नामांकन रद्द होने के बाद ऐलान करते हुए कहा कि उनकी पार्टी इस सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के. प्रेमकुमार का समर्थन करेगी। उन्होंने कहा कि मैं एडापडी विधानसभा क्षेत्र के लोगों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। प्रेमकुमार बतौर एक निर्दलीय उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। हममें से ही एक हैं और पहले हमारे फैन क्लब में काम कर चुके हैं। श्री विजय ने मतदाताओं से अपील की कि वे इस विधानसभा क्षेत्र में श्री प्रेमकुमार को उनकी पार्टी टीवीके के उम्मीदवार के तौर पर ही देखें।

### निर्वाचन आयोग ने जोड़े सात लाख नए मतदाता

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूची में लगभग सात लाख नए मतदाता जोड़े गए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। निर्वाचन आयोग ने हालांकि नए जोड़े वोटरों आयु या अन्य जानकारी साझा नहीं की है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को बताया कि इन नए मतदाताओं में से लगभग 3 .22 लाख मतदाता पहले चरण में वोट करेंगे, जबकि शेष लगभग 3 .88 लाख वोटर दूसरे चरण में मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

# वार्ता से पहले ईरान के कड़े तेवर, कहा- किसी हाल में नहीं सौंपेंगे अपना संवर्धित यूरेनियम

## ट्रंप प्रशासन पर लगाया अतिवादी मांगें थोपने का आरोप, कहा- अब सीधी वार्ता में भी दिलचस्पी नहीं

अंताल्या (तुर्किये), एजेंसी

पश्चिम एशिया में शांति के लिए दूसरे दौर की वार्ता शुरू होने से पहले ईरान ने अमेरिका के खिलाफ तीखी टिप्पणियां करते हुए साफ कर दिया है कि वह किसी भी हालत में उसकी धमकियों के दबाव में नहीं आएगा। ईरान के उप विदेशमंत्री सईद खतीबजादेह ने रविवार को यहां तक कहा कि ईरान फिलहाल अमेरिकी प्रतिनिधियों के साथ सीधी बातचीत का एक नया दौर शुरू करने का इच्छुक नहीं है क्योंकि प्रमुख मुद्दों पर वाशिंगटन अपनी अतिवादी मांगों को छोड़ने से इन्कार कर रहा है। खतीबजादेह ने ट्रंप के दावों को खारिज करते हुए यह भी साफ किया है कि ईरान किसी हालत में अपना संवर्धित यूरेनियम अमेरिका को नहीं सौंपेगा।

तुर्किये में एक राजनयिक मंच के कार्यक्रम में पहुंचे ईरानी उप विदेशमंत्री ने कहा, किसी भी हालत में संवर्धित यूरेनियम अमेरिका नहीं भेजा जाएगा। यह बिल्कुल अस्वीकार्य है। ट्रंप ने शुक्रवार को दावा किया था कि अमेरिका ईरान में घुसकर सारी परमाणु सामग्री हासिल कर लेगा। उनका इशारा पिछले साल अमेरिकी सैन्य हमलों से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुए परमाणु केंद्रों में दबे 440 किलोग्राम संवर्धित यूरेनियम की ओर था। खतीबजादेह ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच संदेशों का कई बार आदान-प्रदान हुआ है। लेकिन अमेरिका उन मांगों पर अड़ा हुआ है जिन्हें ईरान अतिवादी मानता है।

उन्होंने कहा कि ईरान आमने-सामने की बैठक से पहले एक समझौते ढांचे को अंतिम रूप देना चाहता है। खतीबजादेह से जब पूछा गया कि क्या ईरान युद्धविराम के बावजूद लेबनान पर इजराइल द्वारा नए सिरे से किए गए हमलों का जवाब देगा तो उन्होंने कहा, ईरान के पास हमलावरों को हमेशा के लिए रोकने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ बातचीत के तहत होर्मुज के लिए एक नई नियमावली' लागू की जाएगी और यह सभी असैन्य जहाजों के आवागमन के लिए खुला और सुरक्षित रहेगा।



### गालिबफ का एलान- ईरानी सेना युद्ध के लिए तैयार

**मॉस्को।** ईरानी संसद अध्यक्ष मोहम्मद बगेर गालिबफ ने कहा कि वाशिंगटन और तेहरान के बीच जारी बातचीत के बावजूद ईरान के सशस्त्र बल पूरी तरह युद्ध के लिए तैयार हैं। गालिबफ ने कहा, हमें दुश्मन पर भरोसा नहीं है। अभी भी जब हम यहां बैठे हैं, युद्ध छिड़ सकता है। सशस्त्र बल जमीन पर पूरी तरह तैयार हैं। संसद अध्यक्ष ने इस बात से इन्कार किया कि बातचीत के बीच राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति लापरवाही हो सकती है।

### अमेरिका की हैसियत क्या है जो परमाणु कार्यक्रम के वैध अधिकार से वंचित कर सके: पेजेश्कियान



**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर तीखा हमला करते हुए कहा कि वह ईरान के शांतिपूर्ण परमाणु कार्यक्रम के अविभाज्य अधिकार को छीनने की स्थिति में नहीं हैं। पेजेश्कियान ने एक बयान में कहा कि अमेरिका यह कहता है कि ईरान अपने परमाणु अधिकारों का उपयोग न करे, लेकिन यह नहीं बताता कि किस अपराध के लिए। आखिर दुनिया में उसकी क्या हैसियत है कि वह किसी राष्ट्र को उसके वैधानिक अधिकारों से वंचित कर सके। पेजेश्कियान ने मानवाधिकार संगठनों और संयुक्त राष्ट्र की भी आलोचना की। आरोप लगाया कि वे अमेरिका और इजराइल के हमलों पर चुप हैं, जिनमें वैज्ञानिकों की हत्या की गई और नागरिक क्षेत्रों तथा रिहायशी इलाकों को निशाना बनाया गया। पेजेश्कियान ने कहा कि ईरान ने कभी युद्ध की शुरुआत नहीं की है। हम शांतिप्रिय हैं और जो कर रहे हैं वह वैध आत्मरक्षा है। उन्होंने ईरान के सशस्त्र बलों की सराहना करते हुए कहा कि ईरान ने व्यापक समर्थन प्राप्त महाशक्तियों के खिलाफ भी मजबूती से खड़े होने की क्षमता दिखाई है।

**यूरोपीय संघ को भी ईरान की झिड़की..**

### ईरानियों पर अत्याचार की अनदेखी करने वाले अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का वास्ता न दें

**मॉस्को।** ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के आवागमन की स्थिति को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय कानून के पालन की यूरोपीय संघ की अपील को खारिज करते हुए इसे चरम पाखंड बताया। बगाई यूरोपीय संघ की विदेश नीति प्रमुख काजा कल्लास की उस पोस्ट पर टिप्पणी कर रहे थे, जिसमें उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का हवाला देते हुए ईरान से होर्मुज से जहाजों के बिना शुल्क और टोल मुक्त आवागमन सुनिश्चित करने का आह्वान किया था। बगाई इसके जवाब में एक्स पर कहा, अरे, वो अंतर्राष्ट्रीय कानून ! वही कानून जिसका हवाला देकर यूरोपीय संघ दूसरों को उपदेश देता है जबकि चुपचाप अमेरिका-इजराइल के आक्रामक युद्ध को हरी झंडी देता है और ईरानियों पर हो रहे अत्याचारों को अनदेखा करता है! उपदेश देना बंद करो। यूरोप की अपने उपदेशों पर अमल न करने की आदत ने उसके अंतर्राष्ट्रीय कानून के वादों को पाखंड की पराकाष्ठा में बदल दिया है।

### ट्रंप को क्यूबा का भी दोटूक जवाब- हम जंग से नहीं डरते

**हवाना।** क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज कानेल ने कहा है कि अगर अमेरिका ने उनके देश के खिलाफ कोई अवैध आक्रामक कदम उठाया तो क्यूबा अपनी रक्षा करेगा। उन्होंने कहा कि क्यूबा ऐसा मुल्क नहीं है जो जंग चाहता है या उसे बढ़ावा देता है, लेकिन अगर अपनी जमीन की रक्षा के लिए युद्ध लड़ना पड़ा तो वह इससे डरता भी नहीं। उन्होंने कहा, जब से अमेरिकी राष्ट्रपति की धमकियां बढ़ी हैं, तबसे क्यूबा सरकार ने राष्ट्रीय रक्षा को शीर्ष प्राथमिकता बना लिया है। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान के खिलाफ चल रहे सैन्य घटनाक्रमों के संदर्भ में कहा था कि वहां काम खत्म करने के बाद हम क्यूबा का रुख कर सकते हैं। क्यूबा पिछले छह दशकों से अधिक समय से अमानवीय अमेरिकी प्रतिबंधों का सामना कर रहा है, जिन्हें संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतर्राष्ट्रीय कानून के मौलिक सिद्धांतों का घोर उल्लंघन माना जाता है।

# पाकिस्तान के आतंकी चेहरे से मुखौटा हटाएगा भारत

वाशिंगटन, एजेंसी

- कैपिटल हिल में प्रदर्शनी आयोजित कर दुनिया में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को करेगा उजागर

अमेरिका में भारतीय दूतावास पहलगाम में आतंकवादी हमले का एक वर्ष पूरा होने पर मंगलवार को अमेरिकी संसद परिसर कैपिटल हिल में एक प्रदर्शनी आयोजित करेगा जिसमें पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को उजागर किया जाएगा। द ह्यूमन कॉस्ट ऑफ टेररिज्म (आतंकवाद की मानवीय कीमत) नाम की इस प्रदर्शनी का उद्घाटन अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा करेंगे।

यह प्रदर्शनी ऐसे समय में आयोजित की जा रही है जब पाकिस्तान 28 फरवरी को शुरू हुए अमेरिका-ईरान युद्ध में खुद को शांति स्थापित कराने वाले देश के रूप में पेश करने की कोशिश कर रहा है। पहलगाम में पिछले साल 22 अप्रैल को पाकिस्तान स्थित संगठनों से जुड़े आतंकवादियों ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम की बैसरन घाटी में पर्यटकों पर गोलीबारी की थी जिसमें 25 भारतीयों और एक नेपाली नागरिक की मौत हो गई थी। इस हमले के जवाब में भारत ने पाकिस्तान में आतंकवादी ढांचों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। भारत ने पिछले साल जुलाई में भी संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में इसी तरह की एक प्रदर्शनी आयोजित की थी। उस समय पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संभाली थी।

कैपिटल हिल में आयोजित की जाने वाली डिजिटल प्रदर्शनी में दुनिया भर में हुए भीषण आतंकवादी हमलों को प्रदर्शित किया जाएगा, जिनमें 1993 में मुंबई में हुए सिलसिलेवार बम विस्फोट, 2008 में मुंबई आतंकवादी हमले और पहलगाम आतंकवादी हमले को भी दिखाया जाएगा। इसमें प्रत्येक हमले को अंजाम देने वाले आतंकवादी संगठनों के नाम भी प्रदर्शित किए जाएंगे, जिनमें लश्कर-ए-तैयबा जैसे पाकिस्तान स्थित कई संगठन एवं आतंकवादी शामिल हैं।

## कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे दिनेश त्रिवेदी बन सकते हैं बांग्लादेश में भारत के नए उच्चायुक्त

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के अनुभवी नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री दिनेश त्रिवेदी बांग्लादेश में भारत के अगले उच्चायुक्त बनाए जा सकते हैं।

बांग्लादेश में भारत के उच्चायुक्त रहे प्रणय वर्मा को बेल्जियम और यूरोपीय संघ के अगले राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया है। माना जा रहा है कि बांग्लादेश में नई सरकार बनने के बाद द्विपक्षीय संबंधों को फिर से स्थापित करने के लिए भारत ढाका में राजनयिक पद पर किसी राजनीतिक हस्ती को नियुक्त करने पर विचार कर रहा है। 2024 में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के सत्ता में आने के बाद भारत और बांग्लादेश के रिश्तों में खटास आ गई थी।

**वर्ल्ड ब्रीफ**

### संडाकन के कम्पुंग बहागिया में भीषण आग 8,000 लोग विस्थापित

**संडाकन/कुआलालंपुर।** मलेशिया के संडाकन स्थित कम्पुंग बहागिया इलाके में रविवार तड़के हुई दुर्घटना के कारण भीषण आग लग गई जिससे 200 घर जलकर नष्ट हो गए और लगभग 8,000 लोग विस्थापित हो गए। गांव प्रमुख शरीफ हाशिम शरीफ इतिंग ने बताया कि आग करीब 1:30 बजे ब्रिज ए स्थित एक घर में लगी, जब खाना बनाते समय गैस चूल्हे की आग भड़क उठी। दमकल के पहुंचने से पहले आसपास के लोगों ने आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग तेजी से फैल गई। उन्होंने बताया कि घनी आबादी, पास-पास बने लकड़ी के मकानों कारण हालात और बिगड़ गए।

### इजराइल को कोई पसंद करे न करे, वह हमारा सहयोगी: ट्रंप

**मॉस्को।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि इजराइल ने खुद को अमेरिका का एक महान सहयोगी साबित किया है। ट्रंप ने ट्रूथसोशल पर कहा, चाहे लोग इजराइल को पसंद करें या न करें, उसने अमेरिका का एक महान सहयोगी साबित किया है। उन्होंने कहा कि इजराइल जीतना जानता है, ऐसे कुछ लोगों के विपरीत जिन्होंने संघर्ष और तनाव के दौरान असली रंग दिखाया है। ट्रंप ने यह टिप्पणी उस बयान के बाद की है जिसमें उन्होंने इजराइल पर लेबनान पर बमबारी पर रोक लगाई थी।

### राजस्थान में भीषण गर्मी, कोटा में पारा 42.1 डिग्री सेल्सियस

**जयपुर।** राजस्थान में रविवार को भीषण गर्मी रही और कई जिलों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। मौसम विभाग के अनुसार कोटा में राज्य का सर्वाधिक अधिकतम तापमान 42.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। चूरू और चित्तौड़गढ़ में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि पिलानी में 41.7 डिग्री, टोंक में 41.6 डिग्री और अलवर में 41.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बाड़मेर में 41.4 डिग्री, बीकानेर में 41 डिग्री और जयपुर में 40.5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ।

### मोटर साइकिल के तारबंदी से टकराने से दो युवकों की मौत

**जैसलमेर।** राजस्थान में जैसलमेर के झिनझिनयाली थाना क्षेत्र में शनिवार शाम सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गयी। थाना प्रभारी सुमेर सिंह ने रविवार को बताया कि बाड़मेर जिले के रामसर थाना क्षेत्र के रेडाणा निवासी चंदा राम मेघवाल और कंवराराम मेघवाल काम के सिलसिले में मोटर साइकिल से जैसलमेर जिले के झिझनियाली आये थे। शनिवार शाम दोनों अपने गांव रेडाणा लौट रहे थे। निंबली फाटा के पास उनकी तेज रफ्तार बाइक अचानक बेकाबू होकर ट्यूबवेल की तारबंदी में जा घुसी।

# इटली में गुरुद्वारे से निकल रहे दो भारतीयों की गोली मारकर हत्या

रोम, एजेंसी

इटली में बर्गामो प्रांत के कोवो में दो भारतीयों की उस वक्त गोली मारकर हत्या कर दी गई जब वे एक गुरुद्वारे से बाहर निकल रहे थे। यह गुरुद्वारा एक गोदाम में था जिसका इस्तेमाल पूजा स्थल के रूप में किया जा रहा था।

खबरों के मुताबिक, यह हमला शुक्रवार को मध्यरात्रि से कुछ देर पहले शहर के औद्योगिक क्षेत्र में गुरुद्वारा माता साहिब कौर जी के सामने स्थित चौक में हुआ। मृतकों की पहचान कोवो निवासी 48 वर्षीय रागिंदर सिंह और एग्नाडेलो निवासी 48 वर्षीय गुरमीत सिंह के रूप में हुई है। खबर के अनुसार, हमलावर इन लोगों के पास पहुंचा, उसने गोलियां चलाईं और फिर कार में बैठकर फरार हो गया। प्रारंभिक जांच के अनुसार, अचानक झड़प के बाद हत्या किए जाने की संभावना को खारिज किया गया है।

- ताबड़तोड़ गोलियां चलाने के बाद अपनी कार में बैठकर फरार हुआ हमलावर



घटनास्थल पर जांच करती कोवो शहर की पुलिस।

घटनास्थल से लगभग 10 कारतूस बरामद किए गए हैं और अधिकारी सुनियोजित हत्या की संभावना को ध्यान में रखकर जांच कर रहे हैं। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि गोली चलाने वाला भी एक भारतीय था जो अक्सर गुरुद्वारे में आता-जाता था।

# उ. कोरिया ने समुद्र की ओर कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं

## दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग के भारत रवाना होने से ऐन पहले किया प्रक्षेपण

सियोल, एजेंसी

उत्तर कोरिया ने रविवार को समुद्र की ओर कम दूरी की कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। ये प्रक्षेपण दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग के भारत और वियतनाम की यात्रा के लिए रवाना होने से कुछ घंटे पहले किए गए। उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षणों पर जापान और दक्षिण कोरिया ने कड़ी आपत्ति जताई है। दक्षिण कोरिया ने राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक में भी इन परीक्षणों पर चिंता जताई है।

दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ (जेसीएस) के मुताबिक उत्तर कोरिया के सिनपो क्षेत्र से दागी गईं ये मिसाइलें देश के पूर्वी समुद्री क्षेत्र की दिशा में करीब 140 किलोमीटर (87 मील) तक गईं। जेसीएस ने कहा कि उत्तर कोरिया की उकसाने वाली हर प्रकार की कार्रवाई का जवाब देने के लिए दक्षिण कोरिया तैयार है और वह अमेरिका एवं जापान के साथ सूचनाओं का लगातार आदान-प्रदान कर रहा है। अमेरिका के हिंद प्रशांत कमान ने कहा कि वह अपनी एवं अपने सहयोगियों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। जापान ने कहा कि उसने इन प्रक्षेपणों को लेकर उत्तर कोरिया के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया है। जापान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि ये प्रक्षेपण क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए खतरा हैं तथा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के उन प्रस्तावों का उल्लंघन करते हैं जिनके तहत उत्तर कोरिया की किसी भी बैलिस्टिक गतिविधि पर रोक है।



जयशंकर ने किया ली जे का स्वागत।

### परमाणु हथियार बनाने में उत्तर कोरिया बेहद तेज

ये मिसाइल ऐसे समय में दागी गई हैं जब कुछ दिन पहले ही संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था ने परमाणु हथियार बनाने के उत्तर कोरिया के प्रयासों में बेहद गंभीर प्रगति होने की चेतावनी दी थी। एजेंसी के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने कहा था कि उत्तर कोरिया के परमाणु केंद्रों में गतिविधियों में तेज बढ़ोतरी हो रही है। उत्तर कोरिया की गतिविधियां उसके परमाणु हथियार उत्पादन की क्षमता में बहुत गंभीर वृद्धि की ओर संकेत करती हैं।

## अमेरिका में गोलीबारी में आठ बच्चों की मौत

**श्रेवेपोर्ट।** अमेरिका के लुइसियाना में रविवार को घरेलू झगड़े में गोलीबारी में आठ बच्चों की मौत हो गई। मृतकों की उम्र एक से चौदह वर्ष के बीच है। श्रेवेपोर्ट पुलिस प्रमुख वेन स्मिथ के अनुसार, गोलीबारी की घटना रविवार सुबह लगभग छह बजे हुई। उन्होंने बताया कि कुल 10 लोग घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि वे तीन स्थानों पर हुई इन घटनाओं के बारे में और जानकारी जुटा रहे हैं। स्मिथ ने कहा कि संदिग्ध हमलावर को पुलिस ने पीछा कर मार गिराया।

## श्रीनगर में दो अमेरिकी नागरिक हिरासत में

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नियमित जांच के दौरान सामान से सैटेलाइट फोन बरामद होने के बाद दो अमेरिकी नागरिकों को हिरासत में ले लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि दोनों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। इस संबंध में अभी विस्तृत जानकारी नहीं मिल सकी है।

## एआई उपकरण के जरिए मरीजों के स्वास्थ्य की 24 घंटे निगरानी करेंगे डॉक्टर

**नई दिल्ली/चेन्नई।** दक्षिण भारत में स्वास्थ्य देखभाल व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से चिकित्सकों की अगुवाई वाला एआई आधारित एक मंच रविवार को चेन्नई में शुरू किया गया जिसकी मदद से अस्पताल के बाहर भी मरीजों के स्वास्थ्य पर चौबीसों घंटे नजर रखी जा सकेगी।

- कलाई में पहने जाना वाला उपकरण किसी आपात स्थिति की तुरंत देगा जानकारी

इस पहल का उद्देश्य दीर्घकालिक बीमारियों से ग्रस्त मरीजों के स्वास्थ्य पर नजर रखना है ताकि उनकी स्थिति गंभीर होने से पहले ही कदम उठाए जा सके और हृदयाघात के खतरे को कम किया जा सके। ई-लिव कनेक्ट एआई सक्षम ऐसा तंत्र है जिसके केंद्र में एक छोटा वायरलेस बायोसेंसर पैच है जिसे कलाई पर पहने जाने वाले बैंड के साथ जोड़ा गया है। यह हृदय गतिविधि और रक्तचाप जैसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य मापदंडों पर नजर रखता है। इस प्रणाली के तहत अनुभवी चिकित्सक स्वास्थ्य मापदंडों पर चौबीसों घंटे एक दूरस्थ कमान केंद्र के जरिए नजर रख सकते हैं। यह केंद्र किसी भी प्रकार की असामान्य स्थिति का पता चलने पर मरीजों एवं उनके परिवारों को सतर्क करता है। इस प्रणाली के उद्घाटन समारोह में करीब 40 चिकित्सकों ने भाग लिया।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज दिन के दूसरे हिस्से में व्यावहारिक निर्णय लेना अधिक लाभ देगा। किसी काम को अधूरा छोड़ने से बचें।

**तुला** — आज थोड़ा संभलकर चलने की जरूरत है। मन में असंतुलन आ सकता है। जल्दबाजी में फैसला लेने से बचें।

**वृष** — आज आपके लिए स्थिति मजबूत होने का दिन है। आप अपने फैसलों में स्पष्ट रहेंगे। कोई महत्वपूर्ण काम आपके पक्ष में जा सकता है।

**वृश्चिक** — आज आपके लिए साझेदारी और संबंध महत्वपूर्ण रहेंगे। मिलकर किया गया काम आगे बढ़ेगा। बातचीत में स्पष्टता रखें।

**मिथुन** — आज आप थोड़ा शांत रहकर काम करना पसंद करेंगे। भीड़ से हटकर सोचने का फायदा मिलेगा। कोई अवसर आपके काम आ सकता है।

**धनु** — आज का दिन थोड़ा व्यस्त रहेगा। आपको लगातार सक्रिय रहना पड़ेगा। सही दिशा में मेहनत करने से लाभ मिलेगा।

**कर्क** — आज टीम के साथ किया गया काम सफल होगा। प्रयासों का अच्छा परिणाम मिलेगा। लोगों के साथ तालमेल बनाकर रखें।

**मकर** — आज आपको अपने मन के अनुसार काम करने का मौका मिलेगा। अलग तरीके से काम करने पर सफलता मिलेगी।

**सिंह** — आज का दिन आपके पक्ष में जा सकता है। जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। काम में लापरवाही न करें।

**कुंभ** — आज निजी मामलों पर ध्यान देना पड़ सकता है। किसी विषय पर गंभीर चर्चा हो सकती है। काम के साथ निजी जीवन को संतुलित रखें।

**कन्या** — आज का दिन आपके लिए प्रगति का संकेत दे रहा है। आप किसी नए तरीके से काम करने की कोशिश करेंगे।

**मीन** — आज के दिन को हल्के में न लें। आपके लिए बातचीत महत्वपूर्ण रहेगी। छोटी सी बात आपके लिए बड़ा मौका बन सकती है।

# राजनीति में दिखावा जरूरी, इसलिए कभी-कभी हमें शर्मिंदगी भरे काम भी करने पड़ते हैं: ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में टिप पर कोई टैक्स नहीं नीति के एक साल पूरे होने पर ओवल ऑफिस में बर्गर मंगवाने को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारी आलोचना हो रही है और इसे प्रचार का घटिया तरीका बताया जा रहा है। ट्रंप को इसके लिए सफाई देने पर भी मजबूर होना पड़ा है। उन्होंने लास वेगास की एक रैली में कहा कि यह वाकई शर्मिंदगी भरा है लेकिन राजनीति में यह करना पड़ता है और इसका फायदा भी होता है।

यह विवाद तब शुरू हुआ जब ऑनलाइन डिलिवरी सेवा मुहैया कराने वाली कंपनी डोरडैश की ओर से शैरोन सिमंस नाम की महिला ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति के कार्यालय ओवल ऑफिस में बर्गर और फ्राइज के दो बैग पहुंचाए जिसके बाद व्हाइट हाउस ने टिप्पणी जारी की कि 'टिप पर कोई टैक्स नहीं' नीति के कारण सिमंस ने 11,000 अमेरिकी डॉलर की बचत की थी। इस राजनीतिक पैंतरे की आलोचना होने के बाद ट्रंप ने माना कि प्रचार का यह कदम थोड़ा अजीब था। उन्होंने 2024 में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव प्रचार अभियान के समय की उस घटना का भी जिक्र किया जब उन्होंने बर्गर की आपूर्ति करने वाली कंपनी में फ्राइज परोसे थे और एक सुरक्षा जैकेट पहनकर अभियान के लोगो वाले कचरा ट्रक में चढ़ गए थे। उन्होंने कूड़ा ढोने वाले ट्रक की घटना का उदाहरण देते हुए कहा, प्रचार टीम अजीबो-गरीब विचार लेकर आती है।



- टिप पर कोई टैक्स नहीं नीति की बरसी पर ओवल ऑफिस में बर्गर मंगाने पर उठे सवालों का दिया जवाब

### डिलीवरी के लिए नौकरी छोड़ चुकी चर्चित महिला को बुलाया

डोर डैश को ओवल ऑफिस में बर्गर पहुंचाने वाली घटना को लेकर सोशल मीडिया पर आलोचनाओं का सामना करना पड़ा है। दरअसल कुछ लोगों का कहना था कि सिमंस ने पिछले साल जुलाई में कांग्रेस के समक्ष टिप पर टैक्स नहीं नीति के समर्थन में गवाही दी थी। उस समय उन्होंने खुद को नेवादा की निवासी बताया था। बाद में वह अरकंसास चली गईं और ऐसा प्रतीत होता है कि वह इस सप्ताह, संभवत: केवल एक दिन के लिए वाशिंगटन डीसी क्षेत्र में डोरडैश चालक बनीं।

## यूक्रेन से पाइप लाइनों पर हमला न करने की गारंटी ले तुर्किये: रूस

**मास्को।** रूस ने तुर्किये से अपील की है कि वह यूक्रेन से इस बात की गारंटी ले कि तुर्कस्ट्रीम और ब्लू स्ट्रीम गैस पाइपलाइन बुनियादी ढांचे पर कोई हमला नहीं किया जाएगा।

रूसी उप विदेश मंत्री अलेक्जेंडर ग्रुश्को ने कहा, काला सागर के नीचे तुर्किये को गैस आपूर्ति करने वाली पाइपलाइनों पर यूक्रेन द्वारा लगातार किए जा रहे हमलों को देखते हुए, हमने अपने तुर्की भागीदारों से आग्रह किया है। हमने उनसे कहा है कि वे यूक्रेन को कड़े संकेत भेजें और मांग करें कि वे इस तरह के कृत्यों को तुरंत रोकें।

**वैश्विक रिपोर्ट** | लागत कम करने के लिए एआई आधारित पुनर्गठन पर जोर दे रही हैं कंपनियां

# आईटी सेक्टर से पहली तिमाही में ही 73,200 कर्मचारी बाहर

नई दिल्ली, एजेंसी

वर्ष 2026 की पहली तिमाही में आईटी सेक्टर के 73,200 से भी अधिक कर्मियों की नौकरियां चली गई हैं। यह आंकड़ा टेक इंडस्ट्री में छंटनी पर नजर रखने वाली वैश्विक साइट लेऑफ डॉट एफवाईआई ने जारी किया है। इसके मुताबिक पहली तिमाही के दौरान 95 कंपनियां इस छंटनी प्रक्रिया में शामिल रहीं। पिछले रुझानों पर गौर करने से पता चलता है कि 2025 में भी बड़े स्तर पर नौकरियां गई थीं।



वर्तमान आंकड़े बताते हैं कि कंपनियां अब लागत कम करने और एआई आधारित पुनर्गठन पर जोर दे रही हैं। एक के बाद एक छंटनी की घोषणा करने वाले प्रमुख नामों में द वॉल्ट डिज्नी कंपनी, मेटा प्लेटफॉर्म्स, स्नैप इंक और ओरेकल कॉर्पोरेशन शामिल थे। डिज्नी नौकरियों में करीब 1,000 और कटौती की तैयारी कर रहा है। मार्च में जोश डी अमारो के सीईओ के रूप में पदभार संभालने के बाद से यह पहला बड़ा पुनर्गठन है। डिज्नी की सेवा समाप्ति पर मिलने वाली राशि पद और कार्यकाल के आधार पर अलग-अलग हैं। पांच साल से कम की सेवा वाले गैर-प्रबंधकीय कर्मचारियों को चार सप्ताह का वेतन मिलेगा, जबकि लंबे कार्यकाल वाले कर्मचारियों को प्रति वर्ष सेवा के लिए एक सप्ताह का वेतन दिया जाएगा, अधिकतम सीमा 52 सप्ताह है।

मार्च में मेटा ने 700 पदों को कम कर दिया। बरलिंगम और सनीवेल स्थित कैलिफोर्निया कार्यालयों में 198 पद और कम किए जाने हैं। इससे पहले जनवरी में, कंपनी ने अपनी ऑग्मेंटेड और वर्चुअल रियलिटी पहलों से जुड़ी लगभग 1,500 नौकरियों में पहले ही कटौती कर दी थी। ओरेकल कॉर्पोरेशन भी अब तक के सबसे बड़े पुनर्गठन अभियानों में से एक चला रहा है।

### भारत सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्रों में शामिल

भारत सबसे बुरी तरह प्रभावित क्षेत्रों में से एक है, जहां 12,000 नौकरी गई हैं। रिपोर्टों के अनुसार, ये छंटनी क्लाउड, हेल्थकेयर, सेल्स और नेटसूट डिविजनों में फैली हुई है। स्नैप इंक 1,000 कर्मचारियों की छंटनी की योजना बना रहा है जो इसके कुल कार्यबल का 16 प्रतिशत है। स्नैप 300 से अधिक खाली पड़े पदों को भी खत्म कर रहा है, जो बड़े स्तर पर भर्ती में मंदी का संकेत है। कंपनी को दूसरी छमाही तक सालाना 50 करोड़ अमेरिकी डॉलर (4,630 करोड़ भारतीय रुपये) से अधिक बचत होने की उम्मीद है।

## आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 20 अप्रैल, सोमवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तृतीया 07.27 तक तत्पश्चात चतुर्थी 21 अप्रैल 04.14 तक तत्पश्चात पंचमी।

**दिशाशूल**-पूर्व, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
**ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
**नक्षत्र**-रोहिणी 21 अप्रैल 02.08 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

### सुडोकू - 124 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 3 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 7 | 8 |
| 1 | 6 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 2 | 9 |
| 8 | 2 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 3 |
| 5 | 7 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 1 | 4 |
| 2 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 8 | 3 | 7 |
| 4 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 | 5 | 2 |
| 3 | 9 | 2 | 4 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 |
| 7 | 4 | 1 | 2 | 8 | 6 | 3 | 9 | 5 |
| 6 | 5 | 8 | 7 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 |

### सुडोकू -125

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | 3 | | | 4 |
| | 2 | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 6 | | | 4 | | | 9 | |
| | 3 | | | | 5 | 7 | | |
| | | 7 | | | | 2 | | |
| 6 | | 4 | 8 | | | | 5 | |
| | 7 | | | 5 | | | 8 | |
| 5 | | | 2 | | | | 3 | |
| | 4 | | | 1 | | 6 | | |



हमें कभी ऐसा नहीं लगा कि हम कुछ रन कम रह गए हैं। हमने कुछ शानदार कैच पकड़े, बेहतरीन क्षेत्ररक्षण से रन बचाए। हमने 175 रनों को 190 रनों जैसा महसूस कराया, जो कि आप कर सकते हैं।
–दिनेश कार्तिक, बेंगलुरु के बल्लेबाजी कोच


# स्टेडियम

कानपुर, सोमवार, 20 अप्रैल 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


**IPL 2026**

## आज के मुकाबले

गुजरात टाइटंस
बनाम
मुंबई इंडियंस

**समय** - शाम 7:30 बजे

## ऑरेंज कैप





- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद–283 रन
- शुभमन गिल गुजरात–251 रन
- विराट कोहली बेंगलुरु–247 रन

## पर्पल कैप





- अंशुल कंबोज चेन्नई – 13 विकेट
- प्रसिद्ध कृष्णा गुजरात – 11 विकेट
- भुवनेश्वर कुमार बेंगलुरु– 10 विकेट

# प्रियांश व कोनोली की तूफानी पारियों से पंजाब ने बनाया सत्र का सर्वोच्च स्कोर

## आईपीएल-2026 : लखनऊ सुपर जाएंट्स को दिया 255 रनों का लक्ष्य

**मुल्लांपुर, एजेंसी**

वैभव सूर्यवंशी के साथ देश की सबसे रोमांचक टी20 बल्लेबाजी प्रतिभाओं से एक सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य की 37 गेंद में 93 रन की अर्धशतकीय पारी और कूपर कोनोली (87 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 182 रन की साझेदारी से पंजाब किंग्स ने रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) के खिलाफ सात विकेट पर 254 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।

दिल्ली के 24 साल के खिलाड़ी प्रियांश ने अपनी पारी के दौरान नौ छक्के और चार चौके लगाए जबकि ऑस्ट्रेलिया के कोनोली की 46 गेंद की पारी में आठ चौके और सात छक्के जड़े थे। इन दोनों के बीच 80 गेंद की साझेदारी में 16 छक्के (नौ प्रियांश ने लगाए) और 12 चौके जड़े थे। मार्कस स्टोइनिस ने पारी की अंतिम गेंद पर रन आउट होने से पहले 29 रन का योगदान दिया। पावरप्ले में एक विकेट पर 63 रन का स्कोर अच्छा था, लेकिन सातवें से 11वें ओवर के बीच का मध्य चरण और भी बेहतर रहा जिसमें 66 रन बने।

मजबूत कद-काठी वाले बाएं हाथ के बल्लेबाज प्रियांश काफी कम फुटवर्क के बस एक जगह खड़े होकर पूरी ताकत और बल्ले की पूरी गति से शॉट लगाते रहे जिससे गेंदें तेजी से बाउंड्री के पार जाती रहीं। उन्होंने फुल लेंथ गेंदों को सीधे या एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से मारा। छोटी और वाइड गेंदों को उन्होंने कट या रैंप शॉट से खेला जबकि कंधे की ऊंचाई पर आई बाउंसर गेंदों को उन्होंने बिना चेहरे पर कोई भाव लाए, पुल या हुक शॉट से बाउंड्री के पार भेज दिया। प्रियांश ने गौतम गंभीर के बचपन के कोच संजय भारद्वाज से भी क्रिकेट की बारीकियां सीखी हैं।

वहीं कोनोली का अंदाज बिल्कुल अलग था। एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से उनके ऊंचे छक्के और फ्रंट-फुट पर आकर डीप मिड-विकेट स्टैंड में लगाए गए पुल-शॉट देखकर उनकी फ्रेंचाइजी के कोच रिकी पोंटिंग को भी उन पर गर्व हुआ होगा। दोनों की बल्लेबाजी शैली एक-दूसरे से बिल्कुल अलग थी। प्रियांश ने अपना अर्धशतक सिर्फ 19 गेंदों में पूरा किया जबकि अगले 43 रन बनाने के लिए उन्होंने 18 गेंदें लीं।

दूसरी ओर कोनोली ने थोड़ा समय लिया, उन्होंने 35 गेंदों में अपने 50 रन पूरे किया, लेकिन अगले 37 रन सिर्फ 12 गेंदों में बना दिए।

दिल्ली का यह युवा खिलाड़ी तब भी बिल्कुल भी विचलित नहीं हुआ, जब उसका पारी की शुरुआत करने वाला जोड़ीदार प्रभसिमरन सिंह मोहम्मद शमी की एक आउटस्विंगर गेंद पर किनारा लगने से अपनी पहली ही गेंद पर आउट हो गया।

एलएसजी के कप्तान ऋषभ पंत को निश्चित रूप से इस बात का पछतावा होगा कि जब पारी की शुरुआत में ही बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहसिन खान ने कोनोली को एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया था तो उन्होंने डीआरएस का इस्तेमाल क्यों नहीं किया। रिप्ले से यह साफ हो गया कि अगर डीरआरएस लिया जाता तो टीवी अंपायर कोनोली को आउट करार दे देते। इसके बाद मोहसिन का आत्मविश्वास डगमगा गया और उन्होंने अपने तीसरे ओवर में 20 रन लुटा दिए जिससे मैच की पूरी लय एलएसजी के हाथों से निकल गई। उनके लिए एकमात्र राहत की बात प्रिंस यादव (चार ओवर में 25 रन देकर दो विकेट) रहे।

कोनोली और प्रियांश दोनों ही बहुत कम समय के अंतराल पर आउट हो गए। हालांकि उस समय दोनों का शतक लगाना आसान लग रहा था। यह भारतीय युवा खिलाड़ी अपना 10वां छक्का लगाने की कोशिश कर रहा था, लेकिन मिचेल मार्श ने बाउंड्री लाइन पर उसे कैच कर लिया। एलएसजी के मालिक संजीव गोयनका राहत की सांसा लेते हुए नज़र आए। वहीं दूसरी ओर प्रियांश और कोनोली की जोड़ी ने जो नुकसान पहले ही कर दिया था, उसकी भरपाई करना अब नामुमकिन सा लग रहा था।



अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते प्रियांश आर्य। एजेंसी

### पंजाब किंग्स

**254/7** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| प्रियांश आर्य का मार्श बो सिद्धार्थ | 93 |
| प्रभसिमरन सिंह का मार्श बो शमी | 00 |
| कूपर कोनोली का सिद्धार्थ बो प्रिंस | 87 |
| श्रेयस अय्यर का शमी बो मोहसिन | 05 |
| मार्कस स्टोइनिस रन आउट | 29 |
| नेहाल वढेरा का पूरन बो सिद्धार्थ | 13 |
| शशांक सिंह का मारक्रम बो प्रिंस | 17 |
| मार्को यानसेन नाबाद | 01 |

**अतिरिक्त** : 09, **विकेट पतन** : 1-3, 2-185, 3-187, 4-193, 5-208, 6-252, 7-254

**गेंदबाजी** : शमी 4-0-56-1, मोहसिन 4-0-43-1, प्रिंस 4-0-25-2, बडोनी 1-0-14-0, आवेश 3-0-46-0, सिद्धार्थ 3-0-35-2, मारक्रम 1-0-32-0

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पंजाब किंग्स | 5 | 4 | 0 | 1 | 9 | 1.067 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 6 | 4 | 2 | 0 | 8 | 1.171 |
| 3. | राजस्थान रॉयल्स | 6 | 4 | 2 | 0 | 8 | 0.599 |
| 4. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 6 | 3 | 3 | 0 | 6 | 0.566 |
| 5. | दिल्ली कैपिटल्स | 5 | 3 | 2 | 0 | 6 | 0.310 |
| 6. | गुजरात टाइटंस | 5 | 3 | 2 | 0 | 6 | 0.018 |
| 7. | चेन्नई सुपर किंग्स | 6 | 2 | 4 | 0 | 4 | -0.780 |
| 8. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 5 | 2 | 3 | 0 | 4 | -0.804 |
| 9. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 7 | 1 | 5 | 1 | 3 | -0.879 |
| 10. | मुंबई इंडियंस | 5 | 1 | 4 | 0 | 2 | -1.076 |

## मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर का अनुबंध एक साल और बढ़ाया गया

**नई दिल्ली, एजेंसी**



अजीत अगरकर सीनियर चयन समिति के अध्यक्ष बने रहेंगे क्योंकि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने 2027 एकदिवसीय विश्व कप को ध्यान में रखते हुए उन्हें एक और साल का अनुबंध देने का फैसला किया है। अगरकर की अध्यक्षता में अक्टूबर 2023 से मार्च 2026 के बीच चुनी गई भारतीय टीम चार आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची और इसमें से तीन में टीम ने खिताब जीता। भारत इस दौरान दो टी20 विश्व कप और एक बार आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने में सफल रहा और यह पहले से ही लगभग तय था कि उनका अनुबंध चौथे साल के लिए बढ़ाया जाएगा। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ सूत्र ने पीटीआई को बताया अगरकर ने सेवा विस्तार नहीं मांगा था। एक चयनकर्ता जूनियर या सीनियर चयन समिति में चार साल तक और दोनों समितियों में मिलाकर कुल पांच साल तक काम कर सकता है इसलिए अजीत को नया अनुबंध दिया गया है, उसमें विस्तार नहीं किया गया। अगरकर के करीबी सूत्रों ने हमेशा यही कहा कि वह खुद अनुबंध बढ़वाने की मांग करने की जगह फैसला करने वालों को अपनी समिति के प्रदर्शन का आकलन करने देना अधिक पसंद करते हैं। पचास ओवर के विश्व कप से पहले निरंतरता बनाए रखना बोर्ड के इस फैसले के पीछे के मुख्य कारणों में से एक है। अपने कार्यकाल के दौरान समिति ने कई कड़े फैसले किए हैं जिनमें विराट कोहली और रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की प्रक्रिया को देखना और सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को धीरे-धीरे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर करना शामिल है। समिति ने एक साहसिक चयन फैसला भी लिया जिसमें टेस्ट और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय कप्तान शुभमन गिल को टी20 विश्व कप टीम से बाहर कर दिया गया और उनकी जगह फॉर्म में चल रहे खिलाड़ी इशान किशन को टीम में शामिल किया गया।

## हाईलाइट

### द, अफ्रीका को 2-0 की बढ़त, भारतीय महिलाएं फिर हारीं

**डरबन।** क्लो ट्रायोन (22 रन पर तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के कमाल के बाद कप्तान लौरा वोल्वार्ट (54) और सुने लुस (57) की अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 106 रन की साझेदारी के बूते दक्षिण अफ्रीका ने पांच मैचों की सीरीज के दूसरे महिला टी20 अंतर्राष्ट्रीय में रविवार को यहां भारत को 17 गेंद शेष रहते आठ विकेट से हराया। सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के आक्रामक 57 रन के बावजूद भारतीय टीम 147 रन पर आउट हो गई। दक्षिण अफ्रीका ने 17 .1 ओवर में दो विकेट के नुकसान पर 148 रन बनाकर सीरीज में 2-0 की बढ़त कायम कर ली। वोल्वार्ट ने 34 गेंदों की पारी में सात चौके और एक छक्का, जबकि लुस ने 46 गेंदों की पारी में छह चौके और एक छक्का जड़ा। दोनों ने महज 73 गेंदों में 106 रन की साझेदारी कर टीम की एकतरफा जीत सुनिश्चित की। भारतीय क्षेत्ररक्षण काफी खराब रहा और टीम ने कई आसान कैच टपकाए।

### सीएसके को झटका म्हात्रे का मौजूद सत्र में खेलना संदिग्ध

**हैदराबाद।** युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे का चोटिल होने के कारण आईपीएल के मौजूदा सत्र में आगे खेलना संदिग्ध है जो चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए करारा झटका है। सीएसके के सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान 18 वर्षीय म्हात्रे की हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया था। इस मैच में इंपैक्ट प्लेयर के रूप में खेलने वाले म्हात्रे काफी असहज नजर आ रहे थे और उसके बाद वह लंबे समय तक क्रीज पर नहीं टिक पाए। सीएसके के बल्लेबाजी कोच माइक हसी ने मैच के बाद पत्रकारों से कहा, उसकी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया है। अभी मुझे नहीं पता कि चोट कितनी गंभीर है। हम कल या परसों उसका स्कैन करवाएंगे।

# मुंबई को एक और झटका देना चाहेगा गुजरात

**अहमदाबाद, एजेंसी**

पिछले तीन मैच में जीत हासिल करके आत्मविश्वास से भारी गुजरात टाइटंस की टीम सोमवार को यहां होने वाले आईपीएल के मैच में लगातार हार से दबाव में चल रही मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपनी जीत का सिलसिला जारी रखने की कोशिश करेगी। पिछले कुछ सप्ताह में इन दोनों टीमों का प्रदर्शन बिल्कुल विपरीत रहा है।

गुजरात टाइटंस ने अपने अभियान की शुरुआत लगातार दो हार के साथ की थी, लेकिन उसके बाद उसने लगातार तीन मैच जीत कर लय हासिल कर ली है और वह तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई है। गुजरात टाइटंस ने अपनी समस्याओं के बावजूद जीत हासिल करने के तरीके खोज लिए हैं। उसकी बल्लेबाजी अभी भी शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर काफी हद तक निर्भर है, जिसमें कप्तान शुभमन गिल, साई सुदर्शन और जोस बटलर ही अधिकतर रन बनाने का जिम्मा संभालते हैं। ग्लेन फिलिप्स, वाशिंगटन सुंदर और राहुल तेवतिया जैसे मध्यक्रम के बल्लेबाज अभी तक विश्वसनीय प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। गेंदबाजी की बात करें तो गुजरात के गेंदबाजों ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है। मोहम्मद सिराज और कागिसो रबाडा कई बार महंगे साबित हुए हैं, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा और राशिद खान का प्रदर्शन उतार-चढ़ाव वाला रहा है।



अभ्यास सत्र के दौरान गुजरात जाइंट्स के प्रसिद्ध कृष्णा। एजेंसी

### लगातार हार से दबाव में मुंबई इंडियंस

मुंबई ने अपने पहले मैच में जीत के साथ शुरुआत की, लेकिन उसके बाद से उसका प्रदर्शन खराब होता चला गया है। उसे लगातार चार हार का सामना करना पड़ा है और उनकी हार का अंतर बहुत बड़ा रहा है, जिससे वह नौवें स्थान पर खिसक गया है। पांच बार की चैंपियन टीम मुंबई पर खराब प्रदर्शन के कारण काफी दबाव है और उसे अगर अपनी उम्मीदों को जीवंत रखना है तो अब हर हाल में जीत हासिल करनी होगी। उसकी टीम पावरप्ले में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई है। इसके अलावा मध्यक्रम के बल्लेबाजों के अनियमित प्रदर्शन और गेंदबाजी आक्रमण में धार की कमी ने उसे बुरी तरह प्रभावित किया है। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा मुंबई इंडियंस के मध्यक्रम के मुख्य आधार रहे हैं लेकिन यह दोनों ही अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।

### टीम

**गुजरात टाइटंस :** शुभमन गिल (कप्तान), अनुज रावत, जोस बटलर, कुमार कुशाग्र, ग्लेन फिलिप्स, राशिद खान, मानव सुथार, निशांत सिंधु, राहुल तेवतिया, वॉशिंगटन सुंदर, गुरनूर बराड़, अरशद खान, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, कगिसो रबाडा, आर साई किशोर, इशांत शर्मा, अशोक शर्मा, जेसन होल्डर, टॉम बैंटन, ल्यूक वुड, साई सुदर्शन, एम शाहरुख खान, जयंत यादव, कुलवंत खेजरोलिया।

**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), क्विंटन डीकॉक (विकेटकीपर), दानिश मालेवार, रॉबिन मिंज (विकेटकीपर), रयान रिकेलटन (विकेटकीपर), शेरफेन रदरफोर्ड, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, अथर्व अंकोलेकर, राज बावा, कॉर्बिन बॉश, विल जैक्स, मयंक रावत, नमन धीर, मिचेल सेंटनर, शार्दुल ठाकुर, अश्विनी कुमार, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर, एएम गजनफर, मयंक मार्कंडेय, मो. इज़हार, रघु शर्मा।

# नाइट राइडर्स ने राजस्थान रॉयल्स को हराकर खोला जीत का खाता



जुझारू पारी के दौरान शॉट लगाते रिंकू सिंह।

**कोलकाता, एजेंसी**

वरुण चक्रवर्ती और सुनील नारायण की फिरकी के जादू के बाद रिंकू सिंह के जुझारू अर्धशतक से कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में रविवार को यहां विषम परिस्थितियों से उबरते हुए राजस्थान रॉयल्स चार विकेट से हराकर मौजूदा सत्र में जीत का खाता खोला।

रॉयल्स के 156 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नाइट राइडर्स की टीम 14वें ओवर में 85 रन पर छह विकेट गंवाने के बाद संकट में थी लेकिन रिंकू (नाबाद 53 रन, 34 गेंद, पांच चौके, दो छक्के) और अनकूल रॉय (नाबाद 29, 16 गेंद, दो छक्के, एक चौका) के बीच सातवें विकेट की 37 गेंद में 76 रन की अटूट साझेदारी की बदौलत 19.4 ओवर में छह विकेट पर 161 रन बनाकर जीत दर्ज करने में सफल रही।

सात मैच में पहली जीत दर्ज करने के बाद नाइट राइडर्स की टीम तीन अंक के साथ 10 टीम की तालिका में नौवें स्थान पर पहुंच गई है। लगातार दूसरी हार के बाद रॉयल्स की टीम छह मैच में आठ अंक के तीसरे स्थान पर है। सलामी बल्लेबाजों वैभव सूर्यवंशी (46 रन, 28 गेंद, छह चौके, दो छक्के) और यशस्वी जायसवाल (39 रन, 29 गेंद, चार चौके, दो छक्के) के बीच पहले विकेट के लिए 8.4 ओवर में 81 रन की साझेदारी के बावजूद रॉयल्स की टीम नौ विकेट पर 155 रन ही बना सकी।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे नाइट राइडर्स की शुरुआत खराब रही और टीम ने दूसरे ओवर में पांच रन के स्कोर तक ही दोनों सलामी बल्लेबाजों टिम सीफर्ट और कप्तान अजिंक्य रहाणे के विकेट गंवा दिए जो खाता खोलने में भी नाकाम रहे। जोफ्रा आर्चर ने पारी की पहली ही गेंद पर सीफर्ट को बोल्ड किया जबकि अगले ओवर में नांद्रे बर्गर ने रहाणे को विकेटकीपर ध्रुव जुरेल के हाथों कैच कराया।

### राजस्थान रॉयल्स

**155/9** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| यशस्वी जायसवाल का रहाणे बो नारायण | 39 |
| वैभव सूर्यवंशी का रमनदीप बो चक्रवर्ती | 46 |
| ध्रुव जुरेल स्टं सीफर्ट बो चक्रवर्ती | 05 |
| रियान पराग बो चक्रवर्ती | 12 |
| शिमरोन हेटमायर का रघुवंशी बो त्यागी | 15 |
| डोनोवन फरेरा कैच एवं बो नारायण | 07 |
| रविंद्र जडेजा का ग्रीन बो त्यागी | 09 |
| जोफ्रा आर्चर रन आउट | 08 |
| रवि बिश्नोई का सीफर्ट को त्यागी | 00 |
| ब्रिजेश शर्मा नाबाद | 01 |

**अतिरिक्त** : 13, **विकेट पतन** : 1-81, 2-97, 3-99, 4-117, 5-124, 6-144, 7-146, 8-146, 9-155

**गेंदबाजी** : अरोड़ा 4-0-37-0, त्यागी 4-0-22-3, ग्रीन 2-0-27-0, नारायण 4-0-26-2, चक्रवर्ती 4-0-14-3, रमनदीप 2-0-26-0

### कोलकाता नाइट राइडर्स

**161/6** (19. 4 ओवर)

| | |
|---|---|
| टिम सीफर्ट बो आर्चर | 00 |
| अजिंक्य रहाणे का जुरेल बो बर्गर | 00 |
| अंगकृष रघुवंशी पगबधा बो जडेजा | 10 |
| कैमरन ग्रीन स्टं जुरेल बो बिश्नोई | 27 |
| रोवमैन पावेल का फरेरा बो जडेजा | 23 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 53 |
| रमनदीप सिंह बो यश | 10 |
| अनुकूल रॉय नाबाद | 29 |

**अतिरिक्त** : 09, **विकेट पतन** : 1-0, 2-5, 3-37, 4-52, 5-70, 6-85

**गेंदबाजी** : आर्चर 4-0-35-1, बर्गर 2-0-20-1, बिश्नोई 4-0-41-1, यश 4-0-25-1, जडेजा 3-0-8-2, ब्रिजेश 1.4-0-21-0

**53** रनों की नाबाद पारी रिंकू सिंह ने 34 गेंदों पर खेली, जिसमें पांच चौके और दो छक्के शामिल हैं

## सफलता

पेनाल्टी शूटआउट तक खिंचे फाइनल में एटलेटिको को 4-3 से हराया

# रियल सोसिडाड ने कोपा डेल रे का खिताब जीता

**सेविले (स्पेन), एजेंसी**

रियल सोसिडाड ने पेनल्टी शूटआउट में एटलेटिको मैड्रिड को हराकर कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। फाइनल मैच अतिरिक्त समय के बाद 2-2 से बराबरी पर था जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया।

सोसिडाड के गोलकीपर उनाई मैरेरो ने अलेक्जेंडर सोरलॉथ और जूलियन अल्वारेज़ के शॉट को बचाया। इसके बाद पाब्लो मारिन ने अंतिम किक को गोल में बदला जिससे सोसिडाड ने शूटआउट में 4-3 से जीत हासिल की। अमेरिका के पेलेग्रिनो माटाराज़ो के सोसिडाड का कोच बनने के बाद स्पेन के क्लब की यह पहली जीत है। माटाराजो ने कहा यह अविश्वसनीय सफर रहा है।



खिताब के साथ जश्न मनाते रियल सोसिडाड के खिलाड़ी।

### एशियाई चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में विसेल कोबे से टकराएगा अल अहली

**जेद्दा।** सऊदी अरब का क्लब अल अहली चैंपियंस लीग एलीट फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में सोमवार को जापान के विसेल कोबे से भिड़ेगा। एशिया के इस प्रमुख क्लब फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल में जापान की माचिदा ज़ेलविया का मुकाबला संयुक्त अरब अमीरात के शबाब अल अहली से होगा। पिछले साल मई में पहली बार खिताब जीतने वाले अल अहली ने क्वार्टर फाइनल में यहां मलेशिया के जोहोर दारुल ताज़िम को 2-1 से हराया। जेद्दा टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण की मेजबानी कर रहा है। अली मजराशी ने 19वें मिनट में आत्मघाती गोल किया जिससे जोहोर को बढ़त मिल गई। अल अहली के इस डिफेंडर को जल्द ही लाल कार्ड दिखाया गया।

### मेसी के दो गोल से इंटर मियामी ने रैपिड्स को हराया

**कॉमर्स सिटी (अमेरिका)।** लियोनेल मेसी ने विश्व कप से पहले अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए इंटर मियामी की तरफ से एमएलएस फुटबॉल टूर्नामेंट में कोलोराडो रैपिड्स के खिलाफ दो गोल किए जिससे उनकी टीम ने यह मैच 3-2 से जीतकर अपना अजेय अभियान सात मैच तक पहुंचा दिया। इंटर मियामी की गुइलेर्मो होयोस के अंतरिम कोच बनने के बाद यह पहली जीत थी। मेसी ने 13वें मिनट में पेनल्टी किक को गोल में बदलकर स्कोरिंग की शुरुआत की और 79वें मिनट में निर्णायक गोल दागा। इंटर मियामी की तरफ से एक अन्य गोल जर्मन बर्तेरामे ने किया।